मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के विरोध में विपक्षी दलों और विशेष रूप से कांग्रेस की आक्रामकता जिस तरह बढ़ती जा रही है और उसने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सड़कों पर उतरने का जो फैसला किया, उससे इस प्रक्रिया को लेकर विवाद ही बढ़ रहा है। इसके कारण कुछ लोगों के मन में संशय भी पैदा हो रहा है। वह किसी के भी हित में नहीं, क्योंकि निष्पक्ष चुनावों के लिए मतदाता सूचियों का सही होना जरूरी है। यह एक तथ्य है कि मतदाता सूचियों को शुद्ध करने और खासकर उनसे फर्जी-अपात्र वोटरों को बाहर करने की मांग कांग्रेस समेत सभी दल करते रहे हैं। यह प्रक्रिया नई भी नहीं हैं। इतना अवश्य है कि चुनाव आयोग की सक्रियता के चलते यह करीब दो दशकों बाद हो रही है। बिहार से शुरू हुई यह प्रक्रिया जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे उसे गलत बताने का विपक्ष का अभियान तेज हो रहा है। वास्तव में इसी इरादे से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे वोट चोरी का नाम दे दिया है। यह तब है, जब सुप्रीम कोर्ट इस प्रक्रिया को आवश्यक मान रहा और उसे आगे बढ़ाने की अनुमति भी दे रहा है।

सुप्रीम कोर्ट लंबे समय से एसआइआर प्रक्रिया की सुनवाई कर रहा है। अब उसे इसे लेकर अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचना चाहिए और चुनाव आयोग को उन तौर-तरीकों को अपनाने के लिए कहना चाहिए, जिनसे यह प्रक्रिया सुगम तरीके से संपन्न हो सके और किसी पात्र मतदाता को शिकायत का अवसर न मिले। यह सही है कि एसआइआर जैसी व्यापक प्रक्रिया में कुछ न कुछ त्रुटियां होंगी, लेकिन चुनाव आयोग को यह चाहिए कि वह इसे यथासंभव त्रुटिरहित बनाए। इसी के साथ उसे ऐसे भी उपाय करने चाहिए, जिससे यह प्रक्रिया सतत चलती रहे और लोगों के लिए सुविधाजनक भी हो, ताकि हर वैध मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करा सके। उचित यह होगा कि चुनाव आयोग एसआइआर के मामले में लोगों को आवेदन करने या अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए समयसीमा में न बांधे। उसकी ओर से समयसीमा तय कर देने से यह संदेश निकलता है कि यदि किसी कारण किसी का नाम वोटर लिस्ट में शामिल होने से रह गया तो वह मताधिकार से वंचित हो जाएगा। इस आशंका को दूर करना सुप्रीम कोर्ट का भी काम है और चुनाव आयोग का भी। एसआइआर के मामले में यह भी समय की मांग है कि सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग का सहयोग करें। विपक्षी दलों का यह रवैया ठीक नहीं कि वे एसआइआर की छोटी-मोटी कमियों को लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश बताकर लोगों को गुमराह करने का काम करें। आखिर जब सुप्रीम कोर्ट एसआइआर को लेकर की जा रही सभी शिकायतों की सुनवाई कर रहा है, तब फिर चुनाव आयोग के खिलाफ सड़कों पर उतरने का क्या औचित्य?

मरीजों को राहत

झारखंड सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए जन औषधि केंद्रों का विस्तार करने की योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के मेडिकल कालेजों के प्रत्येक भवन के साथ-साथ सदर, अनुमंडल अस्पतालों और सीएचसी में भी जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे, जिससे मरीजों को अस्पताल परिसर में ही सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। खासकर गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए दवाओं का खर्च इलाज की एक बड़ी चिंता होती है। ऐसे में कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिलने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। रिम्स के ट्रामा सेंटर, नेत्र संस्थान और दंत चिकित्सा संस्थान जैसे स्थानों पर भी इन केंद्रों को सुविधा उपलब्ध कराने से मरीजों को दवा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्रों को प्रवेश और निकास के आसपास स्थापित करने से पहुंच भी आसान होगी। हालांकि, इन केंद्रों की स्थापना के साथ दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करना उतना ही जरूरी है। अस्पतालों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टाक रहे और मरीजों को समय पर दवा मिले, इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए। दवा खरीद में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा दर से ही इस पहल का वास्तविक लाभ मरीजों तक पहुंच सकेगा। यह योजना न केवल मरीजों के लिए राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। इस प्रकार, झारखंड सरकार का यह प्रयास स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाता है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सस्ती दवाएं मिल सकेंगी।

दवाओं की उपलब्धता और खरीद प्रक्रिया की हो लगातार निगरानी

असाधारण जनसेवक हैं मोदी



शेरिंग तोबगे

'विकसित भारत' का मतलब विकसित भूटान भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में अपने पड़ोसी देशों को हमेशा प्राथमिकता दी है

मैं 27 जुलाई 2019 को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिला था। दस महीने पहले भूटान के चुनावों में मेरी पार्टी पराजित हो गई थी और संसद में पार्टी का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। मैं न तो प्रधानमंत्री था और न ही सांसद। मैं पीएम मोदी से एक आम नागरिक के तौर पर मिला। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने उनसे कहा कि वे हमेशा मेरे बड़े भाई रहेंगे, सिर्फ इसलिए नहीं कि वे उम्र में बड़े हैं, बल्कि इसलिए भी कि उन्होंने मेरे साथ वैसा ही स्नेह दिखाया, जैसा एक बड़ा भाई अपने छोटे भाई के प्रति दिखाता है। फिर मैंने उनसे एक और बात कही। मैंने उन्हें एक दैवीय अवतार के रूप में देखा। मैंने बताया कि हमारे इलाके में, ज्ञानी और नेक शासकों की लंबे समय से ऐसा ही मान्यता रहा है। मेरी ही बातों ने मुझे हैरान कर दिया। बाद में, मैंने सोचा कि आखिर मैंने ऐसा क्यों कहा? क्या मैं भावनाओं में बह गया था? क्या मैं गलत था? जब मैंने अपनी कही बातों पर विचार किया, तो जवाब स्पष्ट हो गया। पीएम मोदी को अवतार मानना सही था।

मैंने उन्हें लगभग 13 वर्षों तक गुजरात का शासन चलाते देखा था, जब यह राज्य विकास, अवसंरचना, निवेश और योजनाओं के कार्यान्वयन के मामले में देश के लिए एक मिसाल बन गया था। फिर मैंने उन्हें उस महत्वाकांक्षा को पूरे भारत के स्तर पर ले जाते देखा, जिसमें विनिर्माण, विदेशी निवेश, वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, तकनीक और अवसंरचना पर जोर दिया गया। इन सबके मूल में था सेवा और काम को पूरा करने पर लगातार जोर। मैंने उनमें एक अनुशासित, ऊर्जावान और असाधारण रूप से मेहनती जनसेवक को भी देखा। जिस बात ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह थी देशवासियों की सेवा के प्रति उनका अटूट समर्पण। इससे भी जरूरी बात यह है कि उन्होंने भारतीयों में खुद पर और अपने देश पर एक सशक्त विश्वास जगाया। मेरे लिए ये एक ज्ञानी एवं नेक शासक के गुण हैं। भूटान की बौद्ध परंपरा में, हम 'रिगसुम गोनपो' का सम्मान करते हैं, जो सभी जीवों की मुक्ति के लिए समर्पित बोधिसत्वों की एक त्रिमूर्ति है। मंजुश्री ज्ञान की प्रतीक हैं, अवलोकितेश्वर करुणा का और वज्रपाणि साहस का। मेरे लिए ज्ञानी नेतृत्व का मतलब है, निःस्वार्थ सेवा के जरिये इन तीन गुणों-बुद्धिमत्ता, करुणा और साहस का उपयोग करना।

आज मैं इन गुणों का पीएम मोदी के 'विकसित भारत' के विजन में स्पष्ट तौर पर समावेश देखता हूं। बुद्धिमत्ता की शुरुआत बेहतर भविष्य के स्पष्ट विजन से होती है। उन्होंने भारत को एक विजन दिया है, आजादी के ठीक एक सदी बाद 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनना। 'विकसित भारत' के साथ उन्होंने उस विजन को एक नाम, एक समयसीमा और राष्ट्रीय मिशन का स्वरूप दिया है। करुणा की शुरुआत दूसरों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को समझने से होती है। 'विकसित भारत' ठीक यही प्रतिबिंबित करता है। एक मजबूत, समृद्ध और विकसित देश के लिए 1.4 अरब भारतीयों की सामूहिक महत्वाकांक्षा। 'सबका साथ, सबका विकास' उस आकांक्षा को दर्शाता है। मानव संसाधन बनाना, निवेश आकर्षित करना, अवसंरचना को आधुनिक बनाना और सबसे बढ़कर शासन को बेहतर बनाना। इन सबके लिए साहसिक फैसले लेने और लगातार काम करने की जरूरत होती है। विजन बनाना आसान है, किंतु बदलाव लाना नहीं। निःस्वार्थ सेवा इन गुणों को एक साथ जोड़ती है। 'विकसित भारत' किसी एक नेता या चुनावी चक्र के बारे में नहीं है। यह इस पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों के बारे में है। 'सबका प्रयास' के जरिये पीएम मोदी ने हर भारतीय से न सिर्फ इस मिशन का समर्थन करने, बल्कि इसे संभव बनाने में भाग लेने का आह्वान भी किया है।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात के दौरान शेरिंग तोबगे। फाइल

देखा जाए तो 'विकसित भारत' का महत्व भारत से भी परे है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में अपने पड़ोसी देशों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने बायस आफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित करके और अफ्रीकी यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की सफल कोशिश का नेतृत्व करके 'वैश्विक दक्षिण' के हितों को सामने रखा है। विकसित भारत का मतलब विकसित भूटान भी है। जून 2014 में प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर पीएम मोदी ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भूटान को चुना। उस समय मैं प्रधानमंत्री था और मुझे उनका स्वागत करने का सौभाग्य मिला। उस यात्रा के दौरान, उन्होंने हमारे रिश्तों को कुछ शब्दों में समेटा। बीफारबीः भारत भूटान के लिए, भूटान भारत के लिए। यह बात सुनने में सरल है, लेकिन इसका अर्थ बहुत गहरा है। इन वर्षों में उन्होंने इसे सच करके दिखाया है। यही कारण है कि हमारी 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत की मदद से मेरी पहली सरकार एक बड़े विकास कार्यक्रम को पूरा कर पाई। पीएम मोदी ने हमारी 12वीं योजना के दौरान भी इस उदार साझेदारी को बनाए रखा। जब मैं 2024 में दोबारा सत्ता में आया, तो उन्होंने हमारी 13वीं योजना के लिए भारत की मदद को दोगुना करके 10,000 करोड़ रुपये कर दिया।

भारतीय कारोबारियों ने पीएम मोदी के स्पष्ट समर्थन से प्रेरणा ली है। टाटा पावर, अदाणी समूह, जेएसडब्ल्यू एनर्जी और अन्य कंपनियां भूटान के आर्थिक बदलाव में निवेश कर रही हैं, जबकि भारत के बड़े कारोबारी हमारी एक महत्वाकांक्षी परियोजना गेलेफू माईंडफुलनेस सिटी यानी जीएमसी में संस्थापक सदस्य के तौर पर शामिल हुए हैं। इसलिए, जब महामहिम राजा ने भूटान के लिए पीएम मोदी के असाधारण योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर आफ ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया, तो सभी भूटानी बहुत खुश हुए। यह सम्मान पाने वाले वे पहले और एकमात्र विदेशी राजनेता हैं। मेरे लिए उनका प्रभाव बहुत व्यक्तिगत भी रहा है। मैं लंबे समय से पीएम मोदी को बड़े भाई की तरह मानता रहा हूं और इन वर्षों में उन्हें एक मार्गदर्शक के रूप में देखा है। मैंने पांच साल पहले उन्हें जिस अवतार की संकल्पना में देखा था तो मैं उसे लेकर एकदम सही था।

(लेखक भूटान के प्रधानमंत्री हैं)

response@jagran.com

आतंक की अनदेखी करने वाला मौन

आतंकवाद से लड़ना केवल इसलिए कठिन नहीं है कि इसका ठिकाना नहीं कि कौन कब अतिवादी-जिहादी विचारों से भर जाए। ऐसे लोगों का किसी आतंकी संगठन से जुड़ना जरूरी नहीं। वे कट्टरपंथी विचारों से कुप्रेरित होकर अकेले ही आतंकी घटना को अंजाम दे सकते हैं। कई देशों में ऐसी घटनाएं होती भी रहती हैं, जिन्हें 'लोन वुल्फ' कहे जाने वाले आतंकी अंजाम देते हैं। वे कभी किसी सार्वजनिक स्थल पर बम विस्फोट कर देते हैं या भीड़ पर ट्रक चढ़ा देते हैं अथवा लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा देते हैं। हाल में ऐसी एक घटना आस्ट्रेलिया में हुई थी। लोन वुल्फ या किसी संगठन से जुड़े आतंकियों में डाक्टरों, इंजीनियरों और पायलटों तक की भी गिनती होने लगी है। दिल्ली में लाल किला बम विस्फोट डाक्टरों के एक आतंकी समूह का कारनामा था। इस कार विस्फोट को एक आत्मघाती आतंकी ने अंजाम दिया था। फ्लाइट्दुबई का ओमानी मूल का को-पायलट हमाम अल-हम्मामी भी आतंकी निकला। वह उन अलकायदा आतंकियों से कुप्रेरित जान पड़ता है, जिन्होंने अमेरिका में 9/11 की घटना को अंजाम दिया था।

अभी तक की जांच के आधार पर यही मान जा रहा है कि अल-हम्मामी एक लोन वुल्फ आतंकी है। उसका इरादा भारतीय पायलट स्मित मच्छर को काकपिट में मारकर 174 यात्रियों से भरे विमान को तेल अबीब के हवाईअड्डे पर ध्वस्त करने का था। यह 9/11 सरीखी भीषण आतंकी घटना होती और इसमें हजारों लोग मारे जा सकते थे। कल्पना करें, इसके बाद पश्चिम एशिया के क्या हालात होते? स्मित मच्छर ने अपने अप्रतिम साहस से अल-हम्मामी के शैतानी इरादों को नाकाम कर दिया। वे दुनिया भर के लिए हीरो बन गए हैं। आमतौर पर हर कोई उनकी प्रशंसा कर रहा है, लेकिन हर मामले में साजिश की कहानी गढ़ने वाले कुछ तत्व इस घटना को फाल्स फ्लैग आपरेशन यानी इजरायली प्रधानमंत्री के इशारे पर की गई कार्रवाई बता रहे हैं, ताकि वे चुनावी लाभ उठा सकें। आखिर जिस आतंकी घटना को एक भारतीय पायलट ने नाकाम किया, उसे इजरायली प्रधानमंत्री को चुनावी लाभ कैसे मिल जाएगा? समस्या यह है कि कुतर्क गढ़ने वाले तर्क और तुक की बात सुनना पसंद ही नहीं करते। यह नई आदत नहीं। 9/11 के बारे में भी यही कहा गया था और 26/11 को लेकर भी। याद करें, इस आतंकी हमले पर 'आरएसएस की साजिश' नामक एक किताब लिखी गई थी, जिसका लोकार्पण करने वालों में कांग्रेस नेताओं के साथ फिल्मकार महेश भट्ट भी थे। पहलगाम हमले को लेकर भी पाकिस्तानियों ने यह दुष्प्रचार किया था कि यह उन्हें बदनाम करने के लिए भारत का फाल्स फ्लैग आपरेशन था। ऐसे तत्व केवल आतंकवाद का बचाव ही नहीं कर रहे होते, बल्कि उससे लड़ाई में बाधक भी बन रहे होते हैं। वे कई बार आतंकियों को पीड़ितों का रहनुमा बताकर उनका गुणगान करने में भी संकोच नहीं करते।

आतंकवाद से लड़ना इसलिए भी कठिन हो गया है, क्योंकि कुछ लोग आतंकियों की हरकतों और उनसे लड़ने वालों पर मौन रहना पसंद करते हैं। इस तरह वे आतंकियों से हमदर्दी रखने वालों को बल प्रदान करते हैं। ऐसे लोग दुनिया में हर कहीं हैं और दुर्भाग्य से भारत में भी। अब यह कोई दबी-छिपी बात नहीं कि विपक्ष के अनेक कथित सेक्युलर नेताओं ने स्मित मच्छर की बहादुरी की तारीफ में एक शब्द भी कहने की जरूरत नहीं समझी। यद्यपि उनके मौन पर सवाल उठे, फिर भी वे चुप ही रहे। इसके कारणों को समझना कठिन नहीं। इसका कारण है मुस्लिम वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति। मुस्लिम समाज का एक हिस्सा इजरायल को शत्रु ही नहीं मानता, वह उसकी तबाही की कामना भी करता है। इसके लिए वह हमास जैसे संगठनों की तारीफ करने में भी संकोच नहीं करता।

तीन साल पहले हमास आतंकियों ने इजरायल में भीषण आतंकी हमला कर करीब 12 सौ लोगों को मार दिया था और कुछ लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ गाजा ले आए थे। इस आतंकी हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा में कठोर सैन्य कार्रवाई की। इसमें हजारों लोगों की जान गई। इससे मुस्लिम जगत में इजरायल के खिलाफ गुस्सा और बढ़ा। इसी दौरान केरलम में एक रैली में हमास नेता खालिद मशाल का वर्चुअल भाषण कराया गया। इस रैली का आयोजन जमात-ए-इस्लामी हिंद की युवा शाखा ने किया था। रैली फलस्तीनी लोगों का समर्थन करने के नाम पर बुलाई गई थी, लेकिन उसमें हमास नेता का भाषण कराना जरूरी समझा गया। इस रैली में 'बुलडोजर हिंदुत्व और रंगभेदी यहूदीवाद को उखाड़ फेंकने' के नारे भी लगाए गए थे। कहीं ऐसा तो नहीं कि ऐसे ही लोगों की भावनाओं को दुख पहुंचने की आशंका के चलते ही तमाम विपक्षी नेता स्मित मच्छर की बहादुरी को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं? ऐसे मामलों में मौन धारण करके एक तरह से समस्त मुस्लिम समाज की छवि को मलिन करने का भी काम किया जाता है और उसके बीच की उन आवाजों को दबाया जाता है, जो सही को सही और गलत को गलत कहना पसंद करते हैं। यदि असदुद्दीन ओवैसी स्मित मच्छर की तारीफ कर सकते हैं तो विपक्षी दलों के अन्य नेता क्यों हिचक रहे हैं?

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com




आतंकी घटना टालने वाले स्मित मच्छर पर चुप रहने वाले भी आतंक से लड़ाई में बाधक हैं

राजीव सचान



सवालों में स्मित मच्छर की प्रशंसा से बचने वाले। फाइल



ऊर्जा

नैतिक द्वंद्व

मानव जीवन केवल विकल्पों के चयन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह निरंतर मूल्य-संघर्षों के बीच अपने लिए उचित मार्ग निर्धारित करने की यात्रा भी है। जीवन में अनेक ऐसे क्षण आते हैं, जब मनुष्य के सम्मुख एक से अधिक विकल्प उपस्थित होते हैं। ऐसी स्थिति में कठिनाई केवल यह तय करने की नहीं होती कि क्या किया जाए, बल्कि यह समझने की होती है कि क्या किया जाना चाहिए। जब स्वार्थ और कर्तव्य, भावना और विवेक, संबंध और न्याय अथवा तात्कालिक सुख और व्यापक कल्याण एक-दूसरे के सम्मुख खड़े हो जाते हैं, तब व्यक्ति जिस आंतरिक संघर्ष से गुजरता है, वही नैतिक द्वंद्व का मूल स्वरूप है।

गीता का आरंभ ही ऐसी गहन नैतिक दुविधा से होता है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन के सामने केवल युद्ध का प्रश्न नहीं था, उनके समक्ष अपने अस्तित्व, संबंधों, कर्तव्य और नैतिक विश्वासों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की भी चुनौती थी। अर्जुन का विषाद वस्तुतः उस मनुष्य की मनःस्थिति का प्रतीक है, जो किसी कठिन निर्णय के क्षण में अपने भीतर के अनेक मूल्यों को परस्पर संघर्षरत पाता है। तब भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को बोध कराते हैं कि निर्णय का आधार केवल मोह, भय, आसक्ति अथवा व्यक्तिगत लाभ नहीं हो सकता। विवेकपूर्ण निर्णय वह है, जिसमें व्यक्ति अपने उत्तरदायित्व और व्यापक नैतिक संदर्भ को समझते हुए कर्म का निर्धारण करे। गीता का कर्म-दर्शन नैतिक द्वंद्व के समाधान के लिए विवेक, आत्मसंयम, समत्व और निष्काम कर्म को आधार प्रदान करता है। निष्कामता का आशय परिणामों के प्रति उदासीन होना नहीं, बल्कि अपने निर्णय को निजी लोभ, भय, अहंकार और प्रशंसा की आकांक्षा से मुक्त करना है। परिणामों की संभावनाओं पर विचार करना चाहिए, किंतु परिणाम की अनिश्चितता को अपने कर्तव्य से विमुख होने का कारण नहीं बनने देना चाहिए।

डा. प्रशांत अग्निहोत्री

'अर्थ ओवरशूट डे' की घटती अवधि चिंताजनक

डा. सुधीर कुमार

मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का बड़ी तेजी से दोहन किया जा रहा है

'अर्थ ओवरशूट डे' सिद्धांत का प्रतिपादन सर्वप्रथम ब्रिटेन की 'न्यू इकोनामिक्स फाउंडेशन' में कार्यरत एंड्रयू सिम्स ने 2006 में किया था। उनके अनुसार, पृथ्वी एक साल में जितने संसाधनों का उत्पादन करती है, दुनियाभर की आबादी उन संसाधनों का उपभोग वर्ष पूरा होने से पहले जिस दिन तक कर लेती है, उस अनुमानित तिथि को 'अर्थ ओवरशूट डे' कहा जाता है। यह पृथ्वी की जैव-क्षमता और मानवता के पारिस्थितिक-पदचिह्न के बीच अंतर को दर्शाता है।

ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क के अनुसार, 2026 में 'अर्थ ओवरशूट डे' की तिथि 30 जुलाई थी। अर्थात मानवता, पृथ्वी द्वारा उपलब्ध कराए गए प्राकृतिक संसाधनों और सेवाओं के वार्षिक बजट का उपभोग इस वर्ष के 211वें दिन में ही पूरा कर लिया था। शेष 154 दिनों तक वह संसाधन के जिस हिस्से का उपभोग कर रहा है, वह प्रकृति या भावी पीढ़ी से लिया जाने वाला 'उधार' ही है। दरअसल बढ़ती आबादी, संसाधनों के विवेकपूर्ण नियोजन के अभाव, उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रसार और टिकाऊ विकास नीतियों की कमी के कारण 'अर्थ ओवरशूट डे' की तिथि साल-दर-साल पहले की ओर खिसकती रही है। वर्ष 1971 में पूरे वर्ष के लिए उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन जहां 25 दिसंबर तक उपभोग किया जाता था, वहीं अब यह 30 जुलाई यानी वर्ष के सातवें महीने में ही समाप्त हो जाता है। 'अर्थ ओवरशूट डे' की घटती अवधि बताती है कि मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का बड़ी तेजी से दोहन किया जा रहा है। मानवता के समस्त उपभोगों को पूरा करने के लिए आज एक पृथ्वी की नहीं, अपितु 1.73 पृथ्वी की आवश्यकता पड़ेगी।

संसाधनों के क्षरण की यह रफ्तार सतत विकास को बाधित कर सकती है। सबाल यह है कि संसाधनों का आवश्यकता से अधिक उपभोग की प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर हम भावी पीढ़ी के लिए उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का कौन-सा हिस्सा सहेज कर रख पाएंगे? औद्योगिक और आधुनिक विकास के नाम पर आज जिस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय किया जा रहा है, उसके कारण न सिर्फ संसाधनों के स्रोत समाप्त हो रहे हैं, बल्कि प्रदूषण, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, जल संकट, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ आर्थिक विषमता की समस्या भी गहराती जा रही है।

हौंडुरास इस मामले में दुनिया का पथ-प्रदर्शक है, जिसकी 'अर्थ ओवरशूट डे' इस वर्ष 27 नवंबर को है। संसाधन नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण आर्थिक विकास के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

सार्थक विकल्प प्रस्तुत करे विपक्ष

शिवकांत शर्मा का आलेख 'बेहतर विकल्प देने में अक्षम विपक्ष' लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की वास्तविक भूमिका पर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। लोकतंत्र में जनता किसी दल या नेता से स्थायी रूप से बंधे नहीं होती। वह अपने अनुभवों के आधार पर बेहतर शासन की तलाश करती है। इसलिए किसी सरकार से असंतोष होना स्वाभाविक रूप से विपक्ष के पक्ष में समर्थन में परिवर्तित नहीं होता। हर सरकार में नीतिगत कमियां हो सकती हैं, किसी वर्ग में असंतोष हो सकता है और व्यवस्था में प्रक्रियागत खामियां भी हो सकती हैं। विपक्ष का दायित्व इन कमियों को उजागर करना और सरकार को जवाबदेह बनाना है। हालांकि, केवल आलोचना से जनता का विश्वास अर्जित नहीं किया जा सकता। जनता यह भी जानना चाहती है कि विपक्ष सत्ता में आने के बाद इन समस्याओं का समाधान कैसे करेगा? चुनावों में दिए जाने वाले बड़े-बड़े वादों को पूरा करने के लिए संसाधन कहां से आएंगे, बजट पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा और प्रशासनिक स्तर पर उन्हें कैसे लागू किया जाएगा, इन सवालों का ठोस उत्तर भी आवश्यक है। मतदाता अब केवल नारों से प्रभावित नहीं होता। वह विभिन्न राज्यों में सरकारों के वास्तविक कामकाज की तुलना करता है। विपक्ष जिन व्यवस्थागत कमियों को आज रेखांकित कर रहा है, उनमें से अनेक उसके सत्ता में रहने के दौरान भी मौजूद रही हैं। इसलिए उसे यह भी बताना होगा कि उसने अतीत से क्या सीखा और भविष्य के लिए उसकी कार्ययोजना क्या है।

मेलबाक्स

चुनपैठियों को मतदाता सूची से बाहर करने जैसे मुद्दे पर भी केवल राजनीतिक आरोप पर्याप्त नहीं होंगे। जनता संवैधानिक, कानूनी और व्यावहारिक समाधान जानना चाहती है। सत्ता पक्ष से मोहभंग विपक्ष के लिए अवसर अवश्य है, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक में बदलेगा जब विपक्ष विश्वसनीय और समाधानमूलक विकल्प प्रस्तुत करे। लोकतंत्र में जनता केवल यह नहीं पूछती कि वर्तमान सरकार क्या गलत कर रही है, वह यह भी जानना चाहती है कि आप सत्ता में आए तो बेहतर क्या करेंगे और कैसे करेंगे। यही विपक्ष की सबसे बड़ी परीक्षा है।

डा. राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, जयपुर

वल्लेबाजों की वल्ले-वल्ले

हाल में बीते भारत एवं वेस्टइंडीज के मध्य एक दिवसीय तीन अंतरराष्ट्रीय मैचों में रनों का अंबार लग गया। प्रथम मैच में वेस्टइंडीज ने अच्छे खासे 295 रन बनाए थे, पर जवाब में भारत ने केवल दो ही विकेट के नुकसान पर 300 रन जड़ दिए। दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने कमाल करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर 405 बना दिया, पर यह टोटल भी भारतीय बल्लेबाजों के सामने बौना रहा। भारत ने फिर दो ही विकेट खोकर 406 रन बना डाले। तीसरे मैच में भारत ने 351 रन बनाए, पर इस बार वेस्टइंडीज ने आसानी से भारत को पराजित कर दिया। मात्र तीन मैच में 2109 रन बन गए, जबकि विकेट मात्र 30 ही गिरे। नए नियमों के कारण खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुक रहा है। बल्लेबाजों के हेलमेट और विशिन्न पैड पहनने की अनुमति मिली हुई है। वह भारी बैट का इस्तेमाल कर सकते हैं। गेंदबाजों की प्रोत्साहित करने के लिए पिच पर कम से कम छह घास छोड़नी चाहिए, अभी पिचें बिल्कुल सपाट हो गई हैं। पावरप्ले में दो के स्थान पर चार क्षेत्ररक्षक बाहर रखने की अनुमति दी जाए जिससे अधिक कैच लिए जा सकें। बार्डर्ड न्यूनतम 75 मीटर की हो, जिससे छक्के कम लगें। ज्ञातव्य है कि जब भारत ने 1983 में कपिल की कप्तानी में क्रिकेट में अपना पहला विश्व कप 43 रन से जीता था, तब उसने मात्र 183 रन ही बनाए थे। बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी का असंतुलन खेल को उबाऊ बना रहा है। वर्तमान कोच गंभीर को कहना पड़ रहा है कि गेंदबाज अब मात्र दर्शक बन कर रह जाते हैं।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615600, E-mail: delhi@nda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।



अभिषेक कुमार सिंह
संस्था टेली परफार्मेंसेज से संबद्ध

आजकल

नियंत्रण से बाहर जाती एआइ

हाल में चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी-ओपनएआइ ने स्वीकार किया है कि उसके एआइ एजेंटों ने ट्रेनिंग और मूल्यांकन से जुड़ी गतिविधियों के दौरान अमेरिका की सरकारी वेबसाइटों में अप्रत्याशित तरीके से घुसपैठ कर ली। इसके बाद से एआइ के खतरे को लेकर विश्व में चर्चा छिड़ गई है। एक गंभीर सवाल तेजी से उभरने लगा है कि कहीं एआइ अनियंत्रित होकर डिजिटल दुनिया में खुद ही फैसले न लेने लगे। इसे देखते हुए इस पर लगाम लगाने की मांग होने लगी है



प्रतीकात्मक

अभी तक एआइ यानी कृत्रिम बुद्धिमता को लेकर पूरी दुनिया में बहस तीन सवालों के इर्द गिर्द घूमती रही है। एक, क्या एआइ तकनीक इंसानों की नौकरियां छीन लेगी? दो, क्या वह झूठी सूचनाओं और डीपफेक का बिस्फोट कर देगी? तीन, क्या इसके कारण हमारी निजता खतरे में पड़ जाएगी? अब इन सवालों के बीच एक चौथा और शायद सबसे गंभीर सवाल तेजी से उभरने लगा है कि अगर कृत्रिम बुद्धिमता केवल सलाह देने और उत्तर उपलब्ध कराने के बजाय खुद ही डिजिटल दुनिया में निर्णय लेते हुए काम करने लगे तो उसे आखिर कितनी आजादी दी जानी चाहिए? यह सवाल हाल में चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी-ओपनएआइ ने खुद स्वीकार किया है कि उसके एआइ एजेंटों ने ट्रेनिंग और मूल्यांकन से जुड़ी गतिविधियों के दौरान अमेरिका की सरकारी वेबसाइटों में अप्रत्याशित तरीके से घुसपैठ कर ली।

घुसपैठ या हैकिंग: एआइ टूल्स के खुद फैसले लेने की यह घटना अपने आप में एक बड़े बदलाव का संकेत है। हालांकि यह कहना होगा कि किसी सरकारी वेबसाइट में सेंध लगाकर कोई सार्वजनिक सूचना अथवा आंकड़े हासिल कर लेना अपने आप में हैकिंग की घटना नहीं कहलाएगी। ऐसे में, एआइ एजेंटों के खुद-ब-खुद कहीं पहुंच बना लेना साइबर हमले की कोशिश नहीं मानी जा सकती है, लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब कोई एआइ एजेंट बिना मानवीय दखल या मंजूरी के कोई लक्ष्य हासिल करने के लिए निर्धारित दायरे से बाहर जाकर रास्ता खोजने लगे, तब उसके व्यवहार को कैसे देख जाए?

चैटबाट से एजेंट का सफर: एआइ तकनीक के मामले में अक्सर यह भ्रम रहता है कि चैटबाट और एआइ एजेंट, दोनों एक ही हैं। असल में ये दोनों कार्यबाई के मामले में अलग हैं। एआइ की मौजूदा क्रांति में एजेंटिंग का शामिल होना एक बड़ी क्रांति है। इसे ऐसे समझा सकते हैं कि जब किसी चैटबाट से पूछा जाता है कि किसी शहर में सबसे अच्छा होटल कौन-सा है तो वह एकाधिक विकल्प सुझा सकता है, उनके किराए आदि के विवरण दे सकता है, लेकिन जब एक सक्षम एआइ एजेंट को कहा जाता है कि यात्रा की पूरी योजना बना दो तो वह संबंधित वेबसाइटों को खोज कर कीमतों की तुलना कर सकते हैं, उपलब्धता देख सकता है और यदि उसे अधिकार दिया जाए तो वह व्यक्ति के लिए आरक्षण या भुगतान की प्रक्रिया तक संपन्न कर सकता है। कह सकते हैं कि चैटबाट मुख्यतः भाषा पैदा करता है, जबकि एआइ एजेंट पूछे गए सवालों के मुताबिक कार्य भी संपन्न कर सकता है। इस तरह एआइ एजेंट एक ऐसी स्वायत्त प्रणाली है, जो तर्क और योजना बनाने के साथ टूल्स के प्रयोग, स्मृति का इस्तेमाल करते हुए कोई लक्ष्य हासिल करने की कार्रवाई असल में कर सकती है। यही वजह है कि एजेंटिक एआइ को अधिकारों के दुरुपयोग, अत्यधिक स्वायत्ता और इंसानों की मंजूरी के बिना कोई गंभीर कार्रवाई करने के मामले में एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। चैटबाट और एजेंटिक एआइ के इसी अंतर को दुनिया के लिए एक चेतावनी माना जा रहा है।

इस तरह, एजेंटिक एआइ के इस्तेमाल के दो‌हरे पहलू हो सकते हैं। एआइ अगर ईमेल पढ़ सकती है, डाटाबेस खोज सकती है, प्रोग्राम चला सकती है, डिजिटल सेवाओं से संवाद कर सकती है और दूसरे साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर सकती है तो वह उत्पादकता में जबरदस्त बढ़ोतरी कर सकती है, पर इसी क्षमता के कारण वह ऐसी डिजिटल कार्रवाई बन जाती है, जो कोई अनिष्ट कर सकती है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लें कि किसी कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि 'किसी भी तरह से' ये आंकड़े ढूंढकर लाओ। सामाजिक व्यवस्था और कानून को समझने वाला व्यक्ति जानता है कि यहां 'किसी भी तरह से' का अर्थ ताला तोड़ना या डाका डालना नहीं होता है, लेकिन एआइ एजेंट की सामाजिक समझ के बारे में मुकम्मल तौर पर कुछ भी कहना कठिन है। हो सकता है कि वह इस कार्य के लिए किसी प्रणाली में सेंध लगा दे, जो कि अनैतिक मानी जाए। इसलिए एजेंटिक एआइ की समस्या केवल बुद्धिमता की नहीं, अधिकारों और विवेक की भी है।

क्या मशीन प्रिंसिपल करेगी: असली खतरा यह हो सकता है कि एक एआइ एजेंट को कोई निश्चित लक्ष्य और डिजिटल साधन तो दिए जाएं, लेकिन लक्ष्य हासिल करने के स्वीकार्य और अस्वीकार्य रास्तों की सीमाओं को स्पष्ट न किया जाए। ऐसी स्थिति में एआइ एजेंट वह रास्ता चुन सकता है, जिसे अनुचित माना जाता है। एआइ विशेषज्ञ इस समस्या को 'इनडायरेक्ट प्राम्प्ट इंजेक्शन' के रूप में जानते हैं, जिसमें एआइ एजेंट वेबपेज, दस्तावेज या ईमेल को पढ़ते वक्त उसमें छिपे दुर्भावनापूर्ण निर्देशों की वास्तविक मान लेते हैं। इसमें यदि एआइ एजेंट को जरूरत से ज्यादा अधिकार मिल जाएं और संवेदनशील डाटा तक पहुंच हासिल हो जाए तो एक परिकल्पना वास्तविक और खतरनाक घटना में बदल सकती है। यही वजह है कि एआइ सुरक्षा के पुराने माडल अब नाकाफी माने जा रहे हैं। अत्यधिक स्वायत्ता देने, संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच प्रदान करने और मानवीय निगरानी कम करने से एआइ एजेंट एक खतरनाक स्थिति पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए एक साधारण कैलकुलेटर से की गई गणना में किसी त्रुटि का नुकसान सीमित होता है, लेकिन बैंक खातों तक पहुंच रखने वाले एआइ एजेंट की गलती एक बड़ी वित्तीय घटना या जासूसी बन सकती है।

इसलिए आज जरूरत इसकी है कि 'मानवीय नियंत्रण' की परिभाषा की नए सिरे से व्याख्या की जाए। जैसे, यदि हर क्लिक से पहले मनुष्य से इजाजत लेना अनिवार्य किया गया तो एआइ एजेंट तकरीबन नाकारा हो जाएंगे, लेकिन दूसरी तरफ अगर असीमित अधिकार देते हुए यह उम्मीद की गई कि एआइ एजेंट हमेशा सही फैसले लेगा, एक बड़ी गलती होगा। ऐसे में बीच का रास्ता निकालने की जरूरत है, जो जोखिम-आधारित व्यवस्था की मांग करता है। इस व्यवस्था के तहत यदि एआइ एजेंट किसी सार्वजनिक वेबसाइट को पढ़ना चाहता है तो उसे अपेक्षाकृत ज्यादा स्वतंत्रता दी जा सकती है, लेकिन किसी निजी डाटाबेस से सूचनाएं चाहिए तो इसके सीमित अधिकार दिए जाएं। वह कोई फाइल हटाना, रकम भेजना, किसी व्यक्ति को संदेश जारी करना या सार्वजनिक रिकार्ड बदलना चाहता है तो इसके लिए कठोर सत्यापन और जरूरत के मुताबिक मानवीय दखल एवं स्वीकृति अनिवार्य होनी चाहिए। यानी एआइ एजेंट को उतने ही अधिकार और औजार दिए जाएं, जितने उसके निर्धारित कार्य के लिए जरूरी हों।

साथ ही, संवेदनशील कार्रवाई के लिए स्पष्ट प्रक्रिया और अनुमति लेना तय किया जाए। स्वायत एआइ एजेंट का व्यवहार उसे डिजाइन करने, अधिकार कार्रवाई के लिए मानवों की अनुमति, हर महत्वपूर्ण एजेंट कार्रवाई का जांच योग्य रिकार्ड, स्वतंत्र सुरक्षा परीक्षण और गंभीर अनपेक्षित व्यवहार की समयबद्ध रिपोर्टिंग। विशेष रूप से सरकारी कामकाज, बैंकिंग, स्वास्थ्य तथा महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर में एआइ एजेंटों की पहचान भी स्पष्ट होनी चाहिए। जैसे किसी कर्मचारी या अधिकृत साफ्टवेयर सेवा की डिजिटल पहचान होती है, वैसे ही भविष्य में यह जानना आवश्यक होगा कि सिस्टम तक पहुंच बनाने वाला 'कौन'-था-मनुष्य, सामान्य बाट या स्वायत एआइ एजेंट। जिम्मेदारी तय करने की शुरुआत पहचान से होती है।

-अभिषेक कुमार सिंह

मानवता के हित में एआइ को नियंत्रित करना आवश्यक

भारत के लिए एआइ एजेंटों के पहुंच से बाहर निकल जाने वाले इस घटनाक्रम का विशेष महत्व है। इसकी वजह यह है कि हम एआइ को केवल उपभोक्ता उत्पाद के रूप में नहीं, शासन, स्वास्थ्य, कृषि, वित्त और शिक्षा जैसे क्षेत्रों की क्षमता बढ़ाने वाली आधारभूत तकनीक के रूप में देख रहे हैं। भारत सरकार के एआइ गवर्नेंस गाइडलाइंस का केंद्रीय विचार भी सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी एआइ नवाचार है। इनमें 'पीपल फर्स्ट', जवाबदेही, निष्पक्षता, समझने योग्य डिजाइन तथा सुरक्षा और लचीलेपन जैसे सिद्धांत शामिल हैं। इन्हीं उद्देश्यों के तहत भारत सरकार इसी साल अप्रैल 2026 में एआइ गवर्नेंस एंड इकोनमिक ग्रुप गठित किया है, जिसकी जिम्मेदारियों में विभिन्न मंत्रालयों और नियामकों के बीच नीति समन्वय के अलावा एआइ के उभरते जोखिम, कानूनी कमियों और जवाबदेही संबंधी प्रश्नों का अध्ययन करना भी शामिल है। नए घटनाक्रमों के तहत अब इस शासन-चर्चा में एजेंटिक एआइ के लिए अलग सुरक्षा मानदंडों पर विचार जरूरी हो जाएगा।

असल में, भारत में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार जिस स्तर तक हुआ है, वहां सरकारी प्रणालियों से जुड़ने वाले स्वायत एजेंटों के लिए कम-से-कम पांच सिद्धांत महत्वपूर्ण होंगे- न्यूनतम आवश्यक डिजिटल अधिकार, संवेदनशील देने और वैनात करने वाली संस्था की जवाबदेही से जोड़ा जाए। यह न हो कि एआइ एजेंट की गलती पर कंपनी कहने लगे कि गलती नियंत्रण से बाहर चले गए एजेंट की है, कंपनी की नहीं। जैसे, ड्राइवरलेस कारों से दुर्घटना होने पर यह कहना पर्याप्त नहीं होगा कि साफ्टवेयर ने ऐसी गलती की, कंपनी ने नहीं। आखिरकार कोई भी समाज यह चुहेगा कि उस कार में दिश चुनने की तकनीकी अनुमति किसने दी, सुरक्षा का क्या परीक्षण हुआ, कितने जोखिम की स्वीकृति थी और घटना का क्या रिकार्ड है। एआइ एजेंट के मामले में भी ऐसी ही जवाबदेही की शृंखला विकसित करनी होगी।

खरी-खरी

हुआ दोस्त चचा जिसका...

डा. प्रदीप मिश्र

अमेरिकी चचा से फोन पर बात करने के बाद जनाब ने मुझे बुलाया। उनका लहजा बता रहा था, चचा की डांट बड़ी कड़ी है। जनाब बोले, 'बता मैं क्या करूं?' मैं चकराया। सारी दुनिया को चलाकर, फील्ड मार्शल बने जनाब, मुझसे पूछ रहे हैं कि, 'बता क्या करूं?' मैंने पूछा, 'आपकी प्राब्लम क्या है?' जनाब बोले, 'अंदर-बाहर, ऊपर-नीचे, आजू-बाजू, प्राब्लम ही प्राब्लम है। मुल्क के कठपुतलीनुमा लोग मुझ पर बम, टैंक, मिसाइलें...बरस रहे हैं।'

'वैसे आपका तो सिद्धांत है कि टेंशन लेने का नहीं, देने का? आपको कैसी परेशानी?' मैंने उन्हें टेंशन मुक्त रहने के लिए प्रोत्साहित किया। 'तुझे क्या मालूम मेरे दिल के लुटने की खबर? पड़ रहे चारों तरफ से मुझे तमाचे, कोई नहीं पैसा जो बचा ले मुझे आके।' मैंने उनसे दिल के लुटने का सबब जानना चाहा तो वे बोले, 'दिल के लुटने का सबब पूछो न सबके सामने।'

'चलिए कान में बता दीजिए।' मैंने कहा। जनाब ने कान में मुझसे कहा, 'मेरी असल प्राब्लम है पैसा। मुझे कोई चाहे जितना पीट ले, लेकिन मेरी जेब में डालर-पाउंड डालता रहे।' जनाब कटोरे को जेब कहते हैं। मैंने पूछा, 'आपके अमेरिका वाले चचा तो आपसे बहुत खुश रहते हैं। आप जब उनसे मिलने जाते हैं तो आपको बिरियानी खिलाते हैं। लौटते वक्त बिदाई में आपकी जेबें डालरों से भर देते हैं।' जनाब बोले, 'देख मेरा चचा अपने अलावा किसी का सगा नहीं है। खिलाता बिस्कुट भी नहीं है और कहता है कि बिरियानी खिलाई है। बिदाई के वक्त मेरी जेब में रखता चवन्नी है और बताता है कि मैंने इसकी जेबें डालरों से भर दी हैं। मुझसे कहा कि समझौता करवा दो, पैसे-धेले की चिंता मत करना। उसकी बात मानकर मैंने सैकड़ों लोगों को बुलाया। ठहराया-खिलाया-पिलाया-घुमाया। गिफ्ट दिया। बिल भेजा तो चचा बोला, 'तू ने समझौता कहां कराया? फाड़के इसे फेंको कहीं। तो भाई, हुआ दोस्त चचा जिसका, फिर आसमां उसका दुश्मन क्यों हो?' कहकर जनाब कटोरा भरवाने के लिए किसी दूसरे मुल्क को फोन घनघनाने लगे।

एक्स पोस्ट

सपा अपना तीसरा उम्मीदवार नहीं उतरेगी। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में अब कोई रोमांच शेष नहीं रह गया। जिन्हें हार्स ट्रेडिंग में अपना लाभ दिख रहा था, वे अब निराश होंगे।

अमिताभ अग्निहोत्री @Aamitabh2

यूपी के राज्यसभा चुनाव में जिस 'सरप्राइज' की बात हो रही थी, उसमें कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा का मेरेडिथ हेडलर निकला। भाजपा ने टिकट अपने संगठन से जुड़े लोगों और कार्यकर्ताओं को दिया, किसी पुराने को रिपीट नहीं किया। जबकि समाजवादी पार्टी का एक टिकट परिवार को तो दूसरा पैसे वाले को।

प्रशांत श्रीवास्तव @Prashantps100




कप्तानी छोड़ना सिर्फ पद छोड़ना नहीं होता, कभी-कभी यह एक युग के खत्म होने जैसा होता है। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट को मुश्किल दौर से ऐतिहासिक जीतें तक पहुंचाया। अब कप्तानी के बाद उनके बल्ले से एक नई पारी देखने का इंतजार रहेगा।

रोहित सावल @SavalRohit

जागरण जनमत कल का परिणाम

क्या भारत की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच शांति संभव है?



रसी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना को सभी प्रारूपों की नई कप्तान बनाना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

राहुल जी मत कीजिए अब टाइम बरबाद,
यूपी में जा डालिए थोड़ा पानी-खाद।
थोड़ा पानी-खाद फसल तब होगी अच्छी,
वरना बरिया तीर जाय मारोगे मच्छी!
नई टीम के साथ कीजिए मेहनत फुल जी,
तभी सीट दो-चार पा सकोगे राहुल जी!!

-ओम प्रकाश तिवारी

हरियाणा डायरी

एशियाई खेलों में स्वर्णिम छाप



अनुराग अग्रवाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, हरियाणा

एशियाई खेलों में भारत के 85 पदकों की जीत में हरियाणा का हिस्सा केवल संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय खेल शक्ति के बदलते स्वरूप का संकेत है। भारतीय खिलाड़ियों के 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदकों में अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य सहित 32 पदक अपने नाम किए हैं। यानी भारत के कुल पदकों में हरियाणा की हिस्सेदारी 37.6 प्रतिशत रही। यह बताती है कि प्रदेश की खेल प्रतिभा केवल भागीदारी तक सीमित नहीं है, यहां के खिलाड़ियों की शीर्ष स्तर पर जीत दर्ज करने की क्षमता लगातार मजबूत हुई है।

हरियाणा की खेल कहानी को केवल इन आंकड़ों से समझना पर्याप्त नहीं होगा। असल तस्वीर यह है कि राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में खेलों को रोजगार, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए एक ऐसा वातावरण बनाया है, जिसमें ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए खेल प्रतिस्पर्धा का गंभीर विकल्प बना है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों की उपस्थिति अब अपवाद नहीं, बल्कि भारतीय दल की नियमित और प्रभावशाली विशेषता बन चुकी है। एशियाई खेलों में इस बार हरियाणा की सफलता का एक और पहलू उल्लेखनीय है, पदक केवल एक-दो खेलों तक सीमित नहीं रहे। व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाएं, दोनों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने योगदान दिया। 14 स्वर्ण पदकों में पांच खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में और नौ खिलाड़ियों ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण जीतने में भूमिका निभाई। इसका अर्थ यह है कि हरियाणा की खेल संस्कृति में व्यक्तिगत प्रतिभा के साथ टीम आधारित प्रतिस्पर्धा की क्षमता भी विकसित हुई है।

महिला खिलाड़ियों की भूमिका इस तस्वीर को और व्यापक बनाती है। हरियाणा की दो महिला खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण हासिल किए, जबकि छह महिला खिलाड़ियों ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने में योगदान दिया। यह बदलाव इसलिए



हरियाणा की सामाजिक पहचान बन खेल। फाइल

महत्वपूर्ण है, क्योंकि हरियाणा में खेल प्रतिभा की चर्चा लंबे समय तक मुख्यतः पुरुष खिलाड़ियों के संदर्भ में ही होती रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी इस धारणा को बदल रही है और राज्य के खेल आधार को अधिक व्यापक बना रही है। रजत और कांस्य पदकों का आंकड़ा भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। नौ रजत पदकों में चार खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और पांच ने टीम स्पर्धाओं में योगदान दिया है। नौ कांस्य पदकों में आठ व्यक्तिगत और एक टीम स्पर्धा से आए हैं। इससे संकेत मिलता है कि हरियाणा की प्रतिभा अलग-अलग प्रतिस्पर्धात्मक स्तरों पर मौजूद है। स्वर्ण पदकों की बड़ी हिस्सेदारी जहां शीर्ष प्रदर्शन की क्षमता दर्शाती है, वहीं रजत और कांस्य पदक प्रतिभा के उस व्यापक आधार का संकेत हैं, जो आने वाले वर्षों में और पदक जीतने वाली पीढ़ी तैयार कर सकता है।

हरियाणा के खेल माडल की सबसे बड़ी ताकत शायद यही है कि यहां खेल प्रतिभा को शुरुआती स्तर से पहचानने और उसे प्रतिस्पर्धी मंच तक पहुंचाने की कोशिश लंबे समय से दिखाई दे रही है। ग्रामीण हरियाणा में अखाड़ों और पारंपरिक खेल संस्कृति से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक एक ऐसा जाल बिछा है, जिसने कुश्ती, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, एथलेटिक्स और अन्य खेलों में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी तैयार की है। खेल को केवल शौक न मानकर करियर के रूप में देखने की प्रवृत्ति ने भी इस प्रक्रिया को गति दी है। पदक जीतने के बाद मिलने वाला आर्थिक प्रोत्साहन इस खेल व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राज्य सरकार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को तीन करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को डेढ़ करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये देने की नीति पर काम कर रही है।

प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए भी प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। प्रशिक्षण के लिए अग्रिम राशि देने की व्यवस्था खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की तैयारी में आर्थिक सहारा देती है। यह समाज में खेल उपलब्धि की आर्थिक और सामाजिक स्वीकार्यता को मजबूत करता है।

हालांकि पदकों की बढ़ती संख्या के साथ अगली चुनौती भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। किसी राज्य की खेल सफलता को केवल अंतरराष्ट्रीय पदकों से नहीं, बल्कि उस पूरी प्रणाली से मापा जाता है, जो प्रतिभा को खोजती है, प्रशिक्षित करती है और लंबे समय तक प्रतिस्पर्धा में बनाए रखती है। चोटों से बचाव, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, पोषण, खेल मनोविज्ञान, आधुनिक उपकरण और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा तैयारी जैसे क्षेत्रों में निरंतर निवेश आवश्यक है। केवल पुरस्कार राशि से विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार नहीं होते। उसके पीछे वर्षों की व्यवस्थित तैयारी होती है। देश के कुल स्वर्ण पदकों में दो-तिहाई योगदान किसी राज्य की खेल क्षमता का असाधारण संकेतक है। इस उस दीर्घकालिक प्रक्रिया के परिणाम के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसने खेल को हरियाणा की सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है।

उत्तराखंड डायरी

कांग्रेस की व्यूह रचना पर संकट



रवींद्र बड़थ्वाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, उत्तराखंड

उत्तराखंड में अगला विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ने और नई लीडरशिप को आगे बढ़ाने की कांग्रेस की व्यूह रचना दरकेगी या पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के असंतोष को साधकर या नजरअंदाज कर आगे बढ़ा जाएगा, ये सवाल आज कांग्रेस की परेशानी के नए कारक बन गए हैं। पार्टी के निर्णयों से असहज हरीश रावत ने चुनाव में मात्र चार माह का समय शेष रहते मोर्चा खोल दिया है। तमाम वरिष्ठों को एकजुट कर भाजपा के मजबूत किले में सेंध लगाने के लिए कांग्रेस हाईकमान की ओर से तैयार चक्रव्यूह को राज्य में पार्टी की सियासत की ढाई दशक तक अपने इशारों पर नचाते रहे हरदा की महत्वाकांक्षा से खुली चुनौती मिल गई है। दोनों के बीच टकराव की यह डगर किसी मोड़ पर साथ मिलेगी या रास्ते अलग होने की नौबत आएगी, पार्टी के लिए गहराती आशंका से पार पाना आसान नहीं रहने वाला है।

विधानसभा चुनाव से मात्र चार माह पहले हरीश रावत ने अपनी धन्वाबाद और जनसंवाद यात्रा से जिस अंदाज में पार्टी को चुनौती दी है, उत्तराखंड में जीत के लिए छटपटा रही पार्टी के लिए उसके बड़े मायने हैं। प्रदेश से लेकर जिलों में पार्टी के संगठन से लेकर विधानमंडल दल में वर्तमान में भी रावत समर्थकों या उन्हें पसंद करने वालों की संख्या प्रदेश में कांग्रेस के अन्य किसी भी नेता से अधिक है। राजनीति की अपनी इसी खूबसी के सहारे ही वह छठीं विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनाव में मजबूती से खम ठोकने की इच्छा के रूप में सामने आई है। यह अलग बात है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक जो भी महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं, उनसे वह असहज रहे हैं। बढ़ती उम्र के साथ कांग्रेस की केंद्रीय राजनीति से खुद को दूर रख कर प्रदेश की राजनीति तक रावत का सिमटना हाईकमान को रास नहीं आया। दोनों के बीच बढ़ती दूरियों का प्रभाव पार्टी की आंतरिक खींचतान के रूप में कई बार झलका है। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की कमान सौंपने से लेकर प्रदेश संगठन में बदलाव के लिए हाईकमान ने जो भी आधार तैयार किया, उसमें इस दिग्गज नेता को पूरी तरह नजरअंदाज भले ही नहीं किया गया हो, लेकिन हिस्सेदारी के मोर्चे पर अपेक्षाएं शायद ही पूरी हो पाई हों।

यही नहीं, हाईकमान और हरीश रावत के बीच संवाद के अवसर भी बीते लंबे समय में काफी कम हुए हैं। दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ के लिए कई दिनों के प्रवास के बावजूद उनकी न तो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भेंट हुई और न ही पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ उन्हें मुलाकात का अवसर मिला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बाड्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जो भेंट हुई, उन्हें महज औपचारिक मुलाकात के रूप में ही देखा गया है।

केंद्रीय नेतृत्व का यही रुख हरीश रावत की बेचैनी का बड़ा कारण बन चुका है। उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्षों की अवधि में हुए पांच विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के भीतर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले नेता के लिए अब 79 वर्ष की आयु में केंद्रीय नेतृत्व के दरवाजे यदि बंद नहीं भी हुए तो उन्हें खुले हुए मानना भी शायद ही मुमकिन हो। जमीनी संघर्ष और निरंतर सक्रियता के साथ विभिन्न समुदायों के साथ निरंतर संवाद की हरीश रावत की राजनीति की उम्र, राज्य में उभरते नए नेतृत्व और हाईकमान से चुनौती भले ही मिल रही है, लेकिन उम्रदराज यह नेता हथियार डालने को तैयार नहीं है। दिल्ली से मिली मायूसी के बाद प्रदेश में लौटते ही धन्यवाद और जनसंवाद यात्रा की शुरुआत और हाईकमान के सख्त तेवर के बावजूद इसे जारी रखने को पार्टी के भीतर उनका शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है।

दरअसल, यह पहला मौका है जब चुनाव के लिए गठित समितियों में हरदा की उपेक्षा हुई हो, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल कभी उनके करीबी रहे हैं, लेकिन अब हाईकमान की रणनीति को जमीन पर उतारने के लक्ष्य को ही सर्वोपरि मानकर काम कर रहे हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की गिनती सबको साथ लेकर चलने वालों में होती है, लेकिन वह हरीश रावत के यश मैन होंगे, ऐसा कहना मुश्किल है। विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर इस समीकरण का खास असर रहना तय है।

हरीश रावत के खुलकर मोर्चा लेने के पीछे सीटों का गणित बैठाने में अत्यंत सीमित भूमिका को भी बताया जा रहा है। अहम बात यह है कि



हरीश रावत ने बढ़ाई कांग्रेस हाईकमान की बेचैनी। फाइल

हाईकमान की हिदायत के बाद भी उन्होंने यात्रा को न केवल आयोजित किया, बल्कि प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह समेत सात विधायकों की भागीदारी सुनिश्चित कर सीटेज दिया है। रावत का यह चुनावी नाद पार्टी हाईकमान और उनके विरोधियों को भले ही पसंद नहीं आया हो, लेकिन इससे पार्टी की एकजुटता की कलई खोलकर रख दी है। इससे कांग्रेस में अंदरखाने शक्ति प्रदर्शन का खेल और गुटबाजी सतह पर आ गई है।

डाटा सेंटर क्षमता वर्ष के अंत तक दो गीगावाट होगी

नई दिल्ली: रियल एस्टेट कंसल्टेंट सीबीआरई का कहना है कि भारत के डाटा सेंटर क्षेत्र ने 2021 से अब तक 173 अरब डालर की निवेश प्रतिबद्धताएं आकर्षित की है। इसका कारण यह है कि टेकनोलाजी के बढ़ते इस्तेमाल के बीच निवेशक इस क्षेत्र के भविष्य को लेकर उत्साहित है। सीबीआरई ने एक रिपोर्ट में कहा कि 2026 की दूसरी छमाही के दौरान डाटा सेंटर क्षमता में 200 मेगावाट की बढ़ोतरी हो सकती है और इसके साथ वर्ष के अंत तक कुल स्थापित डाटा सेंटर क्षमता दो गीगावाट तक पहुंच जाएगी। (प्रेट्र)

चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (अक्टूबर 2026 से मार्च 2027) के दौरान स्टील की घरेलू मांग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि रहने की उम्मीद है। हम स्टील उद्योग के परिदृश्य को लेकर सकारात्मक है। - **टीवी नरेन्दन, सीईओ, टाटा स्टील**



सेंसेक्स	73,067.81 ▲ 685.34	निफ्टी	22,776.10 ▲ 220.35	सोना प्रति दस ग्राम	₹1,49,600 ▼ ₹200	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹2,27,000 बदलाव नहीं	डालर	₹96.35 बदलाव नहीं	क्रूड प्रति बैरल	$98.59

एक नजर में

13 को आ सकता है एचडी फायर प्रोटेक्ट का आइपीओ

नई दिल्ली: आग से बचाव के उपकरण बनाने वाली कंपनी एचडी फायर प्रोटेक्ट लिमिटेड 700-750 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने जा रही है। दस्तावेजों के अनुसार, यह आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 13-15 अक्टूबर तक खुलेगा। यह पूरा आइपीओ आफर फार सेल (ओएफएस) यानी प्रमोटर शेयरों की बिक्री पर आधारित है और इसमें 2.6 करोड़ इक्विटी शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

पहली छमाही में 3.7% बढ़ा स्टील उत्पादन

नई दिल्ली: चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-जून 2026) के दौरान घरेलू स्तर पर तैयार स्टील का उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़कर 8.18 करोड़ टन रहा है। स्टील मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी डाटा के अनुसार, पिछले वर्ष समान अवधि में 7.88 करोड़ टन स्टील का उत्पादन हुआ था। पहली छमाही के दौरान तैयार स्टील की खपत भी 7.9 प्रतिशत बढ़कर 8.49 करोड़ टन रही है, जो अप्रैल-जून 2025 के दौरान 7.9 करोड़ टन था। मंत्रालय के अनुसार, हाईवे, रेलवे और पोर्ट क्षेत्र से बड़े आर्डर मिलने से खपत बढ़ी है। (आइएएनएस)


वित्तीय समावेशन योजनाओं में भागीदारी बढ़ाएं बैंक

नई दिल्ली: वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को निजी क्षेत्र के बैंकों से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं में भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया। सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने बैंकों से 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने निजी क्षेत्र के बैंकों से समाज के पिछड़े वर्गों की सेवा करने और उनकी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने पर ज्यादा जोर देने को कहा। (प्रेट्र)

अब विश्व बैंक ने भारत का वृद्धि अनुमान बढ़ाया

वैश्विक संस्थान ने चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.1% रहने की बात कही, यह अप्रैल से 0.5% ज्यादा

- पहली तिमाही के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के चलते जीडीपी अनुमान बढ़ाया
- खाद्य सब्सिडी और कम मुद्रास्फीति से ग्रामीण खपत शहरी मांग से आगे रही



नई दिल्ली, प्रेट्र: विश्व बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अप्रैल के अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक अधिक है। वृद्धि के अनुमान में यह बढ़ोतरी पहली तिमाही के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के कारण की गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत थी। इस वृद्धि को मजबूत निवेश और ठोस निजी खपत से समर्थन मिला तथा अनुकूल नीतिगत एवं ऋण परिस्थितियों का असर व्यापारिक तनाव पर भारी पड़ा।

विश्व बैंक ने अपनी नवीनतम 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा, हमने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान अप्रैल के 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, क्योंकि व्यापार एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही है। विश्व बैंक ने कहा कि शुरुआत में ग्रामीण खपत शहरी मांग से आगे रही। इसे कृषि क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, ग्रामीण आय सहायता, खाद्य सब्सिडी और कम महंगाई से समर्थन मिला। वहीं, आयकर में राहत और जीएसटी में कटौती के बाद साल के बाकी बचे हिस्से में शहरी खपत मजबूत हुई। अप्रैल के बाद से वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद औद्योगिक गतिविधियां उम्मीद से बेहतर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ने कहा कि निजी खपत वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा। हालांकि, अगस्त तक बारिश की कमी से ग्रामीण मांग पर थोड़ा असर पड़ सकता है। निवेश का परिदृश्य मोटे तौर पर बदला नहीं है। वैश्विक अनिश्चितता निजी निवेश पर असर डाल रही है, जिसे मजबूत सार्वजनिक निवेश सहित राजनीतिक हालात से कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

अन्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भी बढ़ा चुके हैं आर्थिक वृद्धि का अनुमान

पिछले महीने एशियाई विकास बैंक, ओईसीडी, एसएंडपी और फिच जैसी दूसरी वैश्विक एजेंसियों ने भारत के चालू वित्त वर्ष के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर लगभग सात प्रतिशत किया था। इन संस्थानों का मानना है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद जून तिमाही की मजबूत आर्थिक गतिविधियों और मजबूत मांग से आर्थिक को बढ़ावा मिला है। आर्मनाइजेशन फार इकोनमिक कोआपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2027 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 80 आधार अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने वृद्धि का अनुमान जुलाई के 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करते हुए कहा कि भारत को उम्मीद से कम आपूर्ति में रुकावट और लगातार पूंजी निवेश से फायदा हुआ है।

एआइ के लिए तैयारी में भारत शीर्ष 10 उभरते बाजारों में शामिल: विश्व बैंक

विश्व बैंक ने कहा कि आर्टिफिशियल डंटेलिजेंस (एआइ) के लिए तैयारी में भारत शीर्ष 10 अग्रणी उभरते बाजारों में शामिल है और देश इस प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसमें बड़ा तकनीकी कार्यबल, वैश्विक स्तर पर एकीकृत आइटी क्षेत्र और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की अहम भूमिका है। एक रिपोर्ट में बैंक ने कहा कि भारत में एआइ में निजी निवेश 2024 के 1.2 अरब डालर से तीन गुना से अधिक बढ़कर 2025 में 4.1 अरब डालर हो गया। इसी दौरान वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) में कार्यरत पेशेवरों की संख्या एक साल पहले के 19 लाख से बढ़कर 2025 में 23.6 लाख हो गई।

कच्चा तेल 100 डालर से नीचे, लगातार दूसरे दिन चढ़े बाजार



685.34 अंक बढ़कर 73,067.81 पर बंद हुआ सेंसेक्स

220.35 अंक चढ़कर 22,776.10 पर बंद हुआ निफ्टी

मुंबई, प्रेट्र: कच्चे तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल से नीचे आने और बैंक स्टाक व रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 685.34 अंक बढ़कर 73,067.81 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 220.35 अंक बढ़कर 22,776.10 पर बंद हुआ। स्विस तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.70 प्रतिशत गिरकर 98.59 डालर प्रति बैरल पर आ गया।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, दूसरी तिमाही के मजबूत नतीजों और दूसरे सकारात्मक वैश्विक संकेतों के साथ तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की धारणा को बेहतर बनाया। सेंसेक्स में ट्रेंट सबसे ज्यादा 12.78 प्रतिशत बढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल एविएशन, इटरनल और एशियन पेंट्स भी बढ़कर बंद हुए। वहीं टेक महिंद्रा, टाइटन, बजाज फाइनेंस और आइटीसी गिरकर बंद होने वाले शेयरों में शामिल रहे। बैंबीएई स्मालकैप इंडेक्स 1.25 प्रतिशत और मिडकैप इंडेक्स एक प्रतिशत चढ़े। बीएसई सेक्टोरल इंडेक्स में टेलीकम्युनिकेशन 2.33 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 1.79 प्रतिशत, इंडस्ट्रियल्स 1.62 प्रतिशत, एफएमसीजी 1.57 प्रतिशत, ऊर्जा 1.21 प्रतिशत, तेल और गैस 1.21 प्रतिशत और ईश्वरेंस 1.06 प्रतिशत बढ़ा।

मौद्रिक नीति का एलान आज, रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

मुंबई, प्रेट्र: पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने के बीच आरबीआइ बुधवार को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति का एलान करेगा। कई विशेषज्ञों ने करीब साढ़े तीन साल बाद रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर बढ़ाई जाती है तो यह आरबीआइ के नीतिगत रुख में बदलाव की दर्शाएगी। केंद्रीय बैंक ने 2025 में चार बार में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। हालांकि, उसके बाद लंबे समय तक दरों को स्थिर रखा गया है। आरबीआइ ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर बढ़ाई थी। फिलहाल रेपो दर 5.25 प्रतिशत है। समाचार एजेंसी प्रेट्र के एक सर्वे में शामिल अधिकांश विशेषज्ञों ने मौद्रिक समीक्षा में 0.25 प्रतिशत की दर बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है।

सितंबर में सेवा क्षेत्र की वृद्धि तीन महीने के उच्च स्तर पर

- नए आर्डर में तेजी के साथ मजबूत घरेलू मांग से रोजगार की वृद्धि को मिला समर्थन
- सेवा क्षेत्र में वृद्धि के बाद भी तिमाही औसत पिछली अवधि से ऊपर नहीं जा सका

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए आर्डर में तेजी के साथ मजबूत घरेलू मांग से क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआइ कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त के 54.1 से बढ़कर सितंबर में 55.2 हो गया। यह जून के बाद गतिविधियों में सबसे तेज बढ़ोतरी का संकेत है। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि के बावजूद तिमाही औसत पिछली अवधि के स्तर से ऊपर नहीं जा सका।

सर्वे में कहा गया, 'बास्तव में, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि मार्च 2022 तक के तीन महीनों के बाद सबसे कमजोर रही।' क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) के अनुसार, 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन दर्शाता है। सर्वे के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि डिजिटल समाधान, खाद्य, बीमा, ऋण, खाद्यसेवेर, परिवहन और पर्यटन एवं यात्रा की बढ़ती मांग से प्रेरित रही। इसके अलावा, भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी सुधार हुआ। सर्वे में शामिल कंपनियों ने जर्मनी, यूएई, ब्रिटेन और अमेरिका से मांग बढ़ने की जानकारी दी है।

जियो प्लेटफार्म्स के आइपीओ में प्रमोटर शेयरों की बिक्री नहीं

नई दिल्ली, प्रेट्र: जियो प्लेटफार्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) में प्रमोटर शेयरों की बिक्री नहीं होगीय सूत्रों के मुताबिक किसी भी मौजूद निवेशक ने अपनी हिस्सेदारी कम करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

एक सूत्र ने कहा कि जियो प्लेटफार्म्स लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर शीर्ष तीन स्टाक में सूचीबद्ध हो सकती है। अभी देश में शीर्ष तीन स्टाक में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और भारती एयरटेल शामिल हैं। मसौदा दस्तावेजों के मुताबिक कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया कि इश्यू का योग्य संस्थागत खरीदार हिस्सा शुद्ध निर्गम के 50 प्रतिशत और गैर-संस्थागत निवेशकों का हिस्सा शुद्ध निर्गम के 15 प्रतिशत से कम नहीं होगा।

सितंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 32% बढ़कर 4.27 लाख इकाई रही

- पिछले महीने कुल आटोमोबाइल बिक्री 25,36,920 इकाई रही
- दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर 2026 में 17,90,188 इकाई रही



नई दिल्ली, प्रेट्र: देश में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में साल-दर-साल 32.1 प्रतिशत बढ़कर 4,27,213 यूनिट हो गई। पिछले महीने हुई कुल आटोमोबाइल बिक्री की बात करें तो यह 25,36,920 यूनिट रही और पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 31.82 प्रतिशत ज्यादा है।

फेडरेशन आफ इंडियन आटोमोबाइल डीलर्स (एफएडीए) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने दोपहिया वाहनों की मांग सितंबर 2025 के 13,45,153 यूनिट के मुकाबले 33.08 प्रतिशत बढ़कर 17,90,188 यूनिट रही जबकि तिपहिया वाहनों की बिक्री 1,32,570 यूनिट रही, जो एक साल पहले के 1,08,444 यूनिट से 22.25 प्रतिशत ज्यादा है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सितंबर 2026 में साल-दर-साल 37.62 प्रतिशत बढ़कर 1,03,557 यूनिट हो गई।

फाडा के प्रेसिडेंट साई गिरिधर ने कहा, 'पिछला महीना इंडियन आटो रिटेल में अब तक का सबसे अच्छा सितंबर था।' उन्होंने कहा कि यह फाडा की छह श्रेणियों में से पांच में अब तक का सबसे अच्छा सितंबर था और इसके साथ ही किसी भी वित्त वर्ष के पहले छह महीने (1,55,12,319 यूनिट्स) का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। सितंबर में पेट्रोल और बिजली सहित दूसरे ईंधन से चलने वाले वाहनों की मांग लगभग एक जैसी रही। पेट्रोल वाहनों की बिक्री 41.27 प्रतिशत रही जबकि वैकल्पिक ईंधन वाहन 41 प्रतिशत (सीएनजी 23.11 प्रतिशत, हाइब्रिड 9.44 प्रतिशत, ईवी 8.45 प्रतिशत) थे।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या क्लिक करें jagran.com

राष्ट्रीय फलक

वेणु व विजय सिंह पर बोर्ड के प्रस्तावों को कमजोर करने का आरोप

- टाटा ट्रस्ट्स ने इन दोनों ट्रस्टियों पर टाटा संस की लिस्टिंग का समर्थन करके जिम्मेदारियों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया
- कहा, फैसलों पर दोबारा विचार करने की मांग नहीं की, संभावित लिस्टिंग पर अपने बदले हुए विचारों को सामने नहीं रखा


वेणु श्रीनिवासन ● फाइल


विजय सिंह ● फाइल

नई दिल्ली, आइएएनएस: सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट्स (एसडीटीटी) के वरिष्ठ ट्रस्टियों ने अपने साथियों वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह पर बोर्ड के प्रस्तावों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, वरिष्ठ ट्रस्टियों ने इन दोनों ट्रस्टियों पर टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की लिस्टिंग का सार्वजनिक रूप से समर्थन करके अपनी जिम्मेदारियों का उल्लंघन का भी आरोप लगाया है।

एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि एसडीटीटी ट्रस्टी नोएल टाटा, डेरियस जे खंबाटा, नेविल एन टाटा और भास्कर भट द्वारा हस्ताक्षरित किए गए पत्र में टाटा संस के भविष्य के मालिकाना हक और लिस्टिंग स्टेटस को लेकर टाटा ट्रस्ट के अंदर चल रहे मतभेदों का पता चलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा संस बोर्ड ने मार्च 2024 में एकमत से कंपनी की गैर सूचीबद्ध स्थिति बनाए रखने का फैसला किया था। वहीं एसडीटीटी और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने जुलाई 2025 में एकमत से इस रुख को दोहराया और इस मामले पर आरबीआइ से बात करने पर सहमत हुए। इसके अलावा, ट्रस्टियों ने कहा कि जुलाई 2025 के प्रस्तावों को रद नहीं किया गया था और उन्होंने श्रीनिवासन और सिंह की आलोचना की कि उन्होंने उन फैसलों पर दोबारा विचार करने की मांग नहीं की या संभावित लिस्टिंग पर अपने बदले हुए विचारों को ट्रस्टियों के सामने नहीं रखा।


टाटा संस की लिस्टिंग का समर्थन करने वाले इन दोनों ट्रस्टियों के सार्वजनिक बयानों ने दोनों ट्रस्ट के प्रस्तावों को कमजोर किया और यह आरबीआइ के पास टाटा संस के लंबित आवेदन पर भी असर डालता है।

ट्रस्ट्स ने वहीं किया जो टाटा संस के बोर्ड ने कहा

ट्रस्टियों ने 28 सितंबर के टाटा इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम्स सालूशंस प्राइवेट लिमिटेड और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स को टाटा संस के साथ विलय करने के प्रस्ताव का जिक्र किया, जिससे होल्डिंग कंपनी को अपनी अनलिस्टेड स्थिति बनाए रखते हुए एनबीएफसी के लिए आरबीआइ के मानदंडों से बचने में मदद मिल सके। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि टाटा संस के बोर्ड ने दोनों ही ट्रस्ट्स से आरबीआइ के नियमों का पालन करने के लिए सभी विकल्पों का आकलन करने और अकेले सूचीबद्ध नहीं करने के लिए कहा था। ट्रस्टियों ने कहा, टाटा ट्रस्ट्स ने यही किया जो टाटा संस के बोर्ड ने उनसे कहा था। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजनिक लिस्टिंग के विकल्प खोजने के अपने प्रयासों का बचाव किया।

नई दिल्ली में मोबाइल कांग्रेस आज से, पीएम मोदी कल करेंगे औपचारिक उद्घाटन

- टेलीकाम कंपनियां, उपकरण निर्माता, प्रौद्योगिकी फर्म व निवेशक लेंगे हिस्सा
- नई दिल्ली के यशोभूमि में होने वाला यह सम्मेलन चार दिनों तक चलेगा


नई दिल्ली में मंगलवार को 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' से पहले ग्लोबल सिस्टम्स फार मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन बोर्ड के सदस्यों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। एएनआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

एशिया के सबसे बड़े डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आइएमसी) का 10वां संस्करण बुधवार, 7 अक्टूबर को शुरू होगा। नई दिल्ली के यशोभूमि में होने वाला यह सम्मेलन चार दिनों तक चलेगा। इसका औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ अक्टूबर को करेंगे। दूरसंचार विभाग और सेल्यूलर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सीओएआइ) के संयुक्त तत्वाधान में हो रहे सम्मेलन में टेलीकाम कंपनियों, उपकरण निर्माता, प्रौद्योगिकी फर्म, नीति-निर्माता, स्टार्टअप और निवेशक हिस्सा लेंगे। इस साल का थीम है स्केल विदाउट बार्डर्ज्ञ, यानी तकनीक को प्रयोग की सीमा से निकालकर बड़े पैमाने पर तैनाती और वास्तविक असर तक ले जाना। इस बार का फोकस अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी पर है। देश-विदेश के विशेषज्ञों व सरकारी प्रतिनिधियों के बीच 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआइ-नेटिव टेलीकाम नेटवर्क, 5जी से कमाई के माडल, सैटेलाइट संचार, सेमीकंडक्टर, क्वांटम संचार, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विमर्श होगा। आयोजन चार स्तंभों पर टिका है, सृष्टि (नवाचार और भविष्य की डिजिटल ढांचा), सुरक्षा (डिजिटल भरोसा), सशक्त (समावेश) और संबंधन (आर्थिक वृद्धि)। पिछले दिनों संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसकी थीम जारी करते हुए कहा था कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक करीब 100 करोड़ लोगों को 5जी से जोड़ना है। ढाई साल में लगभग 50 करोड़ उपयोगकर्ता 5जी पर आ चुके हैं और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश बताया गया है। अगला जोर भारत 6जी अलायंस के जरिये 6जी और घरेलू टेलीकाम निर्माण पर होगा।

आइएमसी से यह पता चलेगा कि आगे इन उद्देश्यों को लेकर किस तरह से आगे बढ़ने वाला है। पहले दिन स्पेस एक्स की स्टारलिंक बिजनेस आपरेशंस की उपाध्यक्ष लारेन ड्रैयर और जापान के संचार मंत्रालय के उपमंत्री हिदेअी फुसेदा समेत सरकारी व उद्योग वक्ताओं के सत्र होंगे।

सड़क परिवहन के सुधारों का बनेगा रोडमैप, राज्यों में भी सुधार की जरूरत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: देश में हाईवे निर्माण की गति से साथ चुनौतियां भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। न तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकी है और न ही हाईवे-एक्सप्रेसवे के निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे से निकल सकी। यही नहीं, कई राज्यों में भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादों ने भी प्रगति की रफ्तार को प्रभावित किया है।

ऐसी ही तमाम चुनौतियों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दो दिन तक गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित चिंतन शिविर के अलग-अलग सत्रों में चर्चा हुई। फिलहाल निष्कर्ष यह है कि केंद्र के तमाम तकनीकी प्लेटफार्म जैसे उपाय राज्य भी कर सकते हैं, साथ ही निर्माण की गुणवत्ता और बेहतर डीपीआर के लिए माडल कंसेशन एग्रीमेंट में कुछ विशेष बदलावों सहित मंत्रालय जल्द ही सुधारों का एक रोडमैप भी तैयार कर सकता है।

जीएसटी काउंसिल कर दरों में बदलाव के किसी प्रस्ताव पर साल में सिर्फ एक बार करेगी विचार

- जीएसटी दरों में कोई भी बदलाव वित्त वर्ष की शुरुआत से होगा लागू
- ई-कामर्स से की जाने वाली आपूर्ति पर 5% की जीएसटी दर लागू होगी

नई दिल्ली, प्रेट्र: वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि जीएसटी काउंसिल कर दरों में बदलाव के किसी भी प्रस्ताव पर साल में सिर्फ एक बार विचार करेगी। इतना ही नहीं जीएसटी दरों में किसी भी तरह का बदलाव वित्त वर्ष की शुरुआत यानी एक अप्रैल से लागू होगा। इसके अलावा, कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और राज्यों के समकक्षों वाली जीएसटी काउंसिल ने पिछले साल सितंबर में कर दरों और स्लैब को तर्कसंगत बनाने का फैसला किया था। चार स्लैब वाले जीएसटी (5, 12, 18 और 28 परसेंट) को बदलकर पांच और 18 प्रतिशत के दो-स्तरीय स्ट्रक्चर में बदल दिया गया था। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि आठ अक्टूबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में कर दरों में पुनर्गठित जीएसटी करीब एक साल से लागू है और इससे उपभोक्ताओं, उद्योग, कर राजस्व तथा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। पिछले साल जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से खपत को बढ़ावा मिला है और जीएसटी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। इस साल जून से मासिक जीएसटी राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।

पंजीकृत करदाताओं के लिए फैसलेस आकलन व्यवस्था शुरू करने की तैयारी: केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) केंद्रीय जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं के लिए फैसलेस' आकलन व्यवस्था शुरू करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह एक केंद्रीकृत आकलन व्यवस्था होगी। इसके तहत कर नोटिस, सुनवाई और आदेश अलग-अलग कार्यालयों के बजाय एक राष्ट्रीय मंच के माध्यम से निपटाए जाएंगे।

विमानन कंपनियों की नजर भारत के विमानन बाजार की तेज वृद्धि पर है

प्रथम पृष्ठ से आगे

विमानन मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि उक्त घोषणाएं देश में विमान निर्माण के आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने वाली हैं। देशी व विदेशी विमानन कंपनियों की नजर भारत के विमानन बाजार की तेज वृद्धि पर है। 2014 में देश में करीब 74 हवाई अड्डे थे, अब 166 हैं। मंत्रालय की तैयारी अगले 10 वर्षों में 100 और हवाई अड्डों को जोड़ने की है। यात्री आवाजाही भी तेजी से बढ़ी है। 2024-25 में भारतीय हवाई अड्डों ने करीब 41.2 करोड़ यात्रियों को संभाला है। घरेलू एयरलाइनों के बेड़े में करीब 850 विमान हैं, जबकि 1,600 से अधिक विमानों का आर्डर दिया गया है। इनकी कीमत लगभग 100 अरब डालर है। इंडिगो और एअर इंडिया आज दुनिया में सबसे ज्यादा विमानों के आर्डर देने वाली कंपनियां हैं।

भोपाल में 450 करोड़ से बने विश्व-स्तरीय स्टेशन पर टहल रही भैंसें

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल

पीपीपी माडल पर 450 करोड़ रुपये के बजट से भोपाल में विकसित विश्व स्तरीय सुविधाओं वाला रानी कमलापति रेलवे स्टेशन मवेशियों का ठिकाना बनता दिख रहा है। रेलवे प्रशासन की ओर से अति-सुरक्षित बताए जा रहे इस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार को दो भैंसें टहलती दिखीं। इसके कुछ घंटे बाद ही यहां पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का दौरा हुआ।

सोमवार दोपहर बाद करीब 3.12 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर शताब्दी एक्सप्रेस खड़ी थी। उसी दौरान दो भैंसे प्लेटफार्म पर पहुंच गईं। वे यात्रियों के बीच घूमतीं रहीं। वहीं गोबर किया। यात्री असहज नजर आए। ढाबा है कि स्टेशन पर 160 हाइटेक कैमरों से नजर रखी जाती है। सोमवार सुबह पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे थे। शाम करीब छह बजे उन्होंने लौटकर स्टेशन का निरीक्षण भी किया। जिस दिन स्टेशन की व्यवस्थाओं को परखा जाना था, उसी दिन दोपहर में प्लेटफार्म पर भैंसें घूमती मिलीं। स्टेशन परियोजना के महाप्रबंधक मोहित समैया ने कहा कि आरपीएफ थाने का गेट खुला रहने से भैंस स्टेशन पर पहुंच गई थीं।

- रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म-एक पर टहलती मिलीं दो भैंसे, असहज हुए यात्री, कुछ देर बाद जीएम भी पहुंचे


भोपाल: रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार दोपहर टहलकदमी करतीं दो भैंसे। नईदुनिया

चिंतन

प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद सामने आए एक वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी को एक महिला के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करते हुए दिखाया गया। पुलिस की जांच में यह वीडियो वास्तविक सीसीटीवी फुटेज नहीं, बल्कि एआई तकनीक से तैयार किया गया फर्जी वीडियो निकला। इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया गया है। यह दिखाता है कि कुछ लोग फर्जी पत्रकार बनकर अपना एजेंडा चला रहे हैं और मीडिया को बदनाम कर रहे हैं। ऐसे में प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर को समझना जरूरी हो गया है। ऐसे प्रोपेगेंडाधारी आंदोलनों में पुलिस कर्मचारियों को उकसाते हैं। उनके सवालों और बयानबाजी से लगता है कि वे किसी एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं। एआई के जरिये वीडियो तैयार करते हैं और फिर इसे किसी विशेष दल द्वारा प्रसारित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है कि एजेंडा आधारित पत्रकारिता न की जाए, और जब भी मौके पर जाएं तो पत्रकार अपने आईडीकार्ड साथ लेकर जाएं। बता दें कि नदीम ने मदरसे से पढ़ाई की है और वह खुद को एक स्वतंत्र पत्रकार बताता है। उसने 10वीं तक पास नहीं की है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर इस वीडियो को प्रसारित कर दिल्ली पुलिस के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वीडियो के फर्जी पाए जाने के बाद इसे साझा करने वालों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण बात राजनीतिक दलों से भी आगे जाकर मीडिया की विश्वसनीयता की है। पत्रकारिता का पहला धर्म किसी दावे को इसलिए सच मान लेना नहीं है, क्योंकि वह वीडियो के रूप में सामने आया है। वीडियो प्रमाण का मजबूत माध्यम जरूर है, लेकिन एआई और डीपफेक तकनीक के दौर में केवल वीडियो का होना उसकी सत्यता की गारंटी नहीं रह गया है। हालांकि महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें की हैं और इन शिकायतों की जांच चल रही है। यही वह बिंदु है जहां प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी हो जाता है। प्रोपेगेंडा का उद्देश्य किसी धारणा को मजबूत करना हो सकता है, जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तथ्य की पड़ताल करना है। प्रोपेगेंडा पहले निष्कर्ष तय करता है और उसके अनुकूल सामग्री तलाशता है। पत्रकारिता इसके उलट सवाल से शुरू होती है और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचती है। एआई युग में पत्रकारिता को गति से ज्यादा सत्यापन को महत्व देना होगा। स्रोत, मूल फुटेज, समय, स्थान, मेटाडाटा और स्वतंत्र प्रत्यक्ष प्रमाण इन सभी की पड़ताल जरूरी होगी। लोकतंत्र में पुलिस से सवाल भी होने चाहिए और मीडिया से सवाल भी। किसी महिला पत्रकार के आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और किसी पुलिस अधिकारी को फर्जी वीडियो के आधार पर दोषी भी नहीं ठहराया जाना चाहिए। दोनों प्रक्रियाओं के बीच सही संतुलन लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखेगा। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष के नैरेटिव को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि सच और प्रचार के बीच स्पष्ट रेखा खींचने की है। आने वाले समय में विश्वसनीय मीडिया वही होगा, जो सबसे पहले खबर देने की होड़ से ऊपर उठकर सबसे पहले सही खबर देने को प्राथमिकता देगा।



25 वर्ष की जनसेवा

सरोज पांडेय

राष्ट्रसेवा का एक अविराम संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प-उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है।

पच्चीस वर्ष... समय की दृष्टि से यह एक लंबी यात्रा है, लेकिन राष्ट्रसेवा के संकल्प के सामने यह यात्रा भी छोटी लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प-उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है।

इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि भारत केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है। पच्चीस वर्षों की यह यात्रा हमें यह संदेश देती है कि सार्वजनिक जीवन में पद से बड़ा उद्देश्य होता है और राजनीति से बड़ी राष्ट्रनीति। यह केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं, बल्कि उस संकल्प का उत्सव है, जिसमें भारत की प्रगति, गरीब का सम्मान और राष्ट्र का गौरव सर्वोपरि है। पच्चीस वर्ष किसी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होते हैं, लेकिन जब ये पच्चीस वर्ष राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक सफर नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संकल्प, परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की ऐसी यात्रा है, जिसने भारतीय राजनीति और जनसेवा की कार्यशैली पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक सामान्य परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में एक असाधारण यात्रा है।

इस यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, चुनौतियां सामने आईं और कठिन निर्णयों की परिस्थितियां भी बनीं। लेकिन निरंतर काम करते रहने की प्रवृत्ति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का भाव इस पूरे सफर की प्रमुख विशेषता रहा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए केवल उनके पदों को देखना पर्याप्त नहीं है। उनके राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उन्होंने संगठन और जनसंपर्क को अपनी कार्यशैली का आधार बनाया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सामान्य नागरिकों से संवाद, उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच उनके सार्वजनिक जीवन में लगातार दिखाई देती रही है। पिछले वर्षों में भारत ने अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन का अनुभव किया है। बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से लेकर डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग तक, गरीब और वंचित वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों तक-विकास की चर्चा अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों की आकांक्षाएं भी राष्ट्रीय विकास की चर्चा का हिस्सा बनी हैं। इन वर्षों में आत्मनिर्भर भारत का विचार भी व्यापक रूप से सामने आया। भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन,



नवाचार, तकनीक और वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाले देश के रूप में देखने की सोच मजबूत हुई। आज दुनिया में भारत की भूमिका पर होने वाली चर्चाओं में उसकी आर्थिक क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और युवा शक्ति का विशेष उल्लेख होता है। लेकिन किसी भी जननेता की वास्तविक परीक्षा केवल उपलब्धियों से नहीं होती। लोकतंत्र में जनता की अपेक्षाएं निरंतर बढ़ती रहती हैं। करोड़ों लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को साथ लेकर चलना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए 25 वर्षों की यह यात्रा उपलब्धियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों की भी यात्रा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की एक विशेष पहचान उनका संवाद का तरीका भी रहा है। उन्होंने देश के सामान्य नागरिक से सीधे संवाद को महत्व दिया। रेडियो, डिजिटल माध्यमों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने का प्रयास किया। इस संवाद ने राजनीति और जनता के बीच की दूरी को कम करने की एक नई शैली को जन्म दिया।

महिलाओं की भूमिका, युवाओं की ऊर्जा, किसानों की मेहनत, गरीबों की गरिमा और देश के छोटे उद्यमियों की क्षमता को राष्ट्रीय विकास से जोड़ना आज के भारत की चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह बदलाव केवल योजनाओं या नीतियों का विषय नहीं है; इसके पीछे देश के नागरिकों की बदलती आकांक्षाएं भी हैं। एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि सार्वजनिक जीवन लंबी दौड़ है। इसमें केवल चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं होता। जनता का विश्वास बनाए रखना, लगातार काम करते रहना और बदलते समय के साथ देश की आवश्यकताओं को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि राजनीति को यदि जनसेवा का माध्यम माना जाए तो पद साधन बन जाता है और उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण। उनके समर्थक उनकी इसी कार्यशैली को उनकी सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। पच्चीस वर्ष की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्रनिर्माण किसी एक दिन या एक सरकार का कार्य नहीं होता। यह करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, विश्वास और सहभागिता से निर्मित होने वाली सतत प्रक्रिया है। जननेता उस प्रक्रिया को दिशा दे सकता है, लेकिन उसकी सफलता अंततः जनता की भागीदारी से ही संभव होती है। यह आने वाले वर्षों के लिए नए संकल्प लेने का भी अवसर है।

भारत आज जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने खड़ा है, उसके सामने नई चुनौतियां भी हैं और नई संभावनाएं भी। एक जनसेवक के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि उसके जीवन का एक बड़ा हिस्सा देश के नाम समर्पित हो जाए, और उसके कार्यों के केंद्र में भारत की जनता बनी रहे। यह यात्रा उस भारत की ओर बढ़ती रहे, जहां विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हर नागरिक को सम्मान मिले और आने वाली पीढ़ियां एक सशक्त, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत का निर्माण करें। यही पच्चीस वर्षों की जनसेवा का सबसे सुंदर अर्थ है, व्यक्ति से बड़ा राष्ट्र, पद से बड़ा दायित्व और राजनीति से बड़ा जनसेवा का संकल्प। कुछ यात्राएं केवल समय के साथ पूरी नहीं होतीं, वे इतिहास के पन्नों पर अपनी छाप छोड़ जाती हैं। इन 25 वर्षों में एक कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इन वर्षों को केवल राजनीतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से भी मापा जाना चाहिए जो करोड़ों भारतीयों ने उनके नेतृत्व में देश के भविष्य को लेकर महसूस किया है। राष्ट्रसेवा की यह यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे- यही शुभकामना है।

(लेखिका भाजपा की पूर्व सांसद हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत

राज कुमार सिन्हा



चुनाव आयोग पर सवालों से विपक्ष को संजीवनी

दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच कल सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और अंतरिम रूप से सस्पेंड करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को दावा किया था कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मतदाओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। मामला दाखिल याचिकाओं के बाद सामने आया, जिनमें दावा किया गया कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 महत्वपूर्ण फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां दर्ज की थी, जबकि फैसले भारत के निर्वाचन आयोग के नाम से आगे बढ़े थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि बहुसदस्यीय चुनाव आयोग के फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले नहीं ले सकते हैं। दरअसल, फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया है। अन्य निर्वाचन आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते हैं। बेंच ने ज्ञानेश कुमार को फिलहाल एक्स पार्टी सस्पेंड करने से इनकार किया है, लेकिन मामला खारिज नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल चुनाव आयोग और अदालत के बीच चल रही न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की राजनीति, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच बढ़ते अविश्वास से भी है। यदि चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह विपक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका सामान्य प्रशासनिक संस्था से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग के फैसलों पर राजनीतिक दलों और मतदाताओं का विश्वास चुनाव की निष्पक्षता की चुनियादी शर्त है। इसलिए जब आयोग के भीतर ही किसी निर्णय को लेकर मतभेद या असहमति की बात सामने आती है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचता है, तो उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बहुसदस्यीय चुनाव आयोग में किसी बड़े नीतिगत या चुनावी फैसले को मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस प्रश्न पर न्यायिक परीक्षण होता है और भविष्य में न्यायालय कोई स्पष्ट व्यवस्था देता है, तो इसका असर केवल मौजूदा विवाद पर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की भविष्य की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। इससे यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की संवैधानिक भूमिका का संतुलन किस प्रकार कायम किया जाना चाहिए। इस विवाद की असली परीक्षा यही होगी कि क्या देश की चुनावी संस्थाएं और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास का केंद्र बनी रह सकती है। यदि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल लगातार बढ़ते हैं, तो इसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को होगा इसलिए मौजूदा विवाद को केवल "ज्ञानेश कुमार बनाम विपक्ष" के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल इससे कहीं बड़ा है कि क्या भारत की चुनावी व्यवस्था ऐसी बनी रहेगी जिस पर चुनाव हारने वाला भी भरोसा करे और चुनाव जीतने वाला भी? यही सवाल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब वह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए - किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज़) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

क्रोध में हम, चिल्लाते क्यों हैं?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा- पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिए। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हो जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सकें। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिए उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योंकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दूसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दूसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दूसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें।

अंतर्मन



आज की पाती

खेलों की संस्कृति विकसित हो

जापान के नागोया में आयोजित एशियन गेम्स-2026 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत 85 पदक जीते। मेडल की सूची में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर पूरा देश गर्व करता है। एशियन गेम्स में खिलाड़ियों के पदक लाई पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हैं। इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने एक साथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कई अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी खेलों में लंबा सफर तय करना है। इसके लिए देश में खेल संस्कृति को विकसित करना होगा। - कमल साहू, गरियाबंद

ट्रेंड

स्पेशल पर्पस व्हीकल



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दी है। इसे एक 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के तौर पर बनाया जाएगा, ताकि ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रिसर्च, प्लानिंग, अप्रैजल और प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

दोहरा रवैया नहीं चलेगा



कांग्रेस को फर्जी वोटों से इतना लगाव क्यों है? एक सही वोटर लिस्ट लोकतंत्र की आत्मा होती है। अगर वे जीतते हैं तो लोकतंत्र ठीक, वोटर लिस्ट भी ठीक, लेकिन अगर वे हारते हैं तो इसे वोटों की चोरी कहा जाता है। यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

चुनाव आयुक्त



आज 300 से ज्यादा विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए समय से चुनाव आयोग तक मार्च किया। हम करोड़ों भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चुनाव आयुक्त हमसे क्यों नहीं मिल रहे, पुलिस हमें क्यों रोक रही है और धमका रही है?
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र का मजाक




पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एकजुट है। कुछ सालों से, ये लोग असली वोट चोरकाटर और फर्जी वोट जुड़वाकर चुनाव जीत रहे है। इन्होंने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है। मैं देश में वोट की चोरी के खिलाफ चल रहे आंदोलन का समर्थन करता हूं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

केन्या ने कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की


केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर (रक्तस्रावी बुखार) जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान सोमवार देर रात मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश को 'हाई अलर्ट' पर रखा है और संभावित रूप से सामने आने वाले अन्य मामलों पर नजर रखी जा रही है। डुएले ने बताया कि 28 लोगों की पहचान की गई है जो मरीजों के संपर्क में आए थे; इनमें परिवार के सदस्य और मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। युगांडा से उसी उड़ान में यात्रा करने वाले 23 अन्य यात्रियों का भी पता लगाया जा रहा है। केन्या चौथा ऐसा देश है जहां मौजूदा इबोला प्रकोप में संक्रमण का मामला सामने आया है। इस प्रकोप की घोषणा मई के मध्य में कांगो के पूर्वी हिस्से में की गई थी। युगांडा में 20 मामले और फ्रांस में एक मामला सामने आया है।



ऑफ बीट

ब्रह्मांड में जीवन के लिए सबसे अनुकूल जगहें कौन-सी हैं?

पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं पत्रिका 'मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है।



जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलॉक्स क्षेत्र' कहा जाता है-यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संपादकीय

थंडीआधीच दुष्काळाचा दाह

यंदा पावसाळा संपला, पण राज्यात टँकरच्या फेऱ्या अखंड सुरू आहेत. ऑक्टोबरमध्येच पाणीकपातीची वेळ आली असून हिवाळा सुरू होण्यापूर्वी महाराष्ट्राला उन्हाळ्याची चिंता सतावू लागली असल्याने दुष्काळाच्या संकटाची खोली वेगळी सांगण्याची गरज नाही. अनेक ठिकाणी डिसेंबर-जानेवारीतच जलस्रोत आटण्याची भीती आहे. त्यानंतर पुढचा पाऊस येईपर्यंत जगायचे कसे, हा प्रश्न आ वासून उभा आहे. मुद्दा केवळ पिण्याच्या पाण्याचा नाही. तो शेतीचा, रोजगाराचा, अन्नधान्याच्या किमतींचा आणि एकप्रकारे सामान्य माणसाच्या जगण्याचाच आहे. दुष्काळ केवळ शिवारच कोरडे करत नाही तर घरातली चूलही कोरडी करतो. पहिल्याच पाहणीत राज्यातील २६५ तालुक्यांत दुष्काळी स्थिती आढळल्याने येत्या १६ ऑक्टोबरपासून सर्व स्थानिक स्वराज्य संस्थांनी पाणीवापरात किमान दहा टक्के कपात करावी, उद्योगांनी किमान तीस टक्के पाण्याच्या पुनर्वापराची व्यवस्था करावी आणि पिण्याच्या पाण्याला प्रथम प्राधान्य द्यावे, असे निर्देश जलसंपदा विभागाने दिले आहेत. कारण उपलब्ध साठा ३१ ऑगस्ट २०२७ पर्यंत पुरवण्याचे आव्हान आहे आणि जलाशयांमध्ये दहा टक्के अतिरिक्त आपत्कालीन साठाही राखायचा आहे. हा सरकारी निर्णय म्हणजे संकटाच्या अधिकृततेवर शिक्कामोर्तब आहे. मात्र पाणीकपात जाहीर केली म्हणजे पाणीव्यवस्थापन झाले, असे मानता येणार नाही. वितरणातील मोठी गळती, अनधिकृत उपसा आणि असमान पुरवठा कायम ठेवून नागरिकांच्या नळाला कात्री लावणे हा तर सगळ्यात सोपा मार्ग झाला. नळ बंद करण्यापूर्वी व्यवस्थेतील पाणीगळती बंद झाली पाहिजे. प्रत्येक शहराने, गावाने किती पाणी उचलले, किती वितरित केले आणि किती वाचवले, याचा काटेकोर हिशेब ठेवत तो नेमाने सार्वजनिक केल्यास यंत्रणा किती गांभीर्याने काम करत आहेत ते वेळीच स्पष्ट होईल. शहरांपेक्षाही ग्रामीण भागात परिस्थिती अधिक कठीण असेल. खरीप हातातून गेल्यानंतर रब्बीवर आशा ठेवणाऱ्या शेतकऱ्याला आता पाण्याची मर्यादा स्वीकारावी लागणार आहे. पिण्याचे पाणी सुरक्षित ठेवणे अपरिहार्यच; पण त्यासाठी शेतकऱ्याला अनिश्चिततेत ढकलून चालणार नाही. कोणत्या धरणातून किती आवर्तने मिळतील, ती कधी मिळतील आणि कोणती पिके घेणे शक्य आहे, हे पेरणीपूर्वी स्पष्ट झाले पाहिजे. चुकीच्या आश्वासनावर झालेली पेरणी म्हणजे मेहनत वाया, पाण्याची नासाडी आणि उरल्या-सुरल्या आशेला सुरुंग. ते टाळत कमी पाण्यावरील पिकांसाठी बियाणे, ठिबक-तुषार सिंचनासाठी तातडीची मदत आणि स्थानिक परिस्थितीनुसार कृषी सल्ला आवश्यक आहे. उभ्या फळबागा वाचवण्यासाठी स्वतंत्र नियोजनही हवे. वर्षानुवर्षे उभी केलेली बाग एका हंगामात उद्ध्वस्त झाली, तर नुकसान एका पिकापुरते राहत नाही. जनावरांसाठी पाणी आणि चाऱ्याची व्यवस्था आतापासून करावी लागेल. मदत, विमा आणि रोजगार हमीची कामे कागदोपत्री मंजूर होऊन उपयोग नाही, त्यांचा लाभ वेळेत पोहोचला पाहिजे. कारण भुकेला प्रशासकीय प्रक्रियेची मुदत समजत नाही. शेती पाठोपाठ उद्योग क्षेत्राला या संकटाचा सामना करावा लागेल. पाणी कमी पडले, तर उत्पादन घटेल, खर्च वाढेल आणि त्याची झळ कामगारांपासून राज्याच्या अर्थव्यवस्थेलाही बसेल. उद्योगांना तीस टक्के पुनर्वापराचा आदेश देताना प्रक्रिया केलेल्या पाण्याची उपलब्धता, वाहिन्या आणि लघुउद्योगांना परवडणारी सामायिक यंत्रणा उभी करावी लागेल. महापालिकांची सांडपाणी प्रक्रिया केंद्रे पूर्ण क्षमतेने चालल्यास उद्योग, बांधकामे आणि उद्यानांसाठी पिण्यायोग्य पाण्यावरील ताण कमी करता येईल. दुष्काळाचे सामाजिक गणितही दुर्लक्षिता येणार नाही. पाणी आणण्यासाठी महिलांचा वाढणारा वेळ, मुलांच्या शिक्षणातील अडथळे, रोजगारासाठी स्थलांतर आणि विकतच्या पाण्याचा खर्च यामुळे बहुसंख्य गरीब कुटुंबांची चारही बाजूने कोंडी होईल. दुष्काळनिवारण म्हणजे टँकर पुरवणे एवढेच नाही. ते एकूण उत्पन्न, अन्नसुरक्षा, आरोग्य आणि मानसिकतेला आधार देण्याचे काम आहे. पाणीवाटपाचा न्याय आणि प्रशासनावरील विश्वास टिकवणे हीदेखील संकटातील मूलभूत गरज आहे. सरकारकडून एवढ्या अपेक्षा करताना प्रत्येकाने आपल्या परीने होता होईल तेवढा पाण्याचा अपव्यय थांबवला पाहिजे. मोठ्या वापरकर्त्यांनाही तेवढीच शिस्त लावावी लागेल. पाऊस कमी पडणे सरकारच्या हातात नसले तरी उपलब्ध पाण्याचे न्याय्य व्यवस्थापन मात्र असते. त्यामुळे बैठका, आदेश आणि आवाहने यांपुढे जाऊन आता थेट परिणाम दिसतील अशी कृती हवी. अशा स्थितीत अंमलबजावणीच्या प्रत्येक दिवसाचा विलंब अधिकाधिक महागात पडतो. कारण, दुष्काळात पाण्याचा प्रत्येक थेंब मोलाचा असतो!

राष्ट्रनिर्मिती आणि दूरदर्शी नेतृत्वाचा संपन्न प्रवास

पंतप्रधान नरेंद्र मोदी आज राजकीय जीवनातील नेतृत्वाची २५ वर्षे पूर्ण करीत आहेत. सेवा, संकल्प आणि समर्पणाच्या या संपन्न कारकिर्दीच्या निमित्ताने!



देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री,
महाराष्ट्र राज्य

राजकारणात अनेक नेते येतात. काही नेते निवडणुका जिंकतात, काही सरकारे चालवतात; पण काही नेतृत्व अशी असतात, जी देशाच्या विकासाचा विचार करण्याची पद्धतच बदलून टाकतात. नरेंद्र मोदीजींच्या सार्वजनिक जीवनातील २५ वर्षांचा प्रवास हा अशाच परिवर्तनाचा प्रवास आहे. दि. ७ ऑक्टोबर २००१ रोजी गुजरातच्या मुख्यमंत्रिपदाची शपथ घेतलेल्या मोदीजींच्या सार्वजनिक जीवनाला आज (बुधवारी) २५ वर्षे पूर्ण होत आहेत. हा २५ वर्षांचा प्रवास भारताच्या विकासाच्या बदलत्या दिशेचा, जनसहभागातून राष्ट्रनिर्मितीचा आणि सामान्य माणसाच्या आकांक्षांना केंद्रस्थानी ठेवणाऱ्या नेतृत्वाचा प्रवास आहे.

गुजरातचे मुख्यमंत्री म्हणून प्रशासनाचा अनुभव घेतल्यानंतर २६ मे २०१४ रोजी मोदीजींनी भारताच्या पंतप्रधानपदाची जबाबदारी स्वीकारली. मे २०२६ मध्ये त्यांच्या पंतप्रधानपदाचा १२ वर्षांचा टप्पा पूर्ण झाला. गुजरातपासून दिल्लीपर्यंतच्या या प्रवासाचा एक महत्त्वाचा भाग म्हणजे महाराष्ट्र. उद्योग, व्यापार, शेती, शिक्षण, विज्ञान, संस्कृती आणि सामाजिक परिवर्तनाची प्रदीर्घ परंपरा असलेल्या महाराष्ट्राला राष्ट्रीय विकासाच्या केंद्रस्थानी आणण्यात केंद्र सरकारच्या विविध निर्णयांचा आणि पायाभूत प्रकल्पांचा मोठा वाटा आहे. २०१४ ते २०२६ हा कालखंड महाराष्ट्राच्या पायाभूत सुविधांच्या इतिहासातील महत्त्वाचा टप्पा ठरला आहे.

सामान्य कुटुंबातून पुढे आलेल्या मोदीजींच्या सार्वजनिक जीवनाची सुरुवात समाज संघटनेच्या कार्यातून झाली. १९७४च्या गुजरातमधील विद्यार्थी आंदोलनातील सहभाग, आणीबाणीच्या काळातील भूमिगत जनजागरण आणि भारतीय जनता पक्षाच्या संघटनात्मक कार्यातील प्रदीर्घ अनुभव या प्रवासातील महत्त्वाचे टप्पे आहेत.

गुजरातचे मुख्यमंत्री म्हणून त्यांच्या पहिल्या मोठ्या परीक्षांपैकी एक म्हणजे २००१च्या भूकंपानंतरचे पुनर्वसन आणि पुनर्निर्माण. या काळात प्रशासनाच्या कामकाजात उद्दिष्टे, आकडेवारी, वेळमर्यादा आणि प्रत्यक्ष परिणाम यांना महत्त्व देणारी कार्यशैली विकसित झाली. किती घरे बांधली, किती कुटुंबांचे पुनर्वसन झाले, कोणते काम पूर्ण झाले आणि कुठे अडथळे आहेत, याचा आढावा घेणारी पद्धत पुढे त्यांच्या प्रशासन शैलीची ओळख ठरली. २००१ मध्ये एक लाख कोटींपेक्षा कमी असणारी गुजरातची निर्यात मोदीजींच्या मार्गदर्शनात चार लाख कोटींपर्यंत पोहोचल्याचे उपलब्ध आकडेवारी सांगते.

२०१४ मध्ये पंतप्रधानपदाची जबाबदारी स्वीकारल्यानंतर मोदीजींनी भारताच्या विकासाची दिशा व्यापक राष्ट्रीय उद्दिष्टांशी जोडली. विकसित भारत २०४७ हे केवळ आर्थिक विकासाचे लक्ष्य नाही,



तर आत्मनिर्भरता, पायाभूत सुविधा, तंत्रज्ञान, सामाजिक समावेशकता, महिला सक्षमीकरण आणि सांस्कृतिक वारसा यांचा समन्वय साधणारे राष्ट्रनिर्मितीचे ध्येय आहे. या दृष्टिकोनातून अनेक राष्ट्रीय उपक्रमांना चालना मिळाली.

२५ कोटी नागरिकांना दारिद्र्यरेषेतून बाहेर काढणे असो, देशभरातील गरीब आणि महिलांना जनधनमधून बँकिंग सेवेत आणणे असो, मुद्रा, स्टार्टअपमधून युवांसाठी अफाट संधी उपलब्ध करणे असो, यूपीआयची अनोखी भेट असो, कितीतरी उपलब्धी आहेत. सर्वांसाठी घरे, शौचालये, प्रत्येक घरात नळ, अशा मूलभूत क्षेत्रातही त्यांना काम करावे लागले.

देशाची आत्मनिर्भरतेकडे वाटचाल ही अतिशय महत्त्वाची बाब आहे. संरक्षण क्षेत्रातही भारत निर्यातदार देश बनला. शेजारी देशांनी जेव्हा कुरापती केल्या, तेव्हा घरात घुसून ठोकणारा देश ही प्रतिमा त्यांनी निर्माण केली. राममंदिर निर्मिती असो, काश्मिरातून कलम ३७० रद्द करणे असो, तीन तलाकसारखी कुप्रथा असो कितीतरी विषय तडीस गेलेले आपण पाहिले.

सिंचन असो, पायाभूत सुविधा असो, शेती आणि शेतकरी असो, महाराष्ट्र हे सर्वाधिक लाभान्वित राज्य ठरले. लाखो कोटींचे पायाभूत सुविधांचे प्रकल्प, इंदू मिल स्मारक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे लंडनमधील स्मारक, छत्रपती शिवाजी महाराजांचे १२ किल्ले युनेस्को यादीत, वाढवण पोर्ट, नवी मुंबई विमानतळ, महाराष्ट्राच्या सामाजिक, आर्थिक प्रगतीच्या प्रत्येक टप्प्यावर मोदीजींचे अतिशय भक्कम मार्गदर्शन महाराष्ट्राला लाभले. पुढचा टप्पा विकसित भारताचा आहे आणि त्यात महाराष्ट्र अग्रणी आहे. देशाच्या ५ ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्थेच्या वाटचालीत महाराष्ट्राने आपला १ ट्रिलियनचा वाटा उचलण्याचा संकल्प केला, तो मोदीजींच्या भक्कम आशीर्वादाच्या बळावरच.

२०१४ मध्ये मोदीजी पंतप्रधान झाले आणि त्याचवर्षी महाराष्ट्राचे नेतृत्व करण्याची संधी मला मिळाली. त्यामुळे माझ्या या आजवरच्या वाटचालीत प्रत्येक क्षणाला मोदीजींचे मार्गदर्शन मला मिळाले. ते कायम महाराष्ट्राच्या पाठीशी भक्कम उभे राहिले. आजही जेव्हा काही समस्या असतात, तेव्हा मी त्यांना भेटतो, तासभराच्या भेटीत ते शांततेने ऐकून घेतात आणि त्यावर तोडगासुद्धा सुचवतात. त्यांची भेट ही कायमच दिलासा देणारी, नवी ऊर्जा देणारी आणि नवी उमेद, प्रोत्साहन देणारी असते. हा माझाच नाही, प्रत्येक सामान्य कार्यकर्त्याचा अनुभव आहे.

देशाला एक उत्तुंग, विशाल, राष्ट्रहित समर्पित असे नेतृत्व लाभले, हे आपल्या सर्वांचे भाग्य. संवैधानिक पदावरील त्यांच्या रौप्यमहोत्सवी वाटचालीनिमित्त मी मनापासून त्यांचे अभिनंदन करतो. त्यांच्या नेतृत्वात विकसित भारताचा प्रवास अधिक भक्कम व्हावा आणि यासाठी त्यांना उत्तम आरोग्य आणि दीर्घायुष्य लाभावे, अशी प्रार्थना करतो.

ज्ञानेश कुमारांनी केरळममध्ये नक्की काय केले होते?

२० वर्षांपूर्वी केरळमच्या सेवेत असताना ज्ञानेश कुमार यांची 'प्रकरणे' आत्ता उकरून काढून काँग्रेस सरकारने त्यांची चौकशी लावली आहे. याला काय म्हणावे?



हरीष गुप्ता
नॅशनल एडिटर,
लोकमत, नवी दिल्ली

केंद्रीय मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्याविषयीचा एक सविस्तर, पण 'गोपनीय' असा दस्तऐवज काँग्रेसच्या राजधानीतील वरिष्ठ नेत्यांच्या बैठकीआधी अचानक समोर आला. केरळम केडरचे हे आयएएस अधिकारी राज्यात भ्रष्ट व्यवहारांमध्ये कसे सहभागी होते आणि ते मुख्य निवडणूक आयुक्तपदापर्यंत कसे पोहोचले, याची माहिती त्यात देण्यात आली होती. यातील गंमत अशी की, या काळात केरळममध्ये एकतर काँग्रेसचे किंवा डाव्या पक्षांचे सरकार होते. तरीही अनेकांना आश्चर्याचा धक्का देत केरळमचे मुख्यमंत्री व्ही. डी. सतीशन यांनी कुमार यांच्या अनेक संशयास्पद कारवायांची यादीच बैठकीत मांडली. सुमारे २० वर्षांपूर्वी ज्ञानेश कुमार एर्नाकुलमचे जिल्हाधिकारी असताना त्यांनी केलेल्या कामांचीही माहिती त्यात होती. यानंतर अनेकांच्या भुवया उंचावल्या. केरळममधील काँग्रेस सरकारांनी तेव्हाच त्यांच्यावर कारवाई का केली नाही, असा प्रश्न अनेक जण मनातल्या मनात विचारू लागले.

पण केरळम काँग्रेसमधील ए. के. अँटनी यांचे नाव घेण्याची हिंमत कोण करणार? २००७ ते २०१२ या काळात ज्ञानेश कुमार यांना केंद्रात संयुक्त सचिव म्हणून आणण्यात आले. त्या वेळी अँटनी संरक्षणमंत्री होते. त्यांनीच ज्ञानेश कुमार यांना केंद्रात आणले होते. आता केरळमचे गृहमंत्री रमेश चेन्निथला यांनी ज्ञानेश कुमार यांच्याविरोधात दक्षता विभागामार्फत चौकशीचे आदेश दिले आहेत. २००६ मध्ये एका रस्ते प्रकल्पामुळे राज्याचे नुकसान झाले होते. त्या प्रकल्पाशी संबंधित एका मलेशियन कंत्राटदाराने आत्महत्या केली होती. त्याच प्रकरणाची ही चौकशी आहे. पण राज्याला २० वर्षांनंतर जाग का आली? काँग्रेसने याचे उत्तर द्यायला हवे.

एस. जयशंकर असण्याचे महत्त्व

नरेंद्र मोदी पंतप्रधान झाल्यापासून इतर बहुतेक मंत्रालयांच्या तुलनेत परराष्ट्र मंत्रालयाला काहीसे वेगळे आणि वरचे स्थान मिळाले आहे. मोदी विविध मंत्रालयांचे मंत्री आणि सचिव यांच्याबरोबर नियमितपणे उच्चस्तरीय आढावा बैठका घेतात. मात्र, परराष्ट्र मंत्रालय या सामूहिक आढावा प्रक्रियेपासून बहुतांश वेळा दूरच राहिले आहे. याचा अर्थ या



मंत्रालयाला कमी महत्त्व आहे, असा मात्र अजिबात नाही. परराष्ट्र धोरणाची दैनंदिन अंमलबजावणी परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकर आणि परराष्ट्र सचिव विक्रम मिस्री यांच्यासह अनुभवी अधिकाऱ्यांकडून केली जाते. मात्र, मोदी स्वतःही या घडामोडींवर बारकाईने लक्ष ठेवतात.

मोदी यांच्या अध्यक्षतेखालील सुरक्षाविषयक मंत्रिमंडळ समितीमध्ये (CCS) परराष्ट्र मंत्रालयाचा महत्त्वपूर्ण सहभाग असतो. परराष्ट्र धोरणाशी संबंधित आणि राष्ट्रीय सुरक्षेच्या प्रश्नांवर ही समिती निर्णय घेते. त्यामुळे जयशंकर यांची भूमिका पारंपरिक परराष्ट्रमंत्र्यांच्या भूमिकेपेक्षा खूप व्यापक आहे. ते अक्षरशः २४ तास, सातही दिवस काम करणारे मंत्री आहे.. त्यांचा एक पाय दिल्लीत असतो, तर दुसरा सतत परदेशात. जयशंकर कणखर, स्पष्टवक्ते आणि थेट बोलणारे आहे.. गरज पडली की स्पष्ट शब्दांत बोलायला अजिबात मागे-पुढे पाहत नाहीत. व्यावसायिक कौशल्य, राजकीय आत्मविश्वास आणि पंतप्रधानांचा त्यांच्यावर असलेला विश्वास - या तिन्ही गोष्टी एकत्र आल्यामुळेच एस. जयशंकर इतक्या उंचीवर पोहोचले आहे..

'राजकारणाशी संबंधित व्यक्ती'

राजकारणी गर्दी जमवू शकतात, निवडणुका जिंकू शकतात आणि मोठा प्रभाव निर्माण करू शकतात. पण हेच राजकारणी बँकेत जातात, तेव्हा भारतीय रिझर्व्ह बँकेच्या नजरेत त्यांची एक वेगळीच ओळख असते-'Politically Exposed Person' (PEP), म्हणजे 'राजकारणाशी संबंधित व्यक्ती'.

रिझर्व्ह बँकेचे म्हणणे स्पष्ट आहे.. राजकारणाशी संबंधित असणे म्हणजे एखादी व्यक्ती आर्थिकदृष्ट्या संशयास्पद आहे, असे नाही. पण अशा व्यक्तीला बँक सरळपणे खाते उघडू देऊ शकत नाही. तिच्या पैशांचा आणि संपत्तीचा स्रोत काय आहे, हे निश्चित करण्यासाठी बँकेला आवश्यक ती पावले उचलावी लागतात. खाते उघडण्यापूर्वी वरिष्ठ व्यवस्थापनाची मंजुरी घ्यावी लागते आणि त्यानंतर त्या खात्यावर अधिक काटेकोर आणि सातत्याने देखरेख ठेवावी लागते. अलीकडे रिझर्व्ह बँकेने खुलासा केला आहे.. PEP ही जोखीम ओळखण्यासाठीची वर्गवारी आहे; संशयाचा शिक्का नव्हे. थोडक्यात, राजकीय सत्तेवर थोडी अधिक नजर ठेवा, पण सत्तेत असणे हा गुन्हा आहे, असे समजू नका.

harish.gupta@lokmat.com

जगभर

वृद्धेला घराबाहेर काढलं; स्पेन सरकार संकटात!

घरभाडं भरू न शकल्यानं एका वृद्ध महिलेला घर खाली करावं लागलं... म्हटलं तर ही एक अतिशय साधी आणि 'नेहमीची' घटना, पण यामुळे काय घडू शकतं? स्पेनमध्ये केवळ या एका घटनेनं सत्तारूढ सरकार संकटात सापडलं. याविरोधात हजारो लोक रस्त्यावर उतरले, त्यांनी तीव्र निदर्शनं केली, विरोधी पक्षांनीही रान उठवलं आणि सत्तारूढ पक्षाला चक्क मध्यावधी निवडणुका जाहीर कराव्या लागल्या.

या संपूर्ण प्रकरणाची सुरुवात २३ सप्टेंबरला झाली. माद्रिदमध्ये ८७ वर्षांच्या मारिया डेल कार्मेन अबास्कल यांना त्या सुमारे ७० वर्षांपासून राहत असलेल्या घरातून बाहेर काढण्यात आलं. अबास्कल कुटुंब अनेक दशकांपासून हे घर भाड्यानं घेत होतं. २०१८ मध्ये घराच्या मूळ मालकानं संपूर्ण इमारत एका रिअल इस्टेट कंपनीला विकली. त्यानंतर कंपनी आणि अबास्कल यांच्यात भाड्यावरून वाद सुरू झाला. कंपनीनं मासिक भाडं ५०० युरोंवरून थेट २,६५० युरोपर्यंत वाढवलं. अबास्कल यांना दरमहा सुमारे १,३५० युरो पेन्शन मिळत होती. म्हणजे मागितलेलं भाडं त्यांच्या संपूर्ण मासिक उत्पन्नापेक्षाही जवळपास दुप्पट होतं. त्यामुळे त्या नव्या दरानं भाडं भरण्याच्या स्थितीत नव्हत्या. अखेर हे प्रकरण न्यायालयात गेलं आणि त्यांना घर सोडावं लागलं.

ही घटना माध्यमांतून प्रसिद्ध झाल्यानंतर लोक प्रचंड संतापले. त्याचे पडसाद थेट देशाच्या राजकारणावर उमटले. वाढतं घरभाडं आणि भाडेकरूंना घराबाहेर काढण्याच्या घटनांविरोधात हजारो नागरिक रस्त्यावर उतरले. परिस्थिती इतकी गंभीर झाली की भाडेकरूंना दिलासा देण्यासाठी सरकारला संसदेत तातडीची विधेयकं आणावी लागली. त्यात भाडेकरूंना २०३० पर्यंत घराबाहेर काढण्यास प्रतिबंध, भाडेकरूंना करसवलत आणि सध्याचे भाडेकरार पुढे सुरू ठेवण्याच्या तरतुदी होत्या. मात्र, सरकारला या विधेयकांना आवश्यक



पाठिंबा मिळवता आला नाही. अखेर पंतप्रधान पेद्रो सांचेज यांनी मुदत संपण्याच्या सुमारे आठ महिने आधीच सार्वत्रिक निवडणुका घेण्याची घोषणा केली. स्पेनमध्ये २९ नोव्हेंबर २०२६ रोजी मतदान होणार आहे.

एका महिलेची ही कहाणी देशातील गृहनिर्माण संकटाचं प्रतीक बनली. अबास्कल यांना घराबाहेर काढतानाचे फोटो आणि व्हिडिओ समोर आल्यानंतर हे प्रकरण वेगानं संपूर्ण देशात पसरलं. नागरिकांचा सवाल होता की, ८७ वर्षांची वृद्ध महिला तिची संपूर्ण पेन्शन देऊनही घराचं भाडं भरू शकत नसेल, तर हा प्रश्न केवळ एका कुटुंबापुरता मर्यादित कसा राहू शकतो? माद्रिदसह अनेक शहरांमध्ये वाढत्या घरभाड्याविरोधात निदर्शनं झाली. सरकारवरही दबाव वाढला.

घरमालकांवर अधिक निर्बंध लादल्यास अनेक जण आपली घरं भाड्यानं देणं टाळतील आणि भाडेवाढीचा धोका आणखी मोठा होईल असं विरोधकांचं म्हणणं होतं.

स्पेनमध्ये कमी उत्पन्न असलेल्या नागरिकांसाठी स्वस्त सरकारी घरांची संख्या अत्यंत कमी आहे. एकूण घरांपैकी अशा घरांचा वाटा केवळ १.५ टक्के आहे. काही ठिकाणी घरभाडं तरुणांच्या सरासरी मासिक उत्पन्नाच्या तब्बल ९९ टक्क्यांपर्यंत पोहोचलं आहे. केंद्रीय बँकेनंही इशारा दिला आहे की घरांची कमतरता दूर झाली नाही, तर २०२८ पर्यंत स्पेनमध्ये १० लाखांहून अधिक घरांची कमतरता निर्माण होऊ शकते. त्यामुळे एका ८७ वर्षांच्या वृद्ध महिलेला घराबाहेर काढण्याची घटना स्पेनमधील सामान्य नागरिकांच्या आर्थिक असुरक्षिततेचं प्रभावी प्रतीक बनली.

जनमन

रशिया-युक्रेन युद्ध थांबवावे



रशिया व युक्रेनमध्ये युद्ध सुरू होऊन जवळपास पाच वर्षे झाली आहेत. हे युद्ध थांबविण्याचे कोणतेही प्रयत्न आंतरराष्ट्रीय स्तरावर होताना दिसत नाहीत. मागे अमेरिकेने हे युद्ध समाप्त करण्यासाठी काहीसे प्रयत्न केले होते. परंतु, ते प्रयत्न यशस्वी झाले नाहीत. प्रथमतः असे वाटत होते की, हे युद्ध जास्त काळ चालणार नाही. रशियासारख्या बलाढ्य देशासमोर युक्रेन टिकणार नाही. परंतु, नाटो देशांकडून मिळणाऱ्या मदतीमुळे युक्रेन रशियावर हल्ले करून रशियाची आर्थिक बाजू कमकुवत करण्याच्या प्रयत्नात आहे. या दोन देशांच्या युद्धामुळे अनेक नागरिकांचे बळी गेलेले आहेत. या युद्धात दोन्ही देशांचे मोठे नुकसान झाले आहे. युक्रेनचे मोठे मानवी, पायाभूत व आर्थिक नुकसान झाले असून, पुनर्बांधणीची गरज सुमारे ५८८ अब्ज डॉलर आहे. रशियाचेही सैनिकांची जीवितहानी, संरक्षणखर्च, निर्बंध आणि आर्थिक दबावामुळे मोठे नुकसान झाले आहे. अनेक लोक या युद्धामुळे विस्थापित झाले आहेत. हे युद्ध समाप्त करण्यासाठी आंतरराष्ट्रीय स्तरावर कोणत्याही हालचाली सुरू नाहीत. दोन्ही देश जिद्दीलाच पेटलेले आहेत. दोन्ही देशांच्या राष्ट्राध्यक्षांनी हे युद्ध समाप्त करण्यासाठी सकारात्मक पावले उचलायला हवीत. त्यांनी युद्धामुळे आपल्या जनतेचे होणारे नुकसान लक्षात घेतले पाहिजे. या युद्धामुळे जगाचेही मोठे नुकसान झाले आहे. हे असे आणखी किती दिवस चालणार? युद्ध नको, शांती हवी, ही विचारसरणी दोन्ही देशांनी स्वीकारायला हवी.

- शाम तळोकर, ईश्वरपूर

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

पर्पजफुल

पर्पजच्या शोधाचा प्रवास सुकर कसा करायचा?

वैयक्तिकरीत्या अर्थपूर्ण असे स्वतःपलीकडे बदल घडवणारे लांबपल्ल्याचे ध्येय म्हणजे 'पर्पज'.. ते नेमके शोधायचे कसे?



अमृत बंग
'निर्माण'
या युवा उपक्रमाचे प्रमुख

'पर्पज'ची संकल्पना, आयुष्याची दिशा ठरण्यात, त्यानुसार दैनंदिन जगण्यात व सुदृढ आंतरिक मनोविश्वासाठी पर्पजचे महत्त्व आणि अनेक फायदे हे आपण गेल्या काही लेखात बघितले. प्रत्यक्षात पर्पजफूल जीवन जगणारे किंवा सक्रियपणे तो शोध घेणारे तरुण कमी संख्येत आढळतात. असे का घडत असावे?

याबाबत काही स्पष्टीकरणांचा विचार करता येतो... पहिली बाब म्हणजे, 'पर्पज' किंवा 'जीवनाचे ध्येय' म्हणजे नक्की काय प्रकार आहे याची योग्य समज फारच कमी तरुणांना असते. जर मूळ संकल्पनाच चुकीची असेल, तर आपण योग्य दिशेने प्रयत्न करणार नाही, कुठल्यातरी वेगळ्याच गोष्टीचा पाठपुरावा करत बसू. भारतातील युवांना पर्पज या संकल्पनेबद्दल काय माहित आहे हे आपल्याला व्यापक प्रमाणात ज्ञात नाही. 'निर्माण'च्या एका अभ्यासात 'पर्पज या संकल्पनेची तुमची समज काय?', असा प्रश्न आम्ही युवांना विचारला. त्यात २८% युवांना पर्पज म्हणजे आयुष्याचे लांब पल्ल्याचे ध्येय, २१% युवांच्या उत्तरांत वैयक्तिक अर्थपूर्णता आणि २६% युवांच्या उत्तरांत स्वतः पलीकडे काहीतरी बदल घडवणे याचा उल्लेख आला. मात्र हे तिन्ही आवश्यक घटक एकत्र समाविष्ट करणाऱ्यांची संख्या फक्त ३% होती आणि तब्बल ४६% युवांच्या उत्तरांत यापैकी एकाही घटकाचा उल्लेख नव्हता.

युवांच्या फ्लारिशिंगसाठी आवश्यक सर्वात महत्त्वाच्या मुद्द्याविषयी युवांच्या मनात अपरिपूर्ण समज हे चिंताजनक आहे. म्हणून पर्पजचे तीन फीचर्स समजून आपण ज्याला आपले ध्येय मानतो, त्यामध्ये या तिन्ही गोष्टींचा समावेश आहे का, हे तपासून पाहिले पाहिजे. त्यात आवश्यक बदल करून ते अधिक अचूक करत राहिले पाहिजे.



दुसरी बाब म्हणजे योग्य संधी वा प्रोत्साहन न मिळणे. निर्माणच्या अभ्यासात आम्हाला सापडले की ८५% युवा 'माझ्या जीवनाचा उद्देश्य काय? माझा नेमका पर्पज काय?' यावर आठवड्यातून किमान एकदा विचार करतात, मात्र केवळ ३७% युवांना त्यांच्या कॉलेजच्या/कामाच्या ठिकाणचे वातावरण हे याचा शोध घेण्यासाठी अनुकूल आहे असे वाटते. त्यामुळे पर्पजपूर्तीसाठी योग्य मार्ग शोधणे आणि त्यानुसार जगणे तरुणांना कठीण वाटते. पर्पजविषयी प्रश्न जरी पडत असले तरी ती काहीतरी अवजड, अवघड गोष्ट आहे, त्याच्याकडे नंतर बघू, तोपर्यंत जे होईल ते होईल असा पवित्रा घेतला जातो. शिवाय कॉलेजमधील मित्र-मैत्रिणी, नातेवाईक, शिक्षक यांच्यासोबत या विषयासंदर्भात फारसे बोलणे होत नाही. पर्पजच्या शोधासाठी नीट संधी न मिळाल्यामुळे बाहेरच्या जगात जी काही फॅशनेबल उत्तरं आहेत त्यांचाच अवलंब करायचा याव्यतिरिक्त पर्याय युवांसमोर उरत नाही.

समाज म्हणून आपण तरुणांच्या यशाचे मोजमाप हे त्यांना परीक्षेत मिळालेले गुण, पगाराचे पॅकेज, गाड्यांची संख्या व ब्रँड किंवा मालकीच्या मालमत्तेचे, घराचे क्षेत्रफळ या निकषांवर करतो. आर्थिक यशाच्या अवास्तव अपेक्षा, उपभोगवादाचे असंख्य पर्याय आणि त्यासोबतच असुरक्षिततेची तीव्र भावना यांचा तरुणांवर भडिमार होतो. परिणामी, आपल्याला मिळालेल्या एकमेव आयुष्यात स्वतःचे ध्येय शोधण्याचे आणि त्याचा पाठपुरावा करण्याचे त्यांचे स्वातंत्र्य हिरावून घेतले जाते. यात बदल होणे गरजेचे आहे.

amrutabang@gmail.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे



हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५१३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

विपक्ष का प्रदर्शन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ी और देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लामबंद 'इंडिया' ब्लॉक के लगभग 150 सांसदों का मार्च अपनी नाटकीयता से मंगलवार को न सिर्फ पूरे दिन मीडिया में छाया रहा, बल्कि गांव-गांव तक अपने मुद्दे को पहुंचाने में सफल भी हो गया। क्या निर्वाचन आयोग हालात के आकलन में लगातार चूक कर रहा है? क्या वह इस मुद्दे को बेहतर तरीके से नहीं निपटा सकता था? निस्संदेह! वह ऐसा करने में सक्षम है, पर उसने न सिर्फ विपक्षी पार्टियों को सियासत का एक बड़ा मसला मुहैया करा दिया, बल्कि आम मतदाताओं के मन में कुछ सवाल भी पैदा कर दिए। 23 सितंबर को एक अखबार में यह खबर शाया हुई थी कि आयोग के दो चुनाव आयुक्तों की कथित आपत्तियों को दरकिनार कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर को लेकर मनमाने फैसले किए। स्वाभाविक ही इस पर हंगामा मचा। आयोग को तत्काल सक्रियता दिखानी चाहिए थी और तीनों आयुक्तों को सामने आकर बिंदुवार जवाब देने चाहिए थे, मगर वक्त जाया किया गया और 26 सितंबर को आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिये जो सफाई पेश की, उससे आशंकाएं निर्मूल होने के बजाय गहरी हो गईं।

कई पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों और दिग्गज विधि विशेषज्ञों ने भी आयोग के कामकाज को लेकर अपनी गंभीर चिंताएं जाहिर की हैं।

चुनाव आयोग ने विगत दशकों में दुनिया भर में सराहना बटोरी है। ऐसे में, उसे नया शिखर छूना चाहिए। दुर्योग से, अभी जो कुछ हो रहा है, उससे उसकी छवि मलिन हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को फॉर्म-6 के बारे में जो टिप्पणी आई, वह भी उसे गहरे पहुंचाने वाली नहीं थी। इसके बाद भी चुनाव आयोग ने संजीदगी नहीं दिखाई। आयोग इस बुनियादी तथ्य को लगातार नजरअंदाज कर रहा है कि उसकी छवि तभी निखरेगी, जब देश के हर दल के मतदाता उसमें आस्था जताएंगे, और संसदीय जनतंत्र में नागरिकों का भरोसा राजनीतिक दलों के जरिये ही अभिव्यक्त होता है। दुर्योग से, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विपक्ष की चिंताएं दूर करने के बजाय उसका उपहास उड़ाने की परंपरा शुरू की। नतीजतन, आयोग पर राजनीतिक टिप्पणियां बढ़ती गईं। इनसे उसकी आभा काफी मलिन हुई है। ज्ञानेश कुमार ने भी कटुता मिटाने की अपने तईं कोई पहल नहीं की। आज आलम यह है कि विपक्ष उनके इस्तीफे की मांग पर अड़ गया है।

देश के नेता प्रतिपक्ष अगर आयोग से मिलना चाह रहे थे, तो उन्हें आश्वस्त करने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या तीनों आयुक्त इन डेढ़ सौ माननीय सांसदों से मिलकर देश को यह संदेश नहीं दे सकते थे कि चुनाव सुधारों और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आयोग सबके सुझावों का स्वागत करेगा? भारतीय निर्वाचन आयोग ने विगत दशकों में अपनी निष्पक्षता और पारदर्शिता से दुनिया भर में सराहना बटोरी है। ऐसे में, उसे एक नया शिखर छूना चाहिए। दुर्योग से, अभी जो कुछ हो रहा है, उससे दुनिया भर में उसकी छवि नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही है। चुनाव आयोग को तत्काल एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी दलों की आपत्तियों का संज्ञान लेना चाहिए। दूसरी तरफ, विपक्ष को भी यह समझने की जरूरत है कि हर बार सांविधानिक संस्थाओं से टकराव लाभप्रद नहीं हो सकता। किसी एक मुद्दे को पकड़कर लटकने से जनता भी अंत में उकता जाती है। विरोधी दल जनता को भी अपने वोट के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करें। देश की नई पीढ़ी की मुखरता को देखते हुए अब हमारी सभी सांविधानिक संस्थाओं को परीक्षा और पड़ताल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

सेवा और कर्म के बीते पच्चीस साल



कमलेश डी पटेल | अध्यक्ष, श्री राम चंद्र मिशन

गुजरात व केंद्र में सरकार के मुखिया के तौर पर नरेंद्र मोदी आज 25 साल पूरे कर रहे हैं। नेतृत्व के अध्येता विद्यार्थियों को उनके जीवन के कुछ सिद्धांत लुभा सकते हैं।

लोकतंत्र में किसी व्यक्ति का सरकार-प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे करना वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी को सरकार प्रमुख के रूप में आज सेवा के लगातार 25 गौरवशाली वर्ष पूरे करने पर हार्दिक बधाई! आखिर उनकी इस सफलता का राज क्या है? उन्हें क्या चीज प्रेरित करती है? ये बहुत आम सवाल हैं, जिन पर विचार करना प्रासंगिक है।

प्रधानमंत्री मोदी नेतृत्व और आध्यात्मिकता, दोनों का एक अनूठा संगम हैं। उनके जीवन पर विचार करते हुए एक गुण मेरा सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है, वह है- जीवन के विभिन्न पड़ावों में प्रवाहित एक अंतर्निहित उद्देश्य का भाव। मैंने अक्सर विभाजित हृदय की बात की है। हमारे हृदय को प्रतिस्पर्द्धी कामनाएं कई दिशाओं में खींचती हैं। 'आजादी और कामना' तथा 'सुखद और अच्छा' के बीच एक अंतर्निहित तनाव होता है। आध्यात्मिक पथ के आकांक्षियों को इस तनाव का सामना करना पड़ता है। वास्तविक प्रगति संभव होने से पहले उन्हें इसे सुलझाने के लिए काम करना होता है। एक प्रचारक से संगठनकर्ता तथा मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बनने तक मोदी के बाहरी रूप बदलते रहे, लेकिन सेवा का भाव लगातार बना रहा। जब हृदय का उद्देश्य एक हो जाता है, तब पद कोई मंजिल नहीं रह जाते। वे ऐसे माध्यम बन जाते हैं, जिनके जरिये उद्देश्य अपनी अभिव्यक्ति पा सकता है।

सन् 1979 में मच्छू बांध टूटने के बाद मोरबी में आई विनाशकारी बाढ़ में नरेंद्र मोदी ने वहां एक स्वयंसेवक के रूप में काम किया। इस अनुभव ने वर्षों बाद 2024 में भूस्खलन से प्रभावित वायनाड के दौरे में उन्हें उन परिवारों के दर्द समझने में मदद की, जिन्होंने बहुत कुछ खो दिया था। जब हम लोगों की मुसीबत के समय सेवा करते हैं, तो उनकी मुस्किलें सिर्फ चिंता नहीं रह जातीं, वे ऐसी जिम्मेदारियां बन जाती हैं, जिनको हम अपने भीतर महसूस करते हैं। जब सेवा हमारे हृदय में जड़ जमा लेती है, तो एक साधारण सी मुलाकात भी सेवा करने का अवसर बन जाती है। मोदी के शुरुआती जीवन की एक घटना इस खूबी की याद दिलाती है।



लीना शर्मा ने एक राष्ट्रीय दैनिक में साल 2014 में प्रकाशित *अ ट्रेन जर्नी ऐज टू नेम्स टू रिमेंबर* में उत्पलपर्णा हजारिका के साथ सन् 1990 में दिल्ली से अहमदाबाद की अपनी यात्रा को याद किया है। दोनों महिलाएं भारतीय रेल यातायात सेवा में प्रशिक्षु थीं। वे बिना आरक्षित बर्थ के अपने प्रशिक्षण के अगले चरण के लिए यात्रा कर रही थीं। टीटीई ने उन्हें पहले दर्जे के एक कंपार्टमेंट में अस्थायी जगह दिला दी, जिसमें नरेंद्र मोदी और शंकर सिंह वाघेला मौजूद थे। उस शाम मोदी ने चारों के शाकाहारी भोजन का भुगतान किया। जब टीटीई ने बताया कि महिलाओं के लिए बर्थ का इंतजाम नहीं हो सका है, तो दोनों ने खुशी-खुशी अपनी बर्थ छोड़ दीं और फर्श पर चादर बिछाकर सो गए। इससे दोनों प्रशिक्षुओं को बर्थ मिल गई। मेरी नजर में यह हृदय की उदारता है। यह उद्देश्य को मानवीय ऊष्मा देकर सेवा को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनने देती है।

यहीं मुझे 2001 में नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने की याद आ रही है। 51 साल की उम्र तक उन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा था और कभी कोई प्रशासनिक पद नहीं संभाला था। उन्हें एक ऐसे राज्य का शासन संभालने को कहा गया था, जो विनाशकारी भूकंप से उबर रहा था। ऐसे में, यह सवाल उठना स्वाभाविक था कि क्या एक अनुभवी संगठनकर्ता एक प्रभावी प्रशासक बन सकता है? उन्होंने यह जिम्मेदारी स्वीकार की और उसे निभाते हुए ही सीखा। मुख्यमंत्री के रूप में उनका प्रारंभिक कार्यकाल कई चुनौतियों से भरा था। ये ऐसी चुनौतियां थीं, जो कई लोगों के विश्वास की परीक्षा ले सकती थीं।

दृढ़ विश्वास का मतलब यह नहीं है कि हम पहले से जानते हैं, हम सफल होंगे। इसका मतलब यह है कि अनिश्चितता हमें अगला कदम उठाने से नहीं रोकती है। हम संदेह की आवाज सुन सकते हैं। उससे सीख सकते हैं, लेकिन हमें अपनी जिंदगी की दिशा उसके हाथ में नहीं सौंपनी चाहिए। मोदी का जीवन ऐसा है, जिसमें शक की कभी भी 'ड्राइवर की सीट' पर उन्होंने बैठने नहीं दिया; बल्कि साहस और दृढ़ विश्वास को वह स्थान दिया।

निर्भय होने का अर्थ यह नहीं है कि मनुष्य को कभी भय नहीं लगता। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या भय को हमारी दिशा तय करने की अनुमति है? नरेंद्र मोदी का जीवन अनिश्चितता की विभिन्न परिस्थितियों में जिम्मेदारी स्वीकार करने के उदाहरण प्रस्तुत करता है। जब उन्होंने देश के प्रधानमंत्री का पद स्वीकार किया, तब अनिश्चितता का दायरा बहुत बड़ा था। सवाल उठाए जा रहे थे कि एक राज्य स्तरीय नेता कोई परिवर्तन कैसे ला पाएगा?

इसके बाद तो चुनौतियों का ऐसा दौर आया, जिसे हाल के इतिहास के सबसे अशांत समय में से एक गिना जा सकता है। कोविड-19 महामारी, यूक्रेन युद्ध के बाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल, हाल ही में आया पश्चिम एशिया का संकट और व्यापार युद्ध, साथ ही कई घरेलू चुनौतियां- ये सभी किसी भी नेता के धैर्य और साहस की परीक्षा ले सकती थीं, खासकर उस नेता की, जिस पर 1.4 अरब लोगों की उम्मीदें और सपने टिके हों। इन स्थितियों का संयम के साथ सामना करना मिसाल कायम करने वाला है। संभवतः आध्यात्मिक दृष्टिकोण से साहस को समझने का एक तरीका यह भी है। इसका मतलब यह नहीं है कि 'मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता', बल्कि इसका मतलब यह है कि 'चाहे कुछ भी हो जाए, मैं सिर्फ दो काम करूंगा। देखें कि क्या हो सकता है और तय नहीं करने दूंगा कि मुझे क्या करना चाहिए।'

इसलिए, नेतृत्व का अध्ययन करने वाले किसी भी विद्यार्थी को उनके जीवन से स्पष्ट सीख मिलती है। बिना किसी भेदभाव के रोजमर्रा के कामों में उदारता को अपनाना, मन को दृढ़ संकल्प से जोड़े रखना और बिना डर के काम करने की भावना विकसित करना- ये वे आध्यात्मिक सिद्धांत हैं, जिन्होंने एक कर्मयोगी के रूप में नरेंद्र मोदी के मार्ग को आकार देने में मदद की है। ये सिद्धांत सार्वभौमिक हैं और जब हम इनको किसी के जीवन में देखते हैं, तो हम उनसे प्रेरणा ले सकते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

अर्थव्यवस्था पर अल नीनो के अलावा और भी खतरे



दिव्येंदु मैती | सीनियर प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स

अल नीनो ने इस साल फिर से समुद्री धाराओं, मानसूनी हवाओं और देशों के आर्थिक प्रदर्शन के बीच के नाजुक रिश्ते को जगजाहिर किया है। अगस्त-अक्तूबर के दौरान प्रशांत महासागर की सतह का तापमान करीब 2.9 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अंदेशा विश्व मौसम विज्ञान संगठन जता चुका है। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी भी दी थी कि अल नीनो 'घर के अंदर दाखिल हो चुका है- और गर्मी बढ़ा रहा है'। इससे भुखमरी भी बढ़ सकती है।

भारत पर इसका असर तत्काल दिखा है। इस बार जून-सितंबर का मानसून लगभग 12.6 फीसदी कम बरसा और यह 2015 के बाद सबसे सूखा मानसून साबित हुआ है। इतिहास देखें, तो मानसूनी बारिश में हर एक प्रतिशत की कमी से फसल का 'ग्रॉस वैल्यू एडेड ग्रोथ' (कुल उत्पादन मूल्य में से लागत घटाने के बाद बची शुद्ध आर्थिक वृद्धि) 0.4 प्रतिशत घट जाता है। भारत की अर्थव्यवस्था में खेती की हिस्सेदारी भले ही 15 से 18 प्रतिशत है, पर समग्र आर्थिकी पर इसका काफी ज्यादा असर पड़ता है। फसल की कम पैदावार सीधे तौर पर ग्रामीण आय घटाती है, जिसका सुस्त टैक्टर की कम बिक्री से मिलता है, क्योंकि ला नीना के समय की 10.7 प्रतिशत की तुलना में अल नीनो वाले वर्षों में यह बिक्री सिर्फ 3.5 प्रतिशत बढ़ी। एलियांज रिसर्च मानता है कि 2026 में अल नीनो से वैश्विक झटका लग सकता है और उत्पादन में करीब 451 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसका लगभग 60 फीसदी भार भारत, अमेरिका और चीन पर पड़ेगा।

अल नीनो से वैश्विक उत्पादन में 451 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जिसका 60 फीसदी भार भारत, चीन व अमेरिका पर पड़ेगा।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने आपात योजनाएं लागू कीं। अधिकारियों ने लगभग 315 ऐसे जिलों की पहचान की, जो सूखे की चपेट में आ सकते हैं। वहां कम समय में तैयार होने वाली व सूखे को झेलने वाली फसलों को बढ़ावा दिया गया। इतना ही नहीं, खेती के लिए जरूरी चीजों के पहले से इंतजाम किए गए, पीएमएफबीआई बीमा भुगतान व पीएम-किसान सुरक्षा कवच में तेजी लाई गई, देश में अनाज सुरक्षा बनाए रखने के लिए गेहूं व चावल के बड़े बफर स्टॉक का इस्तेमाल किया गया, और वित्त वर्ष 27 के लिए कुल उत्पादन लक्ष्य को घटाकर 37.39 करोड़ टन कर दिया गया। बेशक, इन उपायों से उत्पादन में आसन्न गिरावट काफी हद तक रुक गई, पर सरकार का रवैया अमूमन समस्या सामने आने पर प्रतिक्रिया देने वाला रहा, न कि पूर्व-तैयारी वाला।

भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी है कि मौसम के शुरुआती अनुमानों के आधार पर ही बुवाई से पहले फसलों में बदलाव किए जाएं, सबसे ज्यादा जोखिम वाले 111 जिलों में स्थायी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में निवेश किए जाएं, राज्यों द्वारा सूखा घोषित करने की प्रक्रिया सरल बनाई जाए और कृषि योजना में बहुवर्षीय जलवायु-जोखिम मॉडल को शामिल किया जाए।

हालांकि, नीतिगत चर्चाएं अक्सर अल नीनो जैसी कभी-कभार आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित होती हैं, पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक कहीं अधिक बड़ा संकट चुपचाप गहरा रहा है, जो है- कुल कारक उत्पादकता (टीएफपी), यानी श्रम और पूंजी जैसे संसाधनों का उत्पादन बढ़ाने में होने वाले उपयोग के मापक और जीडीपी विकास में लगातार होती गिरावट। आम आर्थिक मॉडल गर्मी का आकलन केवल घर से बाहर किए जाने वाले श्रम के घंटों में हुए नुकसान को गिनकर करते हैं, पर अत्यधिक गर्मी न सिर्फ बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाती है, बल्कि ऊर्जा व परिवहन नेटवर्क को भी चोट पहुंचाती है और पानी व मिट्टी जैसे संसाधनों पर दबाव बढ़ाती है। 21 उभरती अर्थव्यवस्थाओं का हालिया अध्ययन बताता है कि औसत वार्षिक तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से टीएफपी में करीब 3.22 प्रतिशत की गिरावट आती है। भारत की जीडीपी पर इसका करीब चार फीसदी नुकसान हो सकता है।

साफ है, चुनौतियों का दायरा कहीं अधिक बड़ा है। अल नीनो बेशक यदा-कदा आने वाली मौसमी घटना है, लेकिन जलवायु परिवर्तन का असर लगातार गहरा रहा है। ऐसे में, दीर्घकालिक विकास की क्षमता को बनाए रखने के लिए हमें अर्थव्यवस्था के मूल ढांचे में मजबूती लाने का प्रयास करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सबसे प्रेम करना

प्रश्न किया गया है कि चेतना के विस्तार से मुक्ति का मार्ग कैसे खुद खुल जाता है?

इसको यूं समझें। आईना अपने सामने रखी वस्तु का प्रतिबिंब दिखाता है। सामने खिला हुआ फूल हो, तो उसकी छवि भी सुंदर दिखाई देती है और फूल मुरझाया हुआ हो, तो प्रतिबिंब भी वैसा ही होगा। इस पूरे परिवर्तन में आईना स्वयं नहीं बदलता, इसलिए प्रतिबिंब वस्तु की प्रकृति पर निर्भर करता है, आईने की प्रकृति पर नहीं।

आध्यात्मिक जीवन में भी यह उदाहरण बहुत कुछ समझाता है। जब मनुष्य परम सत्ता को केवल सर्वज्ञ सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि अपने जीवन का जीवन और अपनी आत्मा की आत्मा मानकर स्वीकार करता है, तब उसके भीतर परम सत्ता की अनुपस्थिति अधिक स्पष्ट होने लगती है। जो व्यक्ति उसे सच्चे प्रेम और भक्ति का विषय बनाता है, उसके लिए आध्यात्मिक यात्रा केवल ज्ञान-प्राप्ति का प्रयास नहीं रह जाती, बल्कि परम सत्ता से आत्मीय संबंध की यात्रा बन जाती है। जैसे-जैसे साधक ऊंचा उठता जाता है, उसके व्यक्तित्व की आध्यात्मिक आभा बढ़ती जाती है। ब्रह्म प्रेम का ही स्वरूप है और उसकी कोई सीमा नहीं। इसलिए जो व्यक्ति ब्रह्म के प्रति गहरे प्रेम में डूबता है, वह सीमित संसार से उठकर असीम की ओर बढ़ता चला जाता है। उसकी दृष्टि बाहरी भेदों से ऊपर उठने लगती है।

मानव जीवन एक कली की तरह है। कली की सार्थकता उसके खिलने में है, मुरझाकर गिर जाने में नहीं। उसी तरह, जीवन की पूर्णता भी केवल सांसारिक वस्तुओं और क्षणिक सुखों को एकत्र करने में नहीं, बल्कि अपनी चेतना के विकास में है। जो व्यक्ति जीवन का पूरा समय सीमित भौतिक इच्छाओं की पूर्ति में लगा देता है, उसकी अंतर्निहित मानवीय चेतना धीरे-धीरे संकुचित हो सकती है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह जड़ता की ओर बढ़ना है। बुद्धिमान व्यक्ति को इसीलिए आध्यात्मिक उत्कर्ष का मार्ग चुनना चाहिए।

परम सत्ता की ओर बढ़ने वाला साधक अंततः छोटे स्वार्थों और संकीर्ण भावनाओं से मुक्त होने लगता है। ब्रह्म में सबका समावेश है। इसलिए ब्रह्म से प्रेम का अर्थ है- सबसे प्रेम करना। उसके लिए देश, भाषा, जाति और

ब्रह्म प्रेम का ही स्वरूप है और उसकी कोई सीमा नहीं। इसलिए जो व्यक्ति ब्रह्म के प्रति गहरे प्रेम में डूबता है, वह सीमित संसार से उठकर असीम की ओर बढ़ता चला जाता है।

क्षेत्र की सीमाएं प्रेम के बीच दीवार नहीं बनतीं। वह प्रत्येक प्राणी में उसी व्यापक चेतना की झलक देखता है। छोटी चींटी हो या विशाल हाथी, मनुष्य हो या कोई अन्य जीव, साधक के लिए सभी उसी विराट अस्तित्व का हिस्सा हैं। जब उसे अनुभव होने लगता है कि पूरा ब्रह्मांड उसके अपने अस्तित्व का विस्तार है और समस्त चेतना उसी परम चेतना से जुड़ी है, तब उसके भीतर 'मैं' और 'तुम' का अंतर मिटने लगता है। यही चेतना का वास्तविक विस्तार है और अमरत्व की सच्ची अनुभूति।

श्रीश्री आनंदमूर्ति

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री



संस्कृत हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है और आधुनिक शिक्षा हमें भविष्य के लिए तैयार करती है। हमारा लक्ष्य ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो वेदों की गहराई को समझे, तकनीक की शक्ति को पहचाने और ज्ञान के बल पर नए भारत का निर्माण करे।

75 साल पहले

हिन्दुस्तान Hindustan | 07 अक्तूबर, 1951

नेहरूजी की मेहनत

यदि हम गत सप्ताह की घटनाओं की पृष्ठ-भूमि से भारत की राजनीतिक तथा आर्थिक स्थिति पर दृष्टिपात करें तो विदित होता है कि जहां नेहरूजी के प्रयत्नों से राजनीतिक घटोघ दूर होकर आशा का प्रकाश बढ़ रहा है, वहां खाद्य-स्थिति के बारे में कुछ निराशा उत्पन्न हुई है।

कांग्रेस- अध्यक्ष का पद संभालते ही नेहरूजी भारत की प्रमुख तथा सबसे पुरानी संस्था में पुनः प्राण-प्रतिष्ठा के लिए जी-जान से जुट गये और उसके दो बड़े परिणाम तो स्पष्टतः गत सप्ताह हमारे सामने प्रकट हो गये। एक तो यह कि पंजाब कांग्रेस का आपसी झगड़ा सुलझ गया। भार्गव तथा सच्चर-कैरों गुटों में समझौता कराने के लिए श्री गुलजारीलाल नन्दा तथा श्री लालबहादुर शास्त्री ने महत्वपूर्ण भाग लिया। श्री नन्दा ने घोषित किया: 'पंजाब का प्रश्न सद्भावनापूर्ण ढंग से हल हो गया। अब गुटों का कोई सवाल नहीं। दोनों पक्षों के सदस्य मिलजुलकर कार्य करेंगे।' अब पंजाब कांग्रेस चुनाव-समिति में जिसमें इस समय भार्गव गुट का एक भी प्रतिनिधि नहीं, आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार चुनने में भार्गव गुट के समर्थक भी आमंत्रित किये जायेंगे। और यदि किसी स्थान के लिए उम्मीदवार के चुनाव पर मतभेद हो गया तो केन्द्रीय चुनाव-समिति निर्णय करेगी और वह दोनों दलों को मान्य होगा।

दूसरा बड़ा परिणाम जिसका ऊपर उल्लेख किया गया है, श्री किदवई की कांग्रेस में वापसी है। यदि केवल श्री किदवई का सवाल होता तो यह प्रश्न महत्वपूर्ण नहीं बनता लेकिन उनके साथ किसान-मजदूर-प्रजा पार्टी का भविष्य भी बहुत कुछ बंधा है। यह सर्वविदित है कि नये दल के जनक वास्तव में आचार्य कृपलानी नहीं किन्तु श्री किदवई ही हैं। यों तो उनके पहले वक्तव्यों से ही आभास मिल गया था कि वह पुनः कांग्रेस में आ रहे हैं और तभी यह भविष्यवाणी की जाने लगी थी कि कांग्रेस से पृथक हुए बहुत से लोग लौट आयेंगे। अब तो नई स्थिति पर विचार करने के लिए बाकायदा 10-11 अक्तूबर को किसान-मजदूर-प्रजा दल की बैठक हो रही है।...

एक संकेत : इधर दिल्ली जिला बोर्ड के चुनावों का जो परिणाम निकला है उससे इस बात का आभास मिल जाता है कि विरोधी दल... कांग्रेस की शक्ति और प्रतिष्ठा को धूल-धूसरित नहीं कर सकते।

वैश्विक खाद्य संकट की आसन्न चुनौती

विश्व अर्थव्यवस्था के सामने एक ऐसा संकट आकार लेता दिख रहा है, जिसका सीधा संबंध प्रत्येक व्यक्ति की रसोई, भोजन की उपलब्धता और घरेलू बजट से है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, उर्वरकों की आपूर्ति में बाधाएं, ऊर्जा बाजार की अस्थिरता और संभावित शक्तिशाली अल नीनो ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत के विदेश मंत्री ने पिछले दिनों न्यूयॉर्क में आसन्न गंभीर खाद्य संकट की आशंका व्यक्त की। उनका संदेश स्पष्ट था कि युद्धों का प्रभाव केवल सीमाओं और सैन्य मोर्चों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खाद्यान्न, उर्वरक, ऊर्जा और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिरता तक पहुंचता है।


भारत इससे बेअसर नहीं रह सकेगा। खाद्य महंगाई के आंकड़े पहले ही इसकी तस्दीक कर रहे हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 14 सितंबर, 2026 को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में भारत की खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह 5.52 प्रतिशत थी। इसी अवधि में सामान्य खुदरा महंगाई 4.82 प्रतिशत दर्ज की गई। निस्संदेह, यह वृद्धि अपने आप में देशव्यापी खाद्य संकट का प्रमाण नहीं है, लेकिन यह बताती है कि घरेलू कीमतों पर दबाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हो सकता है कि वैश्विक संकट का प्रभाव भारत में अनिवार्य रूप से खाद्यान्न की कमी के रूप में सामने न आए, पर उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि, डीजल व परिवहन लागत, आयातित खाद्य तेलों की कीमत और प्रतिकूल मानसून का संयुक्त प्रभाव किसानों की उत्पादन लागत व उपभोक्ताओं के खर्च को बढ़ा सकता है। आने वाले समय में खतरा किसी एक वस्तु की कीमत बढ़ने से नहीं, बल्कि कई लागतों के एक साथ बढ़ने से उत्पन्न हो सकता है। गेहूं, चावल, दालें, खाद्य तेल, दूध और सब्जियों की कीमतें अलग-अलग कारणों से प्रभावित होती हैं। उर्वरक महंगा होने पर खेती की लागत बढ़ती है, ऊर्जा महंगी होने पर सिंचाई व परिवहन प्रभावित होते हैं और मौसम की प्रतिकूलता उत्पादन को कमजोर करती है, इसलिए आने वाले महीनों में भोजन महंगा होने की आशंका को गंभीरता से लेना चाहिए।

हमारी सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह उर्वरक उपलब्धता, खाद्यान्न भंडार, आयात-निर्यात नीति और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाए। हमारी चुनौती केवल खाद्यान्न उपलब्ध रखने की नहीं, बल्कि उसे उचित कीमत पर प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने की भी है। इस दिशा में काम होना ही चाहिए।

किशन भावनानी, वकील

अनुलोम-विलोम

खाद्य संकट



भारत के लिए समस्या अभी गंभीर नहीं

यह सही है कि आज विश्व अर्थव्यवस्था कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, जलवायु परिवर्तन, महंगाई, आपूर्ति-श्रृंखला में रुकावट और ऊर्जा संकट जैसी परिस्थितियों से कई देशों को प्रभावित किया है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है। भारत की विशाल घरेलू मांग, विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था, मजबूत कृषि क्षेत्र और सरकारी नीतियों ने वैश्विक अस्थिरता के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत इसकी विशाल घरेलू बाजार है। भारत की आर्थिक गतिविधियां केवल निर्यात पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि घरेलू उपभोग और निवेश भी विकास के प्रमुख आधार हैं। सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता, उत्पादन बढ़ाने और रोजगार सृजन पर दिया जा रहा जोर आर्थिक स्थिरता को मजबूत करता है। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में भारत की स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारत विश्व के प्रमुख कृषि उत्पादक देशों में शामिल है और गेहूं, चावल, दाल, दूध, फल व सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करता है। इतना ही नहीं, भारतीय खाद्य निगम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सरकार जरूरतमंद लोगों तक अनाज पहुंचाने में सफल रही है। अब भी एक बड़ी आबादी को खाद्यान्न मुहैया कराया जा रहा है। खाद्य भंडारों का निर्माण और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी व्यवस्थाएं किसानों व उपभोक्ताओं, दोनों के हितों की रक्षा में सहायक हैं। हालांकि, यह कहना उचित नहीं होगा कि भारत वैश्विक खाद्य संकट से पूरी तरह दूर रहेगा। जलवायु परिवर्तन व अल नीनो प्रभाव के कारण कमजोर मानसून, सूखा और अत्यधिक तापमान ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है। इसके अतिरिक्त, खाद्य तेलों, उर्वरकों और ऊर्जा की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि का असर भी घरेलू बाजार पर दिख रहा है, इसलिए खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने के लिए केवल पर्याप्त उत्पादन नहीं, बल्कि बेहतर भंडारण, सिंचाई, आधुनिक कृषि तकनीक व प्रभावी आपूर्ति-श्रृंखला भी अनिवार्य है।

केंद्र सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि क्षेत्र में विविधीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जैविक व टिकाऊ कृषि, मोटे अनाजों को प्रोत्साहन और डिजिटल कृषि जैसी पहलों पर जोर दिया है। इसीलिए वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत दिखाई देती है। हालांकि, भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए सतर्क रहना ही बेहतर होगा, क्योंकि बाहरी कारक हमें भी प्रभावित करते हैं।

अमृतेश कुमार, टिप्पणीकार

बदलावों की ओर कदम बढ़ाते पुस्तकालय

जब इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों ने पढ़ने-देखने के तरीके को बदल दिया है, तब ज्यादातर पुस्तकालय बदलाव की ओर कदम बढ़ाने लगे है। ये कैसे बदलाव हैं? बड़े पुस्तकालय खुद को कैसे बचा रहे हैं? बदलती जरूरतों के मुताबिक उनकी भूमिका का कैसे विस्तार होना चाहिए? अभी भारत में पुस्तकालयों का क्या हाल है? पेश है, जवाब तलाशती सुकन्या दत्ता की विशेष रिपोर्ट...



- भारत में तीन लाख से ज्यादा लाइब्रेरी खोलने की जरूरत है।
- हर लाइब्रेरी को आधुनिक स्टडी सेंटर में बदलना होगा।

75,397 प्राइवेट एवं पब्लिक पुस्तकालय थे भारत में 2011 की जनगणना अनुसार

70,817 पुस्तकालय चल रहे थे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछली गणना के मुताबिक

4,580 पुस्तकालय सेवाएं दे रहे थे भारत के शहरी इलाकों में साल 2011 से पहले

उच्च शिक्षा में बढ़ती छात्र संख्या और लाइब्रेरी

(उच्च शिक्षा में नामांकन कराने वाले छात्रों की संख्या)

अकादमिक वर्ष	छात्र नामांकन (करोड़ में)
2010-11	2.66
2014-15	3.42
2021-22	4.33
2022-23	4.46
2023-24	4.50

भारत में कुल 46,746 पब्लिक लाइब्रेरी

सर्वाधिक पब्लिक लाइब्रेरी महाराष्ट्र में - 12,191

राज्य	पब्लिक लाइब्रेरी की संख्या
हिमाचल प्रदेश	973
उत्तर प्रदेश	573
बिहार	192
उत्तराखंड	47
झारखंड	21

पुस्तकालयों से भी ज्यादा है स्टडी सेंटर की मांग

अभी भारत में पांच करोड़ के करीब छात्र उच्च शिक्षा क्षेत्र में अध्ययनरत हैं। करीब 12 करोड़ छात्र सातवीं कक्षा से आगे पढ़ रहे हैं। इन छात्रों को पढ़ने का माहौल चाहिए। हर घर या हर गली में पढ़ने का माहौल नहीं होता है, इसलिए हर गली या हर मुहल्ले में पुस्तकालय या स्टडी सेंटर खोलने की जरूरत है। 2011 की जनगणना के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में केवल 4,580 पुस्तकालय थे, जो 37 करोड़ से अधिक शहरवासियों को सेवाएं प्रदान कर रहे थे। शिक्षा में मांग ज्यादा है, तो सुविधाओं को तेजी से बढ़ाना होगा।

लाइब्रेरी पर सरकारी खर्च प्रति व्यक्ति मात्र सात पैसे

भारत में आधुनिक पुस्तकालयों या स्टडी सेंटर पर निवेश बढ़ाने की अवश्यकता है। योजना बनाकर यह कार्य करना चाहिए। ध्यान रहे, एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका सार्वजनिक पुस्तकालयों पर प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 35.96 डॉलर खर्च करता है, जबकि भारत में यह राशि मात्र 7 पैसे है। पढ़ने वालों के लिए सुविधाएं बढ़नी चाहिए। अब शहरी योजनाकार भी इस बात से सहमत हैं। शहरी नियोजन में स्टडी सेंटर को प्राथमिकता देने पर अब जोर दिया जा रहा है। भारतीय शहरों में अच्छे स्टडी सेंटर खुलने लगे हैं।

भारत के पांच बहुत खास पुस्तकालय

01

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया, कोलकाता

अंग्रेजों के समय इंपीरियल लाइब्रेरी नाम से इसकी शुरुआत 1891 में हुई थी। अनेक पुस्तकालय इससे मिलते गए। अब यहां 25 लाख से ज्यादा किताबें और दस्तावेजों का संग्रह है।

02

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी

राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इस व्यस्ततम और विशाल पब्लिक लाइब्रेरी में 18 लाख से ज्यादा पुस्तकें व दस्तावेज हैं। इसकी 30 से ज्यादा शाखाएं हैं और 1.65 लाख से ज्यादा सदस्य हैं।

03

सरस्वती महल लाइब्रेरी, तंजौर

तमिलनाडु में 16वीं सदी में स्थापित इस पुस्तकालय की शुरुआत नायक राजाओं ने की थी। 82 हजार से ज्यादा पुस्तकों के अलावा यहां 47 हजार से भी ज्यादा प्राचीन पांडुलिपियां विशेष आकर्षण हैं।

04

अन्ना सेंटेनरी लाइब्रेरी, चेन्नई

करीब आठ एकड़ में फैली इस नौ मंजिला लाइब्रेरी में 12 लाख से ज्यादा पुस्तकें और दस्तावेज हैं। तमाम जरूरी व आधुनिक सुविधाओं के साथ यहां हजारों लोगों के बैठने की सुविधा है।

05

कृष्णदास शामा सेंट्रल लाइब्रेरी, गोवा

यह विशाल पुस्तकालय 1830 के दशक में स्थापित हुआ था और यह देश का सबसे पुराना सार्वजनिक पुस्तकालय कहलाता है। यहां 18 लाख से ज्यादा पुस्तकों और दस्तावेजों का संग्रह है।

हर जगह छात्रों की बढ़ती संख्या के साथ लाइब्रेरी की उपलब्धता और सुविधाएं बढ़नी चाहिए

उत्तर प्रदेश : आधुनिक और डिजिटल होने की कवायद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में दो चर्चित और बहुत पुराने पुस्तकालय हैं, जहां बदले दौर में सकारात्मक तस्वीर नजर आ रही है। करीब 150 साल पुरानी अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में हर महीने 40 से अधिक स्थाई पाठक बढ़ रहे हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष सुप्रिया शर्मा बताती हैं कि बीते एक दशक में लाइब्रेरी में बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं। लाइब्रेरी डिजिटल हो चुकी है। एक वयुआर कोड को स्कैन कर लाइब्रेरी से जुड़ा जा सकता है। आचार्य नरेन्द्र देव पुस्तकालय के मेम्बर इंजार्ज अरुण कुमार बताते हैं कि प्रतिदिन छह से सात घण्टे पुस्तकालय में पढ़ने वाले युवाओं की संख्या देख लगता है कि पुस्तकालय का दौर लौट रहा है। -ब्यूरो

झारखंड : प्रतियोगी परीक्षार्थियों की सबसे बड़ी जरूरत

रांची। राजधानी रांची के पुस्तकालयों में पारंपरिक पाठक घटे हैं और परीक्षा की तैयारी करनेवाले विद्यार्थी बढ़े हैं। सूचना तकनीक और स्मार्टफोन की क्रांति ने रांची के पुस्तकालयों की तस्वीर बदल दी है। रांची विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी और मोरहाबादी स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में सुबह से ही विद्यार्थी जुटने लगते हैं। यहां 90 प्रतिशत से अधिक पाठक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। प्रतियोगी परीक्षार्थियों के बीच स्टेट लाइब्रेरी की विशेष मांग है। एआई आधारित शिक्षा, कंप्यूटरीकृत अध्ययन और डिजिटल संसाधनों को बढ़ाने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों की संख्या भी बढ़ाने की मांग है। -ब्यूरो

उत्तराखंड : सुविधाओं के बढ़ने से लाइब्रेरी में बढ़ी पाठक संख्या

देहरादून। राजधानी के दून पुस्तकालय एवं शोध संस्थान में सदस्य संख्या साढ़े आठ हजार हो चुकी है। पांच साल पहले 2000 से कम थी। नया भवन बनाया गया है और इसे आधुनिक स्वरूप मिला है। रोजाना 500 से ज्यादा युवा यहां पढ़ने आते हैं। पुस्तकालय के रिसर्च एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी बताते हैं कि पाठकों की संख्या लगातार बढ़ी है। प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए दून पुस्तकालय युवाओं के लिए आदर्श जगह बना हुआ है। शहर में ही 104 साल पुरानी खुशीराम लाइब्रेरी के ट्रस्टी जगदीश बाथला बताते हैं कि जगह की कमी की वजह से लाइब्रेरी को विस्तार देने में दिक्कत आ रही है। -ब्यूरो

बिहार : किताबों के डिजिटल होने से नए बदलावों को मिला बल

पटना। राजधानी की सबसे पुरानी खुदाबख्श लाइब्रेरी के रीडिंग रूम में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है और यहां कुर्सियां बढ़ानी पड़ी हैं, लेकिन जो लोग दुर्लभ पांडुलिपियां, किताबों और कैलिग्राफी और मुगलकालीन चित्रों को देखने-पढ़ने यहां आते थे और घंटों बैठते थे, उनकी संख्या घटी है। पटना के अशोक राजपथ पर स्थापित खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में लगभग 21,000 दुर्लभ पांडुलिपियां और दो लाख से अधिक किताबें हैं। अब बहुत सारी किताबें ऑनलाइन मिल जाती हैं और जो वहां नहीं मिलतीं, उसकी जानकारी के लिए लोग ई-मेल करते हैं। पुस्तकालय अब नये तरीके से पाठकों तक पहुंचने लगा है।

करता है, सी-पेन उपलब्ध हैं। यह जेब में रखने योग्य, हाथ में पकड़ने वाले डिजिटल स्कैनिंग पेन छपे हुए पाठ को जोर से पढ़ सकते हैं। ये उपकरण महंगे हैं, पर डिस्लेक्सिया व पढ़ने में अन्य कठिनाइयों से जूझ रहे लोगों की मदद करते हैं।

कड़ाके की ठंड वाले आयरलैंड में, जहां तीन से चार महीने की अंधेरी सर्दियां बेहद उदास कर देने वाली हो सकती हैं, वेस्टमीथ के कुछ पुस्तकालय एक पोर्टेबल थेरेपी लाइट बॉक्स उधार देते हैं, जो मेलाटोनिन को नियंत्रित करने और कोर्टिसोल को बढ़ाने के लिए सूर्य के प्रकाश की नकल करता है। पढ़ने, सीखने, काम करने और सृजन से जुड़ी हर चीज में हो रहे बदलावों के साथ पुस्तकालयों को भी समय के साथ बदलना पड़ रहा है।

अमेरिका के सामने भी चुनौतियां

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में, पारंपरिक सार्वजनिक पुस्तकालयों को धन की कटौती, डिजिटल लाइसेंसिंग की बढ़ती लागत, रखरखाव संबंधी समस्याओं, भौतिक संग्रहों में कमी और अन्य संरचनात्मक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत सहित दुनिया का कोई भी देश इन समस्याओं से अछूता नहीं है।

2024 में वीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 2016 से अब तक 180 से अधिक परिषद-संचालित पुस्तकालय बंद हो चुके हैं या स्वयंसेवी समूहों को सौंप दिए गए हैं। इस वर्ष शेफील्ड विश्वविद्यालय के शोध में चेतावनी दी गई है कि बजट में कटौती के कारण ब्रिटेन के पुस्तकालयों में निवासियों के लिए उपलब्ध भौतिक संग्रह में कमी आ रही है।

महाशक्ति देश अमेरिका में 17,000 से अधिक पुस्तकालयों में से 70 प्रतिशत में रखरखाव और मरम्मत का काम लंबित पड़ा है। अमेरिकी सरकार के जवाबदेही कार्यालय द्वारा 2025 में किए गए एक अध्ययन में बढ़ती निर्माण लागत और सीमित धन को इन जरूरतों को पूरा करने में प्रमुख चुनौतियों के रूप में पहचाना गया है।

भारत के लिए आगे की राह

भारत में भी पुस्तकालयों को लेकर ये खामियां स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, जहां बेंगलुरु स्थित भारतीय मानव बस्ती संस्थान (आईआईएचएस) के शोधकर्ताओं द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि यहां ज्यादातर सार्वजनिक पुस्तकालय धन की कमी, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। इन कमियों की वजह से पुस्तकालयों का आकर्षण घटा है।

भारत में विकास के मोर्चे पर पुस्तकालयों के योगदान को समझना जरूरी है। ध्यान रहे, नॉर्वे के ओस्लो विश्वविद्यालय कॉलेज द्वारा 2009 में किए गए विश्वव्यापी 38 अध्ययनों के विश्लेषण से पता चला था कि सार्वजनिक पुस्तकालय पर खर्च किया गया एक डॉलर औसतन 3 से 5 डॉलर की वापसी करता है। पुस्तकालय बचत में सहयोग करते हैं, रोजगार में सहायता पहुंचाते हैं। साक्षरता, डिजिटल कौशल, रोजगार क्षमता और सामुदायिक कल्याण के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से काम करते हैं।।

यही कारण है कि सार्वजनिक पुस्तकालयों का भविष्य केवल पुस्तकों पर केंद्रित नहीं रह सकता। विशेष रूप से जब इंटरनेट, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हमारे सूचना उपभोग के तरीके को बदल रहे हैं। पुस्तकालयों की नई भूमिका के साथ अन्य सूक्ष्म बदलाव भी हो रहे हैं।

तकनीकी उद्योग विश्लेषक और लेखक कश्यप कोम्पेला बताते हैं कि पुस्तकालय परंपरागत रूप से किसी व्यक्ति को ऐसी पुस्तक, विचार या ज्ञान के भंडार से परिचित होने का अवसर प्रदान करता है, जिससे वे अन्यथा परिचित नहीं हो पाते हैं। आप अब केवल किसी और द्वारा निर्मित सामग्री को पढ़ या देख नहीं रहे हैं; आपके पास इसे स्वयं बनाने के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं।

स्वामित्व पर आधारित अति-पूंजीवादी दुनिया में, वस्तुओं का पुस्तकालय एक सरल विकल्प प्रदान करता है। उससे वस्तु लें, उपयोग करें और आगे बढ़ें। कश्यप कोम्पेला कहते हैं, एक ऐसा मोहल्ला, जहां हर घर में एक ऐसा उपकरण हो, जिसका उपयोग वह साल में दो बार करता हो, समृद्धि का एक रूप है। एक ऐसा मोहल्ला, जहां हर कोई जरूरत पड़ने पर वह उपकरण प्राप्त कर सके, समृद्धि का दूसरा रूप है। आज के दौर में वस्तुओं का पुस्तकालय सामुदायिक स्वामित्व के बहुत जरूरी विचार को बखूबी सामने ला रहा है।

आज ऐसे पुस्तकालयों की जरूरत बढ़ रही है, जो केवल पुस्तक या दस्तावेज ही नहीं, तमाम तरह की चीजें व सेवाएं ज़ात्रों और अन्य लोगों को मुहैया कराएं। डिजिटल दौर में पुस्तकालयों का कायाकल्प करना होगा। क्या हमारे छोटे-बड़े शहरों के तमाम पुस्तकालय इसके लिए तैयार हैं?

Hindustan Times

रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन प्रसन्न रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

वृष : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन अशांत रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

मिथुन : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिश्रम बढ़ेगा।

कर्क : वाणी में मधुरता रहेगी, परंतु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परंतु बातचीत में संतुलन बनाए रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

कन्या : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में भी वृद्धि होगी।

तुला : मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफल रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

धनु : मन परेशान रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। संयत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। पिता से कारोबार के लिए धन मिल सकता है।

मकर : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

कुंभ : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन हो सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मीन : संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। परिवार से दूर किसी मित्र के साथ दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषुकांत गोस्वामी


07 अक्तूबर, बुधवार, शक संवत्: 15, आश्विन (सौर) 1948
पंजाब पंचांग: 21, आश्विन मास प्रविष्टे 2083, इस्लाम: 25, रबि-उल्सानी, 1448 विक्रमी संवत्: आश्विन कृष्ण द्वादशी तिथि रात्रि 11.17 मिनट तक, मघा रात्रि 09.41 मिनट तक पश्चात पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, शुभ योग रात्रि 02.52 मिनट तक पश्चात शुक्ल योग, चन्द्रमा सिंह राशि में (दिन रात)।
सूर्य दक्षिणायन। सूर्य दक्षिण गोल। शरद ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। सन्यासिनां श्राद्ध। द्वादशी का श्राद्ध। मघा श्राद्ध।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

पितरों की तस्वीरों को लेकर कुछ नियम ध्यान में रखने चाहिए :

- पितरों की तस्वीर घर में मंदिर के अंदर नहीं लगानी चाहिए। यह देव ऊर्जा में बाधा डालती है। अक्सर लोग अपने पितृ के साथ वाली तस्वीर लगा लेते हैं। जैसे, विवाह आदि पर खींची गई तस्वीर। पितरों की तस्वीर जीवित व्यक्तियों के साथ होने से जीवित व्यक्ति की प्राण ऊर्जा का क्षय होता है। पितृ की तस्वीर रसोई में न लगाएं। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होता है। बेडरूम में भी नहीं लगानी चाहिए, पारिवारिक क्लेश उत्पन्न होता है।
- तस्वीर दक्षिण दिशा में लगाएं। उसके नीचे सपोर्ट जरूर दें। फ्रेम गोल्डन रखें।

वर्ग पहेली : 8474



बाएं से दाएं
1. नाम रखना; नाम देना (5,3)
6. आपत्ति निवारण करना; तैयार करना; बात बनाना; मनाना; राजी करना (4,3)
8. इच्छा; ख्वाहिश; चाह; मनोरथ (3)
9. जिसमें मलाई हो; मलाई युक्त; स्निग्ध; लाभ वाला (5)
10. विलास; क्रीड़ा; पति; सुंदर; मनोहर (3)
11. कोतवाल; नगराध्यक्ष; नगर शासन का संचालक; हाकिम (3,4)
14. एक दल को छोड़कर दूसरे दल में जाना (5,3)

ऊपर से नीचे
2. केवट; नाव खेने वाला; मांझी (3)
3. चांदी; धवल; शुभ्र (3)
4. रचयिता; निर्माता; लेखक; साहित्यकार (5)
5. विद्यालय का प्रमुख; सबसे वरिष्ठ अध्यापक (6)
6. दैनिक पत्र; अखबार (4,2)
7. कलई करने वाला (5)
9. अध्ययनशील; चिंतन करने वाला; मनन करने वाला (5)
12. अदम्य; उग्र; घोर; जोरदार; तीव्र; तेज; प्रचंड; भारी; भीषण (3)
13. झोंका; बयार; बहती हवा; वायु; पवन (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8473



सुडोकू : 8428

*आसान

2	9	5	6					
				7		9		
	7				2	8		6
		9	5	3				
	6	3				5	2	
				6	7	4		
5		8	7				3	
		7		8				
					5	1	8	7

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8427

3	4	5	8	1	2	6	7	9
6	9	1	7	3	4	2	8	5
7	8	2	5	9	6	4	3	1
2	3	6	1	4	8	5	9	7
5	7	8	6	2	9	1	4	3
4	1	9	3	7	5	8	6	2
1	2	7	4	8	3	9	5	6
9	6	4	2	5	7	3	1	8
8	5	3	9	6	1	7	2	4

जवाबदेही के बरक्स

किसी भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली परीक्षा तब होती है, जब वहां जनता को सरकार की किसी नीति पर सवाल उठाने का सहज अधिकार होता है और ऐसा करने के लिए उनके खिलाफ दमन का रास्ता नहीं अख्तियार किया जाता। सामान्य स्थिति यह है कि सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए, उनकी शिकायतों को दूर करना चाहिए। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि देश भर में लोग जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं, वहीं सरकार उनसे संवाद कायम करके कोई हल निकालने के बजाय पुलिस के जरिए उन्हें रोकने की कोशिश करती है। इससे भी त्रासद यह है कि लोगों के आंदोलन करने और उसे बाधित करने के क्रम में अगर किसी पुलिस अधिकारी पर कोई गंभीर आरोप लगता है, तो उसकी जांच या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के उलट आरोपी को पदोन्नति देने जैसी घोषणा सामने आती है। सवाल है कि ऐसा करते हुए सरकार आखिर अपने किस रुख के बारे में संकेत देना चाहती है।

गौरतलब है कि एसआइआर के मसले पर चुनाव आयोग के कई फैसले और समूची प्रक्रिया फिलहाल कटघरे में है, मामला अदालत में भी है। इसका कोई संतोषजनक जवाब सामने नहीं आ रहा है। मगर जब लोग इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं, तो ऐसा लगता है कि सरकार ने पुलिस को खुली छूट दे दी है। नतीजतन, पुलिस अपनी ड्यूटी के न्यूनतम तकाजों को भी भूल गई लगती है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस क्रम में दिल्ली में जारी विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ महिला पत्रकारों के साथ बदतमीजी करने और यहां तक कि यौन हमला करने का भी आरोप एक पुलिस अधिकारी पर लगा। कायदे से इतने गंभीर आरोप के बाद सरकार को तुरंत इस घटना की जांच कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देना चाहिए था। मगर इसके उलट खबर यह आई कि जिस पुलिस अधिकारी पर महिला पत्रकार से आपत्तिजनक व्यवहार करने का आरोप लगा था, उसे पदोन्नति दी गई है। हालांकि इस खबर के बाद जब चारों तरफ लोगों ने इस फैसले पर सवाल उठाने शुरू किए, तब सरकार ने फिलहाल इस पर रोक लगा दी। मगर पदोन्नति की घोषणा तब की गई थी, जब महिला पत्रकार के खिलाफ हुई घटना पर चारों तरफ लोग आक्रोश जाहिर कर रहे थे, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

इसके बावजूद क्या सरकार को इस घटना के संबंध में कोई खबर नहीं थी? अगर ऐसा हुआ, तो क्या यह समूचे सरकारी और खुफिया तंत्र की नाकामी नहीं है? देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी। मगर हालत यह है कि किसी मुद्दे पर चल रहे सैकड़ों या हजारों लोगों के विरोध प्रदर्शन के बीच महिला पत्रकार से बदतमीजी का आरोप खुद एक पुलिस अधिकारी पर लगता है, जिस पर महिलाओं को किसी दुर्व्यवहार से बचाने की भी जिम्मेदारी है। इस मामले में सरकार का रुख क्या बताता है! सवाल है कि जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा चुनी गई एक लोकतांत्रिक सरकार की नजर में आखिर आम लोग क्या हैं कि वह उनके संवैधानिक अधिकारों की कद्र करने के बजाय उन्हें किसी प्रतिद्वंद्वी की तरह मान रही है।

शिक्षा का संकट

बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनके वर्तमान को संवारने का जिम्मा शिक्षकों के हाथ में होता है। शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों को पढ़ाना, उनकी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान करना और व्यक्तित्व का निर्माण करना है। ऐसे में शासन की भी जिम्मेदारी बनती है कि शिक्षा व्यवस्था में समय की मांग के अनुरूप नियमित तौर पर सुधार किए जाएं और शिक्षक-शिक्षार्थी के लिए विद्यालयों में हर तरह से अनुकूल वातावरण बनाया जाए। मगर मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राष्ट्र निर्माण को गति देने वाला शिक्षा का क्षेत्र शासन की नजर-ए-इनायत के लिए क्यों तरस रहा है? यूनेस्को की ओर से बीते सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि शिक्षण का पेशा जलवायु परिवर्तन, विस्थापन और शिक्षकों के अभाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में वर्ष 2030 तक सभी बच्चों की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को पांच करोड़ अतिरिक्त शिक्षकों की जरूरत है।

इसमें दोराय नहीं कि शिक्षकों की लगातार कमी तथा मौजूदा शिक्षकों को अतिरिक्त कार्य सौंपे जाने से उनकी मुश्किलें और उनसे अपेक्षाएं दोनों बढ़ती जा रही हैं। भारत की बात की जाए, तो यहां सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को समय-समय पर कई गैर-शैक्षणिक कार्य भी सौंप दिए जाते हैं। इसका असर न केवल शिक्षकों के कामकाज पर, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। आपदा या विशेष परिस्थितियों में ऐसी जिम्मेदारियां आवश्यक हो सकती हैं, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब इन कार्यों की अधिकता शिक्षण के काम को प्रभावित करने लगे। वर्ष 2024-25 के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक लाख से ज्यादा स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक तैनात है। ऐसे में अगर उन्हें गैर शिक्षण कार्य भी थमा दिया जाए, तो शिक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षक को पर्याप्त समय और संसाधन मुहैया कराना जरूरी है। जब शिक्षक का अधिकतम समय विद्यार्थियों को मिलेगा, तभी विद्यालयों में सीखने का वातावरण बेहतर बनेगा और शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को हासिल कर सकेगी।

शुचिता की कसौटी पर मतदान प्रक्रिया



चुनावी पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में इलेक्ट्रानिक पहचान के साथ मतपत्र के जरिए मतदान को हर स्तर पर सुरक्षित बना कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा भरोसेमंद बनाया जा सकता है।

पुष्परंजन

हाल ही में बोस्निया-हर्जेगोविना में जिस तरह से मतपत्रों के जरिए चुनाव हुआ, क्या वह भारत के लिए आदर्श बन सकता है? बोस्निया ने इस बार के चुनाव में मतदान के लिए डिजिटल स्कैनर और बायोमेट्रिक मतपत्रों का इस्तेमाल किया। बाल्कन प्रायद्वीप पर अवस्थित इस देश को 'बोस्निया और हर्जेगोविना' भी कहते हैं। यूरोपीय संघ की शर्त है कि जो भी इसका सदस्य बनने का आकांक्षी है, वह चुनावों में पहले मतपत्र या बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराए। बोस्निया में आम चुनाव के लिए तेरह अगस्त की सुबह मतदान शुरू हुआ। इस देश में कई अलग-अलग जातीय समूहों के लोग रहते हैं और ज्यादातर नागरिक रोजमर्रा की समस्याओं पर ध्यान दे रहे हैं, जबकि कुछ मुख्यधारा के नेता युद्ध के समय के तनाव को फिर से हवा दे रहे हैं। इन तनावों ने 1992-95 के भयानक संघर्ष के बाद से ही देश को विभाजित कर रखा है।

बोस्निया में लगभग 34 लाख (3.4 मिलियन) मतदाता देश की मिली-जुली जातीय संरचना वाली प्रेसिडेंसी के तीन सदस्यों, राष्ट्रीय संसद के सांसदों और देश के दो हिस्सों के संस्थानों के प्रमुखों को चुन रहे हैं। ये दो हिस्से हैं- मुसलिम-बहुसंख्यक 'फेडरेशन आफ बोस्निया एंड हर्जेगोविना' और 'रिपब्लिका सर्पस्का', जहां जातीय सर्बों का दबदबा है। बोस्निया में शासन करने वाले संस्थानों का एक जटिल ढांचा है। इसे वर्ष 1995 में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए शांति समझौते के तहत बनाया गया था। इसका मकसद मुसलिम बोस्नियाक, आर्थोडाक्स सर्ब और कैथोलिक क्रोट समुदायों के बीच जातीय मतभेदों को संभालना था, जिनकी वजह से युद्ध हुआ था।

बोस्निया इस समय वैश्विक ताकतों के बीच प्रभाव बढ़ाने का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है। चुनाव के नतीजे इस क्षेत्र में अमेरिका और रूस के भू-राजनीतिक प्रभाव को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकते हैं। चुनाव लड़ रही बोस्निया की ज्यादातर राजनीतिक पार्टियां देश के सर्ब-नियंत्रित रिपब्लिका सर्पस्का और बोस्नियाक-क्रोएट फेडरेशन आफ बोस्निया-हर्जेगोविना में जातीय आधार पर बनी हैं। ये दोनों हिस्से केंद्रीय प्रेसिडेंसी और संसद के जरिए एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। बोस्नियाक राष्ट्रवादी पार्टी आफ डेमोक्रेटिक एक्शन ने अपना अभियान सर्ब अलगाववाद के खिलाफ बोस्निया को एकजुट रखने की कोशिशों पर केंद्रित किया है। बोस्नियाई क्रोट भी ज्यादातर अपनी जातीय पार्टियों का समर्थन करते हैं, जिनमें क्रोएशिया की सत्ताधारी कंजर्वेटिव क्रोएशियन डेमोक्रेटिक यूनियन की बोस्नियाई शाखा भी शामिल है।

दरअसल, यूरोप के सबसे गरीब देशों में से एक है बोस्निया। वर्ष 1992 में जातीय लड़ाई तब शुरू हुई, जब बोस्निया ने सर्ब-नेतृत्व वाले पूर्व यूगोस्लाविया से आजादी की घोषणा की थी। जातीय सर्बों ने अपना अलग राज्य बनाने और सर्बिया में शामिल होने के लिए हथियार उठा लिए थे। इस संघर्ष में एक लाख से ज्यादा लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हुए थे। बहरहाल, बोस्निया और हर्जेगोविना के केंद्रीय चुनाव आयोग के अनुसार, आधिकारिक और अंतिम चुनाव परिणाम 20 नवंबर, 2026 तक जारी कर दिए जाएंगे।

बहरहाल, इस समय विमर्श का विषय यह है कि जिस इलेक्ट्रानिक पहचान



के साथ बोस्निया में मतपत्र के जरिए मतदान हुआ है, वह कितना सुरक्षित है? हालांकि यह चुनावी धांधली रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक बेहद मजबूत कदम साबित हुआ है। बायोमेट्रिक पहचान से एक व्यक्ति द्वारा दूसरे के नाम पर या मृत लोगों के नाम पर फर्जी वोट डालने की गुंजाइश लगभग खत्म

> **बोस्निया में हुए चुनाव के संदर्भ में देखें, तो बायोमेट्रिक्स से छद्म मतदान की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाती है, जबकि स्कैनर मानवीय दखल और जानबूझ कर गिनती में होने वाली गलतियों को रोकते हैं, जिससे मतदान केंद्र बंद होने के तुरंत बाद शुरुआती नतीजे मिल जाते हैं। जाहिर है, अनियमितताओं की न्यूनतम गुंजाइश किसी चुनाव की शुचिता और विश्वसनीयता को कायम रखने के लिए जरूरी है। पोड लुपोम बोरिनिया और हर्जेगोविना स्थित एक प्रमुख स्वतंत्र नागरिक गठबंधन है। इसके एक शोध से पता चलता है कि वहां के लगभग चालीस फीसद नागरिकों को अपने वोट को लेकर किसी न किसी तरह के दबाव का सामना करना पड़ा है।**

हो जाती है। चूंकि, मतदान आखिर भौतिक मतपत्र (फिजिकल बैलेट पेपर) पर ही होता है, इसलिए किसी भी तकनीकी खराबी या साइबर हमले की स्थिति में भौतिक मतपत्रों की दोबारा सामान्य तरीके से गिनती की जा सकती है। यह पूरी तरह से डिजिटल या आनलाइन मतदान के मुकाबले कहीं अधिक सुरक्षित है।

इस संबंध में बोस्निया और हर्जेगोविना के केंद्रीय चुनाव आयोग के अध्यक्ष जोवन कालाबा का बयान उल्लेखनीय है कि बायोमेट्रिक्स से छद्म मतदान की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाती है, जबकि स्कैनर मानवीय दखल और जानबूझ कर गिनती में होने वाली गलतियों को रोकते हैं, जिससे मतदान केंद्र बंद होने के तुरंत बाद शुरुआती नतीजे मिल जाते हैं। जाहिर है, अनियमितताओं की न्यूनतम गुंजाइश किसी चुनाव की शुचिता और विश्वसनीयता को कायम रखने के लिए जरूरी है। पोड लुपोम बोरिनिया और हर्जेगोविना स्थित एक प्रमुख स्वतंत्र नागरिक गठबंधन है। इसके एक शोध से पता चलता है कि वहां के लगभग चालीस फीसद नागरिकों को अपने वोट को लेकर किसी न किसी तरह के दबाव का सामना करना पड़ा है।

नई प्रक्रिया में मतदाता की पहचान को मतदान केंद्र का अधिकारी 'बारकोड रीडर' से स्कैन करता है। फिंगरप्रिंट स्कैनर यानी अंगुलियों के निशान से वोटर की पहचान की पुष्टि मतदाता सूची के रिकार्ड से होती है। इस प्रणाली में पहचान की पुष्टि होने के बाद ही मतदाता को मतपत्र मिलते हैं। मतपत्र का डिजाइन भी बदला गया है। मतदाता को अपनी पसंद की पार्टी या उम्मीदवार के बगल में बने गोले को पूरी तरह से भरना होगा, न कि 'एक्स' का निशान लगाना होगा। एक खास बात यह भी है कि मतपत्र पर उम्मीदवारों के नाम नहीं थे। इसके बजाय पार्टियों और उम्मीदवारों के नंबर लिखे थे। नाम एक अलग जानकारी वाले पत्र पर दर्ज थे। अब सवाल है कि अगर कभी भारत की चुनाव प्रक्रिया में मतपत्र की वापसी हुई, तो वोट देने वाली आम जनता के लिए ऐसी प्रक्रिया कितनी सुगम होगी!

भारत में आम चुनावों में कागजी मतपत्र का आखिरी प्रयोग वर्ष 1999 में किया गया था। इसके बाद 2004 के चौदहवें लोकसभा चुनाव से देश की सभी 543 संसदीय सीटों पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को अनिवार्य रूप से लागू करने के साथ मतपत्र से मतदान की प्रणाली को समाप्त कर दिया गया था। मगर आज भी मतपत्रों का सीमित प्रयोग हो रहा है। मसलन, भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव में सांसद और विधायक आज भी मतपत्र पर अपनी प्राथमिकता दर्ज करके वोट डालते हैं। संसद के उच्च सदन और राज्यों के विधान परिषद चुनावों में मतपत्र का ही उपयोग किया जाता है। हालिया पंचायत चुनावों में पंच और सरपंच के चुनाव मतपत्र से कराए जा रहे हैं, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए ईवीएम का उपयोग हो रहा है।

कहा जा सकता है कि किसी देश में मतपत्र की विदाई स्थायी रूप से नहीं हुई है। इस प्रक्रिया से मतदान करने में जो कमियां दिखती थीं, उस सूरत में पर्चियों की हाथों से गिनती की जाती थी, जिससे चुनाव परिणाम आने में कई दिनों की देरी होती थी। बूथ कब्जा जैसी घटनाएं आम हुआ करती थीं। पहचान पुख्ता करने की आधुनिक डिजिटल व्यवस्था न होने के कारण एक ही व्यक्ति बार-बार अलग-अलग नामों से या मृत या अनुपस्थित मतदाताओं के नाम पर फर्जी वोट डाल देता था। मतदान पत्रों के जरिए मतदान में कागजों की बर्बादी भी एक बड़ा मुद्दा बना, लेकिन कागजों की बर्बादी को एक तरफ छोड़ दें, तो जिस ढांचे या प्रणाली के तहत बोस्निया में वोट डाले गए, वह काफी उत्साहवर्धक और विश्वसनीय लगता है।

नजदीकियों में दूरियां

पवन शर्मा

कभी-कभी लगता है कि आदमी को अब दूर होने के लिए दूरी की जरूरत नहीं रह गई। दुनिया के किसी कोने में बैठे व्यक्ति से पल भर में बात हो सकती है, उसकी तस्वीर देखी जा सकती है, उसके जीवन की छोटी-बड़ी खबर मिल सकती है। मगर बगल में बैठे आदमी से बात करने के लिए समय नहीं है। एक ही छत के नीचे रहने वाले लोग अलग-अलग स्क्रीन में झुके हुए हैं और एक-दूसरे की उपस्थिति से लगभग बेखबर। एक समय था, जब किसी के घर जाना सूचना के आदान-प्रदान का नहीं, संबंध निभाने का अवसर होता था। दरवाजे पर दस्तक देने से पहले फोन की जरूरत नहीं पड़ती थी। सामने वाला चौंकता जरूर था, लेकिन उस चौंकने में खुशी होती थी। चाय बनती, हालचाल पूछा जाता, मोहल्ले भर की बातें होतीं, जीवन में रस बना रहता था। अब मिलने से पहले संदेश जाता है- 'प्री हो?' फिर उत्तर आता है- 'देखता हूं।' और कई बार यही दो शब्द मुलाकात की जगह ले लेते हैं।

बदलते समय को केवल तकनीक के कटघरे में खड़ा करना आसान होगा, लेकिन पूरी सच्चाई इतनी सरल नहीं है। हमारी जिंदगी की रफ्तार बढ़ी है। काम के घंटे, यात्रा, आर्थिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और भविष्य की चिंता- सबने मिलकर मनुष्य के समय को टुकड़ों में बांट दिया है। अब समय केवल घड़ी की इकाई नहीं रहा। वह एक संसाधन है, जिसे लगातार किसी काम में लगाना है। ऐसे में बातचीत, बैठना, यों ही मिल लेना जैसी चीजें 'फालतू समय' की श्रेणी में चली गई हैं। मगर मनुष्य के जीवन में जो चीजें सबसे अधिक जरूरी होती हैं, वे अक्सर किसी उत्पादकता की सूची में दर्ज नहीं होतीं। किसी की बात सुनना, किसी के साथ चुपचाप बैठना, बिना किसी उद्देश्य के टहलना, किसी पुराने परिचित का हाल पूछना- इनका कोई बाजार-मूल्य नहीं है, लेकिन इनका मानवीय मूल्य बहुत बड़ा है।

सबसे अधिक मार शायद उन बुजुर्गों पर पड़ती है, जिनके जीवन का बड़ा हिस्सा संबंधों को सींचते हुए बीता है। जिन माता-पिता ने बच्चों की जरूरत को अपने आप से भी ऊपर रखा, वे उम्र के उस पड़ाव पर पहुंचकर कई बार केवल इतना चाहते हैं कि कोई कुछ देर उनके पास बैठ जाए। उनके पास कहने को बहुत कुछ होता है- पुरानी यादें, बदलते शहर की बातें, परिवार की चिंता, अपनी तकलीफें। मगर सुनने वाले अक्सर जल्दी में होते हैं। बच्चों और किशोरों के पास भी मनोरंजन के अनगिनत साधन हैं। एक क्लिक पर वीडियो, खेल, संगीत और हजारों सूचनाएं मौजूद हैं। फिर भी उन्हें ऐसे व्यक्ति की जरूरत रहती है, जो उनकी बात पूरी सुने और तुरंत फैसला सुनाने के बजाय उन्हें समझने की कोशिश करे। किसी बच्चे के लिए यह जानना बहुत महत्त्वपूर्ण हो सकता है कि घर में कोई ऐसा व्यक्ति है, जिसके सामने वह बिना डरे अपनी बात कह सकता है।

यहीं 'संपर्क' और 'संबंध' के बीच का फर्क सामने आता है। संपर्क हमें सूचना देता है कि कोई व्यक्ति कहां है, क्या कर रहा है, किसके साथ है। संबंध यह जानने की कोशिश कराता है कि वह भीतर से कैसा है। संपर्क में प्रतिक्रियाएं तेज होती हैं, संबंध में धैर्य चाहिए। शायद इसीलिए आज के समय में सबसे मूल्यवान चीज समय ही नहीं, किसी को दिया गया अविभाजित समय है। किसी से बात करते हुए बार-बार मोबाइल की स्क्रीन देखना दरअसल यह संदेश देना है कि सामने वाला हमारी प्राथमिकता नहीं है। हमारे घरों में कुछ छोटी परंपराएं इस दूरी को कम कर सकती हैं। साथ बैठकर भोजन करना, दिन में कुछ देर बिना मोबाइल के रहना, सप्ताह में एक शाम केवल परिवार के नाम करना, बच्चों के साथ बाहर टहलना, बुजुर्गों की बातें सुनना, पड़ोसी की कुशल पूछ लेना- ये मामूली काम हैं, लेकिन संबंधों की असली नींव भी शायद इन्हीं मामूली कामों में होती है।

हमने सुविधा को जीवन का पर्याय मान लिया है। जो काम जल्दी हो जाए, उसे बेहतर समझते हैं। मगर हर मानवीय काम को जल्दी पूरा नहीं किया जा सकता। किसी दुख को सुनने में समय लगता है। किसी रिश्ते में भरोसा बनने में समय लगता है। किसी बच्चे को यह एहसास दिलाने में समय लगता है कि वह महत्त्वपूर्ण है। किसी बुजुर्ग की पुरानी कहानी सुनने में भी समय लगता है। जीवन की विडंबना यह है कि जिन चीजों के लिए समय देना सबसे जरूरी है, उन्हीं के लिए समय निकालना हमें सबसे कठिन लगता है।

दुनिया मेरे आगे

> **हमने सुविधा को जीवन का पर्याय मान लिया है। जो काम जल्दी हो जाए, उसे बेहतर समझते हैं। मगर हर मानवीय काम को जल्दी पूरा नहीं किया जा सकता। किसी दुख को सुनने में समय लगता है। किसी रिश्ते में भरोसा बनने में समय लगता है। किसी बच्चे को यह एहसास दिलाने में समय लगता है कि वह महत्त्वपूर्ण है।**

महानगरों की ऊंची इमारतों में लोग वर्षों तक पड़ोसी बने रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे के नाम से परिचित नहीं होते। लिफ्ट में साथ खड़े लोग एक-दूसरे की ओर देखने के बजाय मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। सड़क पर किसी को मदद की जरूरत हो, तो कई लोग रुकने से पहले यह सोचते हैं कि कहीं कोई जिम्मेदारी उनके सिर न आ जाए। सूचना का समाज बन गया है, लेकिन सहभागिता का समाज बनाने की चुनौती अभी बाकी है। फिर भी मनुष्य की संवेदना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। संकट के समय अनजान लोगों का एक-दूसरे के लिए खड़ा होना बताता है कि भीतर कहीं सामूहिकता अब भी जीवित है। समस्या संवेदना के खत्म हो जाने की नहीं, बल्कि उसके रोजमर्रा के जीवन से धीरे-धीरे बाहर हो जाने की है।

दुनिया सचमुच छोटी हो गई है। संदेश पलक झपकते पहुंच जाता है, आवाज हजारों किलोमीटर पार कर लेती है और तस्वीरें सीमाओं को लांघ जाती हैं। अब जरूरत एक और तकनीकी क्रांति की नहीं, बल्कि थोड़ी-सी मानवीय वापसी की है। अगली बार कोई हमारे सामने बैठकर अपनी बात कहे, तो शायद हम फोन नीचे रख दें। किसी पुराने मित्र को बिना किसी काम के फोन कर लें। किसी अकेले पड़ोसी के दरवाजे पर दस्तक दे दें। संभव है, जब हम सचमुच किसी के पास बैठेंगे, तब पहली बार समझ पाएंगे कि मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने वाली सबसे आधुनिक तकनीक आज भी वही पुरानी चीज है- थोड़ी संवेदना, थोड़ा-सा समय और पूरी तरह उपस्थित रहने की इच्छा।

निवेश का संतुलन



भारत की आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि की समीक्षा करीब एक दशक बाद शुरू होना स्वाभाविक है और जरूरी भी। वर्ष 2015 का प्रारूप उस समय की चिंताओं के बीच तैयार हुआ था, जब विदेशी निवेशकों और सरकारों के बीच विवादों तथा नियामकीय अधिकारों को लेकर गंभीर बहस चल रही थी। इसलिए इसमें निवेश की सीमित परिभाषा, नियामकीय अपवाद और पंचाट में जाने से पहले पांच वर्ष तक स्थानीय उपाय आजमाने जैसी कड़ी शर्तें रखी गईं। पिछले एक दशक में वैश्विक निवेश व्यवस्था का दृष्टिकोण बदला है। निवेश सुविधा, सहयोग और सतत विकास पर जोर बढ़ा है। भारत ने भी कुछ नए निवेश समझौतों में स्थानीय उपायों की अवधि पांच से घटाकर तीन वर्ष की है। ऐसे में नए प्रारूप में इस अवधि पर पुनर्विचार जरूरी है। सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र का प्रावधान, निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण व्यवहार और नियामकीय अधिकारों से जुड़े प्रावधान भी स्पष्ट होने चाहिए। निवेश संरक्षण और जनहित के बीच संतुलन ही नए प्रारूप की असली कसौटी होगा।

– *प्रसिद्ध यादव, फुलवारीशरीफ, पटना*

अधिकार और दायित्व

पेट्रोल पंपों को हेलमेट पहनने या प्रदूषण जांच के नियम लागू करने के लिए बाध्य करना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या कोई पेट्रोल पंप यातायात पुलिस की भूमिका निभा सकता है? क्या किसी निजी उपक्रम को दूसरे विभाग के अधिकार और दायित्व अपने हाथ में लेने की अनुमति है? यदि यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ है तो कार्रवाई संबंधित विभाग को ही करनी चाहिए। इसी तरह बिजली उपभोक्ता से वसूली भी बिजली सेवा से जुड़े शुल्क तक सीमित रहनी चाहिए। यातायात जुर्माना और बिजली का बिल दो अलग विषय है, इसलिए दोनों की वसूली और कार्रवाई भी अलग-अलग होनी चाहिए। अलग-अलग विभागों के काम को एक-दूसरे पर थोपने से व्यवस्था सरल होने के बजाय और जटिल होगी। सरकार को ऐसे प्रयोगों के बजाय हर विभाग को उसके अधिकार, संसाधन और जिम्मेदारी के साथ पूरी तरह सक्षम बनाना चाहिए।

– *रमेश कुमार कालरा, लखनऊ*

सुरक्षा का दायरा

अब जब विमान के काकपिट के भीतर से ही खतरे की आशंका सामने आने लगी है, तब पूरे विमान, विशेषकर काकपिट में दृश्य निगरानी की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। काकपिट में लगाए गए कैमरों के जरिए निगरानी नियंत्रण कक्ष से की जा सकती है, ताकि किसी असामान्य गतिविधि का समय रहते पता चल सके। यदि यह व्यवस्था व्यावहारिक न हो तो विमान के अभिलेख यंत्र में केवल काकपिट की बातचीत दर्ज करने के बजाय वहां की गतिविधियों का दृश्य भी सुरक्षित रखने की व्यवस्था होनी चाहिए। दुर्भाग्यवश, अतीव विमान अगर दुर्घटनाग्रस्त हो गया होता, तो शायद दुनिया को विमान के कप्तान मछार की बहादुरी और सह-पायलट की कथित आतंकवादी गतिविधि के बारे में कभी पता नहीं चलता। संभव है कि पिछले वर्ष अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त विमान के काकपिट में भी कुछ ऐसी गतिविधियां हुई हों, मगर दुर्घटना के बाद उसका सच सामने नहीं आ सका।

– *ललित दुबे, रतलाम*

प्रशिक्षण और प्रमाणन

'बहादुरी की मिसाल' (संपादकीय, 2 अक्तूबर) में विमान के कप्तान स्मित मछार की असाधारण बहादुरी और सूझबूझ से 174 यात्रियों की जान बचाने की घटना को उचित रूप से रेखांकित किया गया है। मगर विमान यात्रियों की सुरक्षा किसी एक व्यक्ति की असाधारण बहादुरी पर निर्भर क्यों हो? जिस व्यक्ति को सैकड़ों जिंदगियों और विमान के नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उसकी भर्ती, पृष्ठभूमि-जांच, प्रशिक्षण और प्रमाणन की प्रक्रिया अत्यंत कठोर होनी चाहिए। चालक दल के किसी सदस्य के व्यवहार या सुरक्षा संबंधी चिंता की गोपनीय सूचना देने की सुरक्षित व्यवस्था हो। विभिन्न देशों, विमानन कंपनियों और सुरक्षा एजंसियों के बीच सूचना-साझाकरण मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी पायलट को यात्रियों की जान बचाने के लिए अपने ही काकपिट में संघर्ष न करना पड़े।

– *बृज भूषण गोयल, लुधियाना*

अधिक कदम चलने वाले किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं कम : अध्ययन

एक अध्ययन में पाया गया है कि 11-12 साल की उम्र में रोजाना ज्यादा कदम चलने वाले बच्चों में एक साल बाद मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का जोखिम कम पाया गया। 'द जर्नल आफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) नेटवर्क ओपन' में प्रकाशित अध्ययन के निष्कर्षों में यह भी सामने आया कि रोजाना 12,000 या उससे अधिक कदम चलने का अधिक कदमों और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बना रहा। आंकड़ों में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि एक निश्चित संख्या के बाद अधिक कदम चलने का लाभ बढ़ना बंद हो गया। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि सबसे अधिक कदम चलने वाले किशोरों के मस्तिष्क के उन हिस्सों में भी अंतर देखा गया, जो शरीर की गतिविधियों और मनोदशा से जुड़े हैं। इन अंतर ने कदमों की संख्या और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को समझाने में मदद की। (ए)

सुप्रीम कोर्ट ने कहा


राजमार्गों पर खड़े वाहनों के लिए निगरानी प्रणाली क्यों नहीं

जनसत्ता विशेष

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सवाल किया कि राजमार्गों पर खड़े वाहनों का तुरंत पता लगा लेने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के पास इलेक्ट्रानिक निगरानी प्रणाली क्यों नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति आगस्टीन जार्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नवंबर 2025 में राजस्थान के फालोदी इलाके में हुए एक सड़क हादसे से जुड़े स्वत: संज्ञान वाले मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी।

मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नाडकर्णी ने हाल में हुए कुछ सड़क हादसों का जिक्र किया, जो राजमार्गों पर वाहनों को खड़ा किए जाने के कारण हुए थे। पीठ ने कहा कि एनएचएआइ, जिसके पास सभी संसाधन मौजूद हैं, कोई ऐसी इलेक्ट्रानिक निगरानी प्रणाली क्यों नहीं तैनात कर सकती, जिससे राजमार्गों पर खड़ी की गई किसी भी गाड़ी का तुरंत पता लगाया जा सके?

मामले में पेश एक अधिवक्ता ने कहा कि एनएचएआइ के पास राजमार्गों पर गश्त की व्यवस्था है। पीठ को बताया गया कि इस मामले में कई अंतरिम आवेदन दायर किए गए हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 अक्तूबर के लिए तय की। उसने कहा कि वह राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने से जुड़ी याचिकाओं पर भी विचार करेगी। सितंबर में मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राजमार्गों पर अतिक्रमण और वाहन खड़े किए जाने का मुद्दा उठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर में



सवाल

इस मामले की सुनवाई के दौरान भी राजमार्गों पर अतिक्रमण और खड़े वाहनों का मुद्दा उठाया था। उस समय एनएचएआइ की ओर से पेश वकील ने बताया था कि राजमार्गों पर अनधिकृत पार्किंग की जांच के लिए नियमित निरीक्षण और गश्त से संबंधित सर्कुलर जारी किए गए हैं।

वहीं, न्यायालय मित्र ने कहा था कि राजमार्गों पर वाहनों की अवैध पार्किंग सड़क हादसों का एक प्रमुख कारण है। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और एनएचएआइ को दुर्घटना संभावित ब्लैकस्पाट और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया था। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूद दुर्घटना ब्लैकस्पाट की व्यापक सूची प्रकाशित करने को कहा गया था। कोर्ट ने अपने पहले के निर्देशों में इस बात पर भी चिंता जताई थी कि भारत की कुल सड़क लंबाई में राष्ट्रीय राजमार्गों की हिस्सेदारी करीब 2 फीसद है। लेकिन देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटना मौतों में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि खासकर तेज रफ्तार वाले एक्सप्रेसवे और हाईवे प्रशासनिक लापरवाही या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि खासकर तेज रफ्तार वाले एक्सप्रेसवे और हाईवे प्रशासनिक लापरवाही या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए।

कोर्ट ने अपने पहले के निर्देशों में इस बात पर भी चिंता जताई थी कि भारत की कुल सड़क लंबाई में राष्ट्रीय राजमार्गों की हिस्सेदारी करीब 2 फीसद है। लेकिन देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटना मौतों में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति आगस्टीन जार्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नवंबर 2025 में राजस्थान के फालोदी इलाके में हुए एक सड़क हादसे से जुड़े स्वत: संज्ञान वाले मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी।

मामले में पेश एक अधिवक्ता ने कहा कि एनएचएआइ के पास राजमार्गों पर गश्त की व्यवस्था है। पीठ को बताया गया कि इस मामले में कई अंतरिम आवेदन दायर किए गए हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 अक्तूबर के लिए तय की। उसने कहा कि वह राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने से जुड़ी याचिकाओं पर भी विचार करेगी।

स्वास्थ्य जानकारी के लिए सोशल मीडिया पर छात्रों की निर्भरता बढ़ी

राकेश शर्मा

देश में बढ़ते इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ स्कूली छात्र और शिक्षक भी स्वास्थ्य की हल्की-फुल्की जानकारी के लिए सोशल मीडिया पर निर्भर हो गए हैं। इनमें से कई शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें उक्त जानकारी पर पूरा विश्वास न होने के बावजूद वह संबंधित जानकारी की जांच किए बिना उसे प्रसारित कर देते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के गोरखपुर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के पूर्व व संस्थापक निदेशक डा रजनी कांत व उनके सहयोगी द्वारा किए गए एक शोध में यह तथ्य सामने आए हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो देश में तेजी से बढ़े इंटरनेट के प्रभाव के साथ इसका इस्तेमाल बढ़ गया है। कोरोना महामारी के बाद से लोग स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो गए और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी इंटरनेट से जुटा रहे हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना भी तेजी फैल रही हैं। यह मौजूदा समय में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन गया है। वहीं डाक्टरों का कहना है कि सोशल मीडिया से स्वास्थ्य जानकारी लेकर आए मरीज या उनके परिजन अक्सर डाक्टरों के इलाज पर ही सवाल खड़ा कर देते हैं। कई बार इलाज के लिए डाक्टरों तक को सलाह देने लगते हैं।

अध्ययन

अध्ययन के संबंध में डा रजनी कांत ने बताया कि इस शोध में भारत के पांच राज्य गुजरात, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, असम और आंध्र प्रदेश के 15-15 स्कूलों से लगभग 12-16 साल की उम्र के (कक्षा 9-12 से) 2331 छात्रों को शामिल किया गया। इसमें 1098 (47.1फीसद) छात्र और 1233 (52.9 फीसद) छात्राएं शामिल थीं। वहीं इन्ही राज्यों से 373 शिक्षकों को भी शामिल किया गया। इसमें 129 (34.6 फीसद) पुरुष और 244 (65.4 महिला) रही। इनके बीच मिश्रित-तरीकों वाली जरूरत-आकलन शोध किया गया। अध्ययन के दौरान पता चला कि 97.5 फीसद छात्रों और सभी शिक्षकों के पास इंटरनेट की सुविधा थी। छात्रों के बीच वाट्सएप (88.6 फीसद), यूट्यूब (85.2 फीसद), और इंस्टाग्राम (64 फीसद) सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले प्लेटफार्म थे। इस दौरान सोशल मीडिया (60.5 फीसद) और पारंपरिक मीडिया (58.5 फीसद) दोनों ही स्वास्थ्य जानकारी के मुख्य स्रोत पाए गए। अध्ययन में पता चला कि 88.4 फीसद शिक्षक और 77.7 फीसद छात्रों ने मुख्य रूप से वाट्सएप, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए आनलाइन स्वास्थ्य समाचार खोजे। वहीं 33.2 फीसद शिक्षक जानकारी की सटीकता को लेकर निश्चित नहीं थे, लेकिन इनमें से 55 फीसद ने फिर भी आगे बढ़ा दिया। केवल चार से छह फीसद प्रतिभागियों को गलत जानकारी की पहचान करने के बारे में पहले से परीक्षण मिला हुआ था। उनका कहना है कि अध्ययन के नतीजे ऐसे व्यवस्थित क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों की तत्काल जरूरत पर जोर देते हैं जो सोशल मीडिया साक्षरता को बढ़ाएं, आनलाइन स्वास्थ्य सामग्री के आलोचनात्मक मूल्यांकन को बढ़ावा दें और गलत जानकारी को कम करने और जिम्मेदार आनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल नागरिकता को बढ़ावा दें। उनका कहना है कि इस डिजिटल युग के कई फायदों के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है।



पांच राज्यों में हुआ अध्ययन। अध्ययन के दौरान पता चला कि 97.5 फीसद छात्रों और सभी शिक्षकों के पास इंटरनेट की सुविधा थी। यह भी पता चला कि 88.4 फीसद शिक्षक और 77.7 फीसद छात्रों ने मुख्य रूप से वाट्सएप, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए आनलाइन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी खोजी।

डाक्टरों का कहना है कि सोशल मीडिया से स्वास्थ्य जानकारी लेकर आए मरीज या उनके परिजन अक्सर डाक्टरों के इलाज पर ही सवाल खड़ा कर देते हैं। कई बार इलाज के लिए डाक्टरों तक को सलाह देने लगते हैं।

हवाई अड्डों पर पुख्ता होंगे सुरक्षा इंतजाम, नई रूपरेखा हो रही तैयार

सर्वेश कुमार

हाल में हुए फ्लाईदुबई की उड़ान में हुई घटना ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी को दुनिया भर में सराहना की जा रही है। इस घटना को देखते हुए भारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए हवाई अड्डों और भारतीय एअरलाइंस के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने के लिए मंथन किया जा रहा है। सुरक्षा जांच प्रक्रिया को पुख्ता और आसान बनाने के लिए हवाई अड्डों से संबंधित काम काज में सहूलियतें बढ़ाने, प्रवेश के लिए परमिट बनाने के लिए अब चेहरे का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। इससे हवाई अड्डों में प्रवेश करने से पहले कर्मियों की सुरक्षा जांच प्रणाली और पुख्ता होगी। किसी भी संदिग्ध वस्तु की पहचान के लिए देश के आठ हवाई अड्डों पर फुल बाडी स्कैनर लगाए जाएंगे। नई प्रणाली के तहत आनलाइन प्रणाली को अपनाने से सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

सतर्कता

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा सभी नियामक सेवाओं को एक डिजिटल मंच पर लाया जाएगा। देश के आठ हवाई अड्डों पर पूरे शरीर की स्कैनर की मदद से जांच की जाएगी। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, फुल बाडी स्कैनर में भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए जाएंगे। फिलहाल मंगलसूत्र सहित धार्मिक धागे (कलावा) जैसी वस्तुओं की भी पहचान होती है जिन्हें प्रणाली में अनुमेय वस्तुओं के तौर पर पहचानने की व्यवस्था तैयार की जा रही है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा इंतजामों को बढ़ाने के लिए हवाई अड्डों पर सीटीएक्स मशीन (एक आधुनिक कंप्यूटेड टोमोग्राफी) तकनीक पर आधारित बैगेज स्क्रीनिंग प्रणाली है। सीटीएक्स मशीन की मदद से सभी सामान की थ्री डी जांच होने के साथ ही विस्फोटक पदार्थों का भी आसानी से पता लगाया जा सकेगी। इसके अलावा बीसीएएस द्वारा जल्द ही हवाई अड्डों में विभिन्न कार्यों के सिलसिले में प्रवेश के लिए एअरोड्रोम पंट्री परमिट (एईपी) के लिए कर्मियों के चेहरे का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। यह परमिट केवल योग्य कर्मियों को ही हवाई अड्डे या तयशुदा प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने की इजाजत देता है। मंत्रालय के सचिव के मुताबिक सुरक्षा दिशा निर्देशों के लिए नई रूपरेखा पर विचार किया जा रहा है। देश के सभी हवाई अड्डों से सालाना करीब 15 लाख तक परमिट जारी किए जाते हैं, लेकिन अब इस प्रक्रिया के पूरी तरह से डिजिटल होने से कामकाज में सहूलियतें बढ़ जाएंगी।



सुरक्षा के लिए कर्मियों के चेहरे का होगा सत्यापन, चुनिंदा हवाई अड्डों पर फुल बाडी स्कैनर से होगी जांच।

फ्लाईदुबई की उड़ान में हुई घटना को देखते हुए भारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए हवाई अड्डों और भारतीय एअरलाइंस के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने के लिए मंथन किया जा रहा है।

नई प्रणाली के तहत आनलाइन प्रणाली को अपनाने से सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में तेजी आएगी। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा सभी नियामक सेवाओं को एक डिजिटल मंच पर लाया जाएगा।

पूर्वाभ्यास



गाजियाबाद में मंगलवार को 94वें भारतीय वायुसेना दिवस 2026 से पहले वायुसेना के अधिकारियों ने पूर्वाभ्यास में भाग लिया।

ब्रह्मांड में जीवन के लिए अनुकूल जगहों की तलाश पर मंथन

जनसत्ता विशेष

पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं।

पत्रिका 'मंथली नोटिसेज आफ द रायल एस्ट्रोनामिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है।

जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलाक्स क्षेत्र' कहा जाता है- यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है। वहीं, खगोल भौतिक विज्ञानी ब्रह्मांड की संरचना और उसके विकास का अध्ययन कर यह पता लगा रहे हैं कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं और वे कौन-सी जगहें हैं जहां जीवन पल भर में समाप्त हो सकता है। कोई नया तारा अगर आकाशगंगा के केंद्र के बहुत करीब हो, तो उसे आसपास मौजूद तारों की भारी हलचल का सामना करना पड़ेगा। वहीं, जो तारे बहुत दूर स्थित हैं, वे ऐसे वातावरण में होंगे जहां जीवन के लिए जरूरी रासायनिक तत्वों का अभाव होगा। जिस तरह पृथ्वी सूर्य के चारों ओर मौजूद रहने योग्य क्षेत्र में है, उसी तरह सूर्य भी 'मिल्की वे' के आकाशगंगीय रहने योग्य क्षेत्र में स्थित है। इसलिए तारों से भरे आकाशगंगा के घने इलाकों से दूर रहना बेहतर होगा। ज्यादातर ब्लैक होल छोटे होते हैं और उनसे कोई खास खतरा नहीं होता, लेकिन आकाशगंगाओं के केंद्र में विशालकाय ब्लैक होल मौजूद होते हैं। इनका द्रव्यमान दस लाख से अधिक सूर्यों के बराबर हो सकता है। जब कोई पदार्थ इनके करीब पहुंचकर इनमें समाने लगता है, तो ये बेहद सक्रिय हो जाते हैं और तीव्र विकिरण छोड़ सकते हैं।

हरीश रावत के हर कदम से उत्तराखंड में कांग्रेस को हो रहा है नुकसान

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत के हर कदम से राज्य में कांग्रेस पार्टी को नुकसान हो रहा है। कांग्रेस आलाकमान की मनाही के बावजूद हरीश रावत ने उत्तराखंड में धन्यवाद एवं जनसंवाद यात्रा शुरू की और कहा कि उनके कदम से पार्टी को ही फायदा होगा। हालांकि उत्तराखंड की कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि रावत सात या आठ अक्तूबर को दिल्ली में मिलने आएंगे, तो रावत के तेवर नर्म पड़ गए। हालांकि हरीश रावत ने पार्टी आलाकमान की सख्त चेतावनी को देखते हुए उन्होंने अपनी आगे की यात्राओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

हल्द्वानी के दौरे पर निकले हरीश रावत अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं रावत ने कहा कि वह जल्दी ही दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल से मिलेंगे। हरीश रावत की इस बहुचर्चित यात्रा को पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह और उनके समर्थकों का जबरदस्त साथ मिल रहा था जिससे रावत की स्थिति मजबूत हो रही थी वहीं दूसरी ओर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और हरक सिंह रावत के खेमे को खासी बेचैनी हो रही थी क्योंकि हरीश रावत का उत्तराखंड के मुस्लिम वर्ग और राजपूत वर्ग में अच्छा प्रभाव है और उनकी हरिद्वार और हल्द्वानी में निकली यात्रा में भारी भीड़ देखने को मिली थी। रावत ने हरिद्वार विधानसभा सीट और खानपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जताई थी। उन्होंने अपनी विधायक बेटी अनुपम रावत को हरिद्वार ग्रामीण से दोबारा टिकट देने तथा अपने बेटे आनंद रावत को भी टिकट देने की मांग रखी थी। उनकी इस यात्रा में भारी भीड़ देखकर पार्टी में उनके विरोधी गणेश गोदियाल, यशपाल आर्य और हरक सिंह रावत की जमीन खिसकने लगी और हरीश रावत और प्रीतम सिंह गुट का जनता में प्रभाव बढ़ने लगा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा खेमा हरीश रावत से जुड़ गया और राज्य में कांग्रेस संगठन के साथ-साथ हरीश रावत समर्थकों का एक समानांतर संगठन खड़ा हो। सूत्रों के मुताबिक हरीश रावत की गतिविधियों की सूचना प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आला कमान को दी, जिस पर पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने रावत को चिट्ठी भेज कर अपनी जन संवाद और धन्यवाद यात्रा को रोकने का फरमान जारी किया। जिसे रावत ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया और अपनी यात्रा जारी रखी हरीश रावत पर काबू पाने के लिए पार्टी के बड़े नेता वेणुगोपाल ने रावत को चिट्ठी भेजकर तुरंत अपनी यात्रा रोकने का आदेश जारी किया मामला राहुल गांधी के दरबार में पहुंचने पर हरीश रावत ने अपने कदम पीछे खींच दिए और भी बचाव की मुद्रा में आ गए और उन्होंने अपनी यात्रा बीच में ही रद्द कर दिल्ली जाने का फैसला लिया।

हरीश रावत का कहना है कि उनका मकसद तो केवल कांग्रेस को झकझोरना था। ताकि प्रदेश में सुप्त पड़ी कांग्रेस को जगाया जा सके और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी फिर से सत्ता में आ सके रावत ने कहा कि उनका कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है उनका एजेंडा पार्टी को मजबूत करना है और उत्तराखंड में पार्टी की सरकार बनाना है। उनका मकसद केवल पार्टी और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना व जनता से संवाद कायम करना है।

विश्लेषण



हरीश रावत की उपेक्षा करके गणेश गोदियाल को पार्टी का अध्यक्ष और यशपाल आर्य को नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने बनाया। पार्टी के आला कमान के फैसलों से नाराज रावत ने विधानसभा चुनाव से लगभग 4 महीने पहले जन संवाद धन्यवाद यात्रा के माध्यम से अपनी राजनीतिक गोटी चली और जिसने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय नेतृत्व को बेचैन करके रख दिया। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि हरीश रावत का विधानसभा चुनाव से पूर्व में उठाया गया यह कदम भाजपा को राजनीतिक संजीवनी प्रदान करता है और हरीश रावत चाहते हैं कि वे राज्य के फिर से मुख्यमंत्री बने, वरना कांग्रेस विपक्ष में बैठे हैं और हरीश रावत की हर राजनीतिक चाल कांग्रेस को उल्टी पड़ती है और जिससे भाजपा को फायदा होता है। हरीश रावत कांग्रेस के लिए गले की फांस बने हुए हैं। और भाजपा के राजनीतिक मित्र समझे जाते हैं।

प्रेरणा

आस्था से कही बात और आस्था से किया काम दूसरे तक न पहुंचे, यह ही ही नहीं सकता। -मन्नू भंडारी

संपादकीय

नई विधा में नोबेल भविष्य के लिए आशान्वित करता है

इस वर्ष चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से तीन वैज्ञानिकों ऑटोजेनेटिक्स की नई विधा में उल्लेखनीय काम के लिए मिला है। इसमें प्रकाश के जरिये मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के व्यवहार में बदलाव लाया जा सकता है। इनका शोध दुनिया में ब्रेन-रेटिना बीमारियों के अलावा बुढ़ापे की बीमारियों जैसे पार्किन्सन, अल्जाइमर, मिर्गी, अवसाद, दर्द और अन्य सेंसरी तकलीफों और न्यूरॉन-क्षरण के इलाज में उपयोगी सिद्ध हो सकेगा। ऑप्टोजेनेटिक्स नाम ही इन तीनों वैज्ञानिकों में एक (कार्ल डिसेरोथ) ने 2006 में अपने एक शोध में दिया था। ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में शोध के लिए यह पहला नोबेल है। इसके पहले 1967 में चिकित्सा के ही फिजियोलॉजी विभाग में विजन और न्यूरो सिग्नल्स पर शोध के लिए तीन वैज्ञानिकों को नोबेल से नवाजा गया था। नए शोध से भावी चिकित्सकीय लाभ का आयाम काफी विस्तृत होगा, जिसमें दिमागी बीमारियों के सभी पहलुओं को प्रकाश के जरिये दुरुस्त करने की क्षमता होगी। हाल में मॉड्यूलेबायोलॉजी खासकर जेनेटिक विभाग पर शोधों ने एक नई क्रांति को जन्म दिया है। कृषि में बीजों से लेकर मानव जींस में मॉडिफिकेशन और एडिटिंग से बीमारियों के मूल कारणों को खत्म किया जा रहा है। भारत ने बीजों में मॉडिफाइड जींस पर तो प्रतिबन्ध लगा रखा है लेकिन कृषि वैज्ञानिकों ने चावल और दाल की कई किस्मों पर जीन-एडिटिंग के जरिये प्रतिरोधी-क्षमता विकसित की है और अब उनका प्रयोग शुरू किया जा रहा है। ऑप्टोजेनेटिक्स का यह शोध भी मानव-कल्याण में नई पहल होगी।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

विवाह में एक-दूसरे की आत्मा को स्पर्श किया जाए

जीवनसाथी केवल शरीर का मामला नहीं है। यह रिश्ता आरंभ देह से होता है और समझदारी यह है कि इसका समापन आत्मा पर किया जाए। पूरी दुनिया में इस समय यह एक नया रूप लेता जा रहा है। पिछले दिनों जब मैं कनाडा की यात्रा पर था तो मेरा परिचय कुछ जोड़ों से हुआ और मैंने पाया जैसे वो दिख रहे हैं, वैसे हैं नहीं। उनकी शांति, साथ रहना काफी हद तक अभिनय जैसा लग रहा था। परिवार, संतान, भविष्य, आर्थिक सुरक्षा का तालमेल बनाने के बाद भी अधिकांश जोड़े एक-दूसरे से कहीं ना कहीं असंतुष्ट थे। एक जोड़े ने मुझसे कहा कि जरा भी मतभेद हों तो इच्छा होती है कि हम अलग हो जाएं। लेकिन हमने अपने माता-पिता को बड़े से बड़े मतभेद के बाद भी साथ रहते देखा। वो सही थे या हम? क्यों हम इस रिश्ते को ढोएं? हमने बच्चे पैदा कर दिए, बच्चे बड़े हो रहे हैं, तो अब इस रिश्ते का क्या महत्व? तब मुझे याद आता है ऋषि-मुनियों ने वैवाहिक संस्कार में जो सप्तपदी रची है, उसका आंतरिक भाव यह है कि इस रिश्ते में एक-दूसरे की आत्मा को स्पर्श किया जाए। केवल देह पर टिकेंगे तो यह रिश्ता दम तोड़ देगा। •Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

कौन रखता है?

पत्थरों के शहर में
कच्चे मकान कौन रखता है?
आजकल हवा के लिए
रोशनदान कौन रखता है?

अपने घर की कलह से फुरसत मिले तो सुनें
आजकल पराई दीवार पर कान कौन रखता है?

हर चीज मुहैया है
मेरे शहर में किस्तों पर
आजकल इच्छाओं पर
लगाम कौन रखता है?

बहलाकर छोड़ आते हैं
वृद्धाश्रम में मां-बाप को
घर में अब पुराना सामान कौन रखता है?

सबको दिखता है
दूसरों में बेईमान आदमी
खुद के भीतर मगर
अब ईमान कौन रखता है?
-बिपिन कुमार सिंह, धनबाद, झारखंड
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

युवाओं को नशे से बचाना जरूरी

युवाओं में सिंथेटिक ड्रग्स एवं न्यू साइकोएक्टिव सब्स्टेंस का बढ़ता चलन उनकी प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट कर रहा है। नशा न मिलने पर कुछ युवा अपराध कर रहे हैं। जागरूकता, परिवार का सहयोग, प्रभावी कानून और पुनर्वास के जरिए युवाओं को नशे से बचाना आवश्यक है। **-झंवरलाल नायक,** बीकानेर, राजस्थान

नैतिक मूल्यों का ह्रास चिंतनीय

देश में घोटाले, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी चरम पर पहुंचती नजर आ रही है। आए दिन भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों के पकड़े जाने के बाद भी इनके हौसले बुलंद हैं। नैतिक मूल्यों का यह ह्रास देश व समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है, जो चिंतनीय है।
-पूर्वा लुणावत, छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

मन की प्रयोगशाला

पुरानी आदतें इस वजह से नहीं छूटती हैं

ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेस का एक शोध पुरानी आदतों को नहीं छोड़ पाने के पीछे के विज्ञान के बारे में बताता है। जब हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते तो मस्तिष्क में एसिटाइलकोलाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर का स्तर बढ़ता है। इससे व्यवहार लचीला होता है और हम इसे विकल्प तलाशते हैं। लेकिन किसी कारणवश इस केमिकल का स्राव न बढ़े तो हम चाहकर भी अपने पुराने ढर्रे को नहीं बदल पाते।

बामुलाहिजा • आम धारणा के विपरीत हमारे नेताओं ने ऐसे कई कदम उठाए, जो हमें हार्ड-स्टेट बनाते हैं

क्या भारत सचमुच एक 'सॉफ्ट-स्टेट' है?

राष्ट्रनीति



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
@ShekharGupta

क्या भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' रहा है? क्या उसने अपने दुश्मनों को बहुत फायदा उठाने दिया? क्या हम बार-बार यह नहीं सोचते कि काश हम पटेल, नेताजी, सावरकर के रास्ते पर चले होते। कहा जाता है कि गांधीवादी घुट्टी को नेहरू की शांतिवादी विदेश नीति ने और बुरा रूप दे दिया। लेकिन तथ्य और इतिहास इससे उलटी बात बताते हैं। भारत की जो आर्थिक और सैन्य सीमाएं हैं, उनके हिसाब से तो वह अपनी क्षमता से ज्यादा ही कर गुजरने में सफल रहा है। आधुनिक भारत की छवि पर गांधी की छाया भले रही हो, यह कभी गांधीवादी देश नहीं रहा।

वास्तव में, भारत ने जो पहली लड़ाई लड़ी, उसे गांधी का भी समर्थन हासिल था। गांधी ने आजादी के बाद दसवें सप्ताह में ही देश को यह पाठ पढ़ाया कि अगर लक्ष्य जायज है तो युद्ध जायज है। लायनेल प्रोतीप सेन (जो बाद में लेफ्टिनेंट जनरल बने) 30 अक्टूबर 1947 को 'डायरेक्टोरेट ऑफ मिलिट्री इंटेलिजेंस' में कर्नल के पद पर आसीन थे। कश्मीर में हालात बहुत नाजुक हो गए थे। महाराजा ने कश्मीर के विलय के दस्तावेज पर दस्तखत कर दिया था। भारतीय सेना को श्रीनगर की ओर कूच करने का आदेश दे दिया गया था, और वहां पहुंचते ही उसे झटका लगा था। 161 ब्रिगेड के कमांडर को गोली लगी और उन्हें हटा लिया गया। सेन को तत्कली देकर ब्रिगेडियर बनाया गया। उन्हें श्रीनगर के लिए रवाना होने से पहले राजनेताओं से भी परामर्श करने की सलाह दी गई।

वे सरदार पटेल से मिले, जिन्होंने उनको सलाह दी कि वे कश्मीर रवाना होने से पहले महात्मा को भी सूचना दे दें। गांधी से उनकी मुलाकात 1 नवंबर 1947 की शाम बिरला हाउस में हुई। अपने संस्मरण 'स्लेंडर वाज द थ्रेड' में उन्होंने लिखा- उन्होंने (गांधी) मेरी बातों को ध्यान से सुना। फिर उन्होंने कहा : युद्ध मानवता के लिए एक अभिशाप हैं। वे बिलकुल मूर्खतापूर्ण हैं। उनसे तकलीफ और बरबादी के सिवा कुछ नहीं हासिल होता। एक सैनिक होने के नाते, जो कुछ घंटे बाद ही एक लड़ाई लड़ने जा रहा था, मैं समझ नहीं पा रहा था कि क्या कहूं। मैंने पूछा : कश्मीर में मुझे क्या करना चाहिए? महात्मा गांधी ने मुस्कराते हुए कहा : 'आप बेकसूर लोगों की रक्षा करने, उन्हें तकलीफों से बचाने और उनकी जायदाद को तबाही से बचाने के लिए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस मकसद को पूरा करने के लिए आपको अपने पास मौजूद हर साधन का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए।'

नेहरू की आलोचना की जाती है कि वे कश्मीर मसले को यूएन ले गए। लेकिन तथ्य यह है कि वे सैन्य तर्कों से भी भारत के हितों को मजबूत करने की कोशिश करते रहे। पाकिस्तान आधुनिक हथियारों और सैन्य प्रशिक्षण के बूते जो बहुत बनाने की कोशिश करता रहा, नेहरू उस अंतर को पाटने की कोशिश करते रहे। उस दशक में भारत ने ब्रिटेन से मदद के रूप में नहीं, बल्कि सीधी खरीद के रूप में हंटर विमानों, सेंचुरियन टैंकों को हासिल करना शुरू किया। नेहरू के 17 साल के कार्यकाल में भारत किसी लिहाज से 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं था। उसने पाकिस्तान से लोहा लिया, चीन का मुकाबला किया, हैदराबाद में निजाम/रजाकारों की चुनौती को निबटाया, गोवा को पुर्तगाली कब्जे से आजाद कराया।

उसी दौरान नगा बगावत भी शुरू हो गई थी। नेहरू वहां सेना भेजने और अफस्पा लागू करने में कतई नहीं झिझके। अफस्पा नेहरू की ही देन है। उनके उत्तराधिकारी लाल बहादुर शास्त्री सेना के इस्तेमाल से कश्मीर को हड़पने की पाकिस्तानी कोशिश को हमेशा के लिए नाकाम करने के लिए अमर हो चुके हैं। इंदिरा गांधी का इतिहास तो ज्ञात ही है, जिसमें 1971 की लड़ाई शामिल है। मुझे नहीं लगता कोई व्यक्ति इंदिरा गांधी पर भारत को 'सॉफ्ट स्टेट' बनाने का आरोप लगा सकता है। मिजो बागियों की घेराबंदी तोड़ने के लिए आइजोल पर वायुसेना



नेहरू-इंदिरा से आज तक...

नेहरू के कार्यकाल में भारत किसी लिहाज से 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं था। उसने पाकिस्तान से लोहा लिया, हैदराबाद में निजाम/रजाकारों की चुनौती को निबटाया, गोवा को पुर्तगाली कब्जे से आजाद कराया। अफस्पा नेहरू की ही देन है। 1965 के युद्ध के लिए शास्त्री और 1971 के लिए इंदिरा का नाम अमर है।

के इस्तेमाल का आदेश इंदिरा गांधी ने जनवरी 1966 में शपथ ग्रहण करने के छह सप्ताह के भीतर ही दे दिया था। अपने ही नागरिकों के खिलाफ वायुसेना के इस्तेमाल की नैतिकता पर इतिहास तो बहस करेगा, लेकिन क्या 'हार्ड स्टेट' ठीक यही नहीं किया करते?

मोयरजी देसाई को हम एक शांतिवादी प्रधानमंत्री मान सकते हैं, लेकिन चंद महीनों चली उनकी सरकार ने ही जैगुआर विमानों की खरीद के ऑर्डर दिए थे, जिन्हें भारतीय वायुसेना आज भी उड़ा रही है। इंदिरा गांधी के दूसरे कार्यकाल में ऑपरेशन ब्लू स्टार हुआ, और सियाचिन मसले पर शानदार कदम उठाया गया। उन्हें स्वर्ण मंदिर में सेना भेजनी चाहिए थी या नहीं, इस पर बहस हो सकती है। लेकिन उन्होंने भारत को एक 'हार्ड स्टेट' ही बनाया। राजीव गांधी ने पहली बार भारत की सैन्य शक्ति का इस्तेमाल विदेश में किया। हम श्रीलंका और मालदीव की बात कर रहे हैं। डिफेंस पर उन्होंने जितना खर्च किया, उतना किसी दूसरे प्रधानमंत्री ने नहीं किया। उनकी सरकार के रक्षा बजट ने जीडीपी के 4% की सीमा को तोड़ा। आज अगर कोई युद्ध हुआ तो उसमें वही साजो-सामान इस्तेमाल होंगे, जिनकी खरीद के ऑर्डर राजीव गांधी ने दिए थे। उन्होंने भारत को कहीं ज्यादा 'हार्ड' ही नहीं, बल्कि हस्तक्षेपकारी स्टेट बनाया।

1990 की गर्मियों में पाकिस्तान ने जब परमाणु हथियारों की धमकी दी तो वीपी सिंह की सरकार ने कराग जवाब दिया था। नरसिंह राव ने जिस तरह पंजाब और कश्मीर में बगावत खत्म की, अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारे, वे भारत को 'हार्ड स्टेट' के रूप में बहाल करने की कहानी ही कहते हैं। उनके उत्तराधिकारी अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह ने दो सबसे जोखिम भरे फैसले किए : पोकरण में परमाणु परीक्षण और अमेरिका के साथ परमाणु संधि करने के।

और अंत में, नरेंद्र मोदी का दौर। 'घर में घुसकर मारने' की घोषणा के साथ भारत के सख्त तेवर सामने आए। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट, ऑपरेशन सिंदूर ने न्यू-नॉर्मल का नया पैमाना स्थापित किया। मोदी ने सिर्फ यह भूल की कि अपने शुरू के 11 वर्षों में डिफेंस पर पर्याप्त खर्च नहीं किया और 'एक रैंक, एक पेंशन' के लिए रक्षा बजट में अतिरिक्त प्रावधान नहीं किया। लेकिन मनमोहन सिंह जिसे आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते थे, मोदी राज में उस हथियारबंद माओवाद का खात्मा भी कर दिया गया है। इस सबको 'हार्ड स्टेट' की निशानी ही माना जाएगा।


(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

विश्लेषण • विपक्षी दल अपनी कमियों को भी देखें

भाजपा पर सत्ता-विरोधी लहर का असर क्यों नहीं होता?

एंटी-इंकम्बेंसी



राजदीप सरदेसाई
वरिष्ठ पत्रकार
rajdeepsardesai52@gmail.com

हाल ही में राहुल गांधी ने पूछा था कि एक दशक से अधिक समय तक सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा सत्ता-विरोधी लहर से इतनी अप्रभावित क्यों दिखाई देती है? उन्होंने कहा, मेरी दादी तक 1977 में सत्ता-विरोधी लहर में हार गई थीं। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा चुनावी प्रक्रिया में छेड़छाड़ से ही सम्भव है। यह एक बेहद गम्भीर आरोप है।

राहुल की यह बात तो मानी जा सकती है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को इधर झटका लगा है। एसआईआर के तहत मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और अपीलों पर फैसले में हो रही देरी से पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे हैं। बंगाल में अब तक 22 लाख नागरिक अपील कर चुके हैं। जिन अपीलों पर सुनवाई हुई, उनमें से 93% वैध मतदाता पाए गए हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि बिहार में मतदान जारी रहने के दौरान सरकार को नकद राशि हस्तांतरित करने की अनुमति दी गई, असम में खुलेआम हेट-स्पीच पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, मान्यता-प्राप्त दलों से चुनाव चिह्न छीनकर दलबदल को वैध ठहराने की कोशिशें हुईं और चुनाव कार्यक्रम को सत्तारूढ़ दल के अनुकूल 'समायोजित' किया गया। इसलिए आयोग अपने कामकाज को लेकर उठ रही चिंताओं को महज राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं कर सकता।

लेकिन यहीं राहुल गांधी से गलती होने का भी खतरा है। यह कहना कि भाजपा का चुनावी वर्चस्व मुख्यतः किसी धांधली का नतीजा है, राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़े असुविधाजनक तथ्यों को नजरअंदाज करना होगा। इससे कांग्रेस और विपक्ष को अपनी राजनीतिक कमजोरियों से बच निकलने का अवसर भी मिलता है। सबसे सीधा सवाल ही लीजिए : क्या भारत की चुनावी सर्वेक्षण एजेंसियां भी इस साजिश का हिस्सा हैं? 2014 के बाद से हुए एक के बाद एक चुनावों ने दिखाया है कि नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता अब भी काफी मजबूत है, खासकर हिंदी पट्टी और पश्चिमी भारत के बड़े हिस्सों में। चुनावी सर्वेक्षण कभी-कभी बुरी तरह गलत भी साबित होते हैं, लेकिन इसके पीछे मौजूद वास्तविक परिघटना को ही खारिज कर देना पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में आए बदलाव को न समझ पाने के बराबर है।

भाजपा ने एक बेहद मजबूत राजनीतिक और संगठनात्मक मशीन खड़ी की है, जिसकी बराबरी करने में कांग्रेस संघर्ष करती रही है। उसके पास विशाल कैडर नेटवर्क है, आरएसएस का तंत्र है, गहरे वित्तीय संसाधन हैं, आक्रामक संचार तंत्र है, स्पष्ट वैचारिक आधार है और राष्ट्रीय विमर्श को चुनावी अभियानों में बदलने का पर्याप्त अनुभव है। एक ताकतवर चुनावी मशीन के प्रभाव को समझाने के लिए किसी साजिश के सिद्धांत की जरूरत नहीं है। असली सवाल यह है कि उसका प्रतिद्वंद्वी दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद वैसी ही चुनावी मशीन खड़ी करने में क्यों नाकाम रहा।

इसे 'मोदीत्व' कहें, हिंदुत्व कहें, संगठनात्मक श्रेष्ठता कहें या चुनाव जीतने की क्षमता- भाजपा की सफलता को केवल चुनाव आयोग के खाते में नहीं डाला जा सकता। कांग्रेस को भी अपनी कमियों का जवाब देना होगा।

कांग्रेस की सारी समस्याओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर नहीं डाली जा सकती। नेतृत्व को लेकर खींचतान, संगठन का कमजोर होना, गुटबाजी, दलबदल, राज्यों में कमजोर संगठनात्मक ढांचा और कोई प्रभावी वैकल्पिक राजनीतिक नैरेटिव पेश न कर पाना- इन सबने कांग्रेस के पतन में भूमिका निभाई है। एक के बाद एक कई राज्यों के चुनावों में कांग्रेस भाजपा से मुकाबला करने से पहले ही खुद से लड़ती हुई नजर आई है। ऐसे में आज सवाल यह नहीं है कि मोदी के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर क्यों काम नहीं करती? बल्कि यह है कि विपक्ष सत्ता-विरोधी लहर को एक टिकाऊ राष्ट्रीय विकल्प में क्यों नहीं बदल पाया है? हर हार का ठीकरा अम्पायर पर नहीं फोड़ा जा सकता। आंकड़े हर बात का जवाब नहीं हैं, लेकिन वे राजनीतिक बदलाव की एक झांकी जरूर देते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

नजरिया • मोदी की नीतियों में कृषि-दृष्टि दिखती है

किसान और सरकार के संबंधों में एक मौलिक बदलाव आया है

एग्रीकल्चर



अशोक गुलाटी
कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के पूर्व अध्यक्ष

पच्चीस वर्ष का समय पीछे मुड़कर यह देखने और समझने के लिए पर्याप्त होता है कि नरेंद्र मोदी के शासनकाल के- पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में- भारतीय कृषि के लिए क्या मायने हैं। यह यात्रा अक्टूबर 2001 में गुजरात से शुरू हुई थी, जब मोदी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, और मई 2014 में इसने एक राष्ट्रीय कैनवास का रूप ले लिया।

गुजरात गाथा तो एक कृषि चमत्कार थी। 2001-02 से 2013-14 के बीच गुजरात की कृषि जीडीपी लगभग 9% प्रति वर्ष की दर से बढ़ी, जो प्रमुख राज्यों में सबसे अधिक थी। यह सफलता किसी एक योजना के दम पर नहीं मिली थी, यह पूरे इकोसिस्टम का परिणाम थी। गुजरात ने खेतों तक पानी पहुंचाने और प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल को सहेजने में व्यापक निवेश किया। चेक डैम और खेत-तालाबों ने वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण में मदद की। नर्मदा नहर प्रणाली ने सिंचाई का विस्तार किया, जबकि माइक्रो-इरीगेशन ने किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन लेने में सक्षम बनाया।

बिजली भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। ज्योतिग्राम योजना ने कृषि फीडरों को अलग किया और किसानों को विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराई। इससे सिंचाई अधिक सुनिश्चित हुई और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आया। इसके बाद सड़कों की बारी आई। हर मौसम में चालू रहने वाली ग्रामीण कनेक्टिविटी ने गांवों को बाजारों, बीज-खाद आपूर्तिकर्ताओं, विस्तार सेवाओं और कस्बों से अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ा।

एक दिलचस्प संस्थागत इनोवेशन ज्ञान को किसान तक पहुंचाने का प्रयास था। कृषि महोत्सव और कृषि रथ ने कृषि वैज्ञानिकों, विस्तार अधिकारियों और मिट्टी, पानी, तकनीक तथा उन्नत प्रथाओं से जुड़ी जानकारी को सीधे गांवों तक पहुंचाया। इसका मूल विचार यह था कि किसानों को ज्ञान के लिए संस्थानों तक जाने के बजाय कृषि-ज्ञान स्वयं किसानों तक पहुंचना चाहिए।

पानी, बिजली, सड़क, तकनीक, कृषि-विस्तार और बाजार- जब ये सभी तत्व साथ आए तो किसानों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कृषि विकास का इंजन बन गईं। जो भी राज्य अपने किसानों और अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाना चाहता है, उसके लिए यह आज भी एक अनुकरणीय मॉडल है। मोदी पीएम बने, तो यह कैनवास एक राज्य से बढ़कर पूरे देश तक फैल गया।

गुजरात के अनुभवों को राष्ट्रीय कार्यक्रमों में ढाला गया। जल प्रबंधन पर ध्यान दिया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने वैज्ञानिक मिट्टी परीक्षण और सटीक पोषक तत्व प्रबंधन को मुख्यधारा में ला दिया। सिंचाई को अधिक एकीकृत दृष्टिकोण मिला, जिसमें वाटरशेड विकास, सूक्ष्म सिंचाई और 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' पर अधिक बल दिया गया। अमृत सरोवर पहल ने जल संपत्तियों के निर्माण व कायाकल्प के प्रयासों को नया आयाम दिया।

इन सभी पहलों के पीछे का अंतर्निहित सिद्धांत भारत के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। पानी केवल एक कृषि इनपुट नहीं है; वह कृषि विकास का प्रमुख स्रोत है। मोटे अनाजों (मिलेट्स) को प्रोत्साहन के मोर्चे पर मोदी के प्रयासों को व्यापक समाज का समर्थन भी मिला है, जिसका प्रमाण मिलेट्स की बढ़ती लोकप्रियता है।

पीएम-किसान ने किसानों के हाथों में सीधी आय पहुंचाई। जून 2026 तक, 23 किस्तों के जरिए 4.46 लाख करोड़ से अधिक की राशि स्थानांतरित की जा चुकी है। इसका महत्व सरकार और किसान के बीच प्रत्यक्ष, डिजिटल और पारदर्शी वित्तीय माध्यम स्थापित करने में है, जिसने बिचौलियों के प्रभाव को समाप्त कर दिया। सहकारिता क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इसका अलग मंत्रालय बनाया गया। गुजरात के अनुभव को देखते हुए यह स्वाभाविक भी है, जहां सहकारिता का इकोसिस्टम मौजूद है। मोदी के 25 वर्षों के कार्यों पर दृष्टि डालें, तो कृषि विकास की एक गहरी अवधारणा स्पष्ट दिखाई देती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में कृषि को जमीनी स्तर से समझा और राष्ट्रीय स्तर पर पिछले बारह वर्षों में उन विचारों में से कई को बड़े पैमाने पर लागू किया है। साथ ही कई नई और दूरदर्शी नीतिगत दिशाएं भी सामने आई हैं।

गर्ल्स-प्रोटेस्ट • लड़कियां अब उन जगहों पर दावेदारी कर रही हैं, जो पुरुषों के लिए सुरक्षित मान ली जाती हैं...

सड़कों पर उतरी लड़कियों की नए तेवर वाली भाषा किसे खटकती है?

आधी आबादी



प्रियदर्शन
लेखक और पत्रकार
priyadarshan.parag@gmail.com

यौन उत्पीड़न और लैंगिक हिंसा के खिलाफ दिल्ली में लड़कियों ने अपने प्रदर्शन के दौरान जो नारे लगाए, उन पर सोशल मीडिया में बहस जारी है। 'एक कपड़ेवाली दो समोसा, इन मर्दों का क्या भरोसा' जैसे नारे उन लोगों की संवेदनशीलता को आहत कर रहे हैं, जिन्हें लगता है कि सारे मर्दों को कोसना उचित नहीं। या यह कि वो भाई-पिता और पति भी तो पुरुष होते हैं, जो अपनी बहनों-बेटियों या पत्नियों के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। दूसरा ऐतराज यह है कि ये नारे बड़े हल्के हैं और इनसे यौन उत्पीड़न या बलात्कार जैसे जघन्य मामलों की गंभीरता कम होती है। हालांकि एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो इन नारों में अभिनवता देख रहा है, जेन-जी की बदलती हुई आवाज को पहचान रहा है।

कुल मिलाकर यह स्त्री-भाषा कई पूर्वग्रहों पर चोट कर रही है। एक चोट तो इस धारणा पर है कि लड़कियों को शालीन, सलज्ज और मितभाषी होना चाहिए और ऐसी शब्दावली इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए, जिसमें रुक्षता या खुरदुरापन हो। जबकि लड़कियां पा रही हैं कि शालीनता और सलज्जता ने उन्हें एक आक्रामक मर्दवाद के सामने कुछ वेध्य ही बनाया है। ऐसी कमजोर स्त्रियों के रूप में उनकी छवि बनाई है, जिन पर हमला भी किया जा सकता है और हमले का दोष भी मढ़ा जा सकता है। यानी यह धारणा कि देर शाम तक घूमने वाली, मनचाहे मित्र चुनने वाली या उनके साथ किसी पार्क में जाने वाली लड़कियां अपने हमलावरों को खुद न्योता देती हैं, वे अपनी हालत के लिए खुद जिम्मेदार हैं।

लड़कियां अब न यह बंदिश मानने को तैयार हैं और न अपने ऊपर दोष लेने को। उल्टे वे उन जगहों पर दावेदारी कर रही हैं, जो पुरुषों के लिए सुरक्षित मान ली जाती हैं। उनके नारों को इस निगाह से भी पढ़ने की जरूरत है। घर की रसोई समोसे-कचौड़ी के लिए नहीं जानी जाती है। इनके लिए नुक्कड़ की दुकानों पर जाना पड़ता है, जो अमूमन लड़कों के अड्डे होते हैं। 'शर्म नहीं है मर्दों में, औरत क्यों रहे परदों में' जैसे नारे एक मोटी सच्चाई के विरुद्ध वह बगावत है, जिसके लिए बहुत काव्यात्मक भाषा की नहीं, ठोस इरादे व साझूहिक निश्चय की जरूरत है। लड़कियां यही कर रही हैं।

जहां तक 'मर्द जाति हाय-हाय' का मामला है, क्या वह स्थिति पुरुषों की ही पैदा की हुई नहीं है? जिस देश में हर घंटे तीन-चार दुष्कर्म हो जाते हों, उस देश में स्त्री-सुरक्षा और पुरुष-साहचर्य की बात कितनी खोखली है, इसे बस महसूस किया जा सकता है। और फिर असली बात यह कि ये लड़कियां बस मनुष्यों के भीतर जड़ जमाकर बैठे पूर्वग्रहों पर चोट कर रही हैं। वे उन पिताओं के भीतर पैठी पितृसत्तात्मकता को तोड़ने की बात कर रही हैं, जो दहेज तो जमकर देते हैं, लेकिन बेटियों को संपत्ति में हिस्सा नहीं देते। वे उन भाइयों के मर्दवाद को ललकार रही हैं, जो सुरक्षा के नाम पर बहनों को सड़क पर जाने से रोकते हैं, उन्हें जींस पहनता देख थप्पड़ मारते हैं और अपनी मर्जी से प्रेम करने के दुस्साहस पर ऑनर-किलिंग के नाम पर गोली तक मार देते हैं।

निश्चय ही अब स्थिति कुछ बदली है, लेकिन यह बदलाव भी उन लड़कियों की जिद से ही आया है, जिन्होंने तमाम खतरे उठाकर भी घर से बाहर जाना, नौकरी करना, प्रेम करना चुना और जो अब सड़कों पर नारे लगाने के लिए उतरी हुई हैं। इससे आहत होने से पहले आपको अपने-आप से कई जरूरी सवाल पूछने होंगे। पहला तो यही कि लड़कियां तो बदल गईं, हम खुद को कब बदलेंगे। यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म सख्त कानूनों से रुकने होते तो रुक गए होते, उनके लिए समाज को ही अपने आपको बदलना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

त्योहार की बड़ी छूट, कहीं ठगी का जाल तो नहीं?

दैनिक भास्कर | sk FINANCE

साइबर सुरक्षा अभियान

Co-powered by RKBK REALTY | JECRC UNIVERSITY

+ सोशल मीडिया पर दिखने वाले बेहद सस्ते ऑफर पर तुरंत भरोसा न करें।
+ वेबसाइट का पता और विक्रेता की जानकारी जांचें।
+ अनजान वेबसाइट पर कार्ड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी न भरें।
+ कम कीमत में मिलने वाले सामान के लिए पहले आधिकारिक साइट पर कीमत जांचें।

साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें

मिस्ड कॉल दें 8094-977-977

ऑटोमोबाइल • पेट्रोल मॉडल को चुनौती... अब सीएनजी, हाइब्रिड, इलेक्ट्रिक कारों की बाजार हिस्सेदारी 41 फीसदी

त्योहारों से पहले 1 माह में रिकॉर्ड 4.3 लाख कारें बिकीं

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश के कार बाजार में पसंद बदल रही है। सितंबर में बिकी कारों में सीएनजी/एलपीजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक की कुल हिस्सेदारी 41% रही। पेट्रोल की 41.27% पर सिमट गई। यानी दोनों लगभग बराबरी पर हैं। सालभर पहले पेट्रोल की हिस्सेदारी 47.18% थी। अब इलेक्ट्रिक मॉडलों की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 8.45% हो गई।

डीलरों के संगठन फाडा के मुताबिक, सितंबर में 4.27 लाख कारें बिकीं। यह किसी भी सितंबर की सर्वाधिक बिक्री है। पिछले साल सितंबर के मुकाबले बिक्री 32% और इस साल अगस्त की तुलना में 6.2% बढ़ी है। हालांकि, फाडा के प्रेसिडेंट साई गिरिधर के मुताबिक, पिछले सितंबर में जीएसटी बदलाव से पहले खरीद टलने के कारण तुलना का आधार कमजोर था। इसलिए सालाना उछाल को इसी संदर्भ में देखना चाहिए। डीलरों के पास कारों का स्टॉक अगस्त से पांच दिन बढ़कर 43-45 दिन का हो गया। फाडा का सुझाया स्तर 21 दिन है।

शुभ-लाभ: इस माह और बढ़ सकती है बिक्री, श्राद्ध में टली खरीद मध्य अक्टूबर से डिलीवरी में बदलने की संभावना

नया ट्रेंड: इलेक्ट्रिक-हाइब्रिड मॉडल बढ़े, सीएनजी घटे

ईंधन	सितंबर, 2025	अगस्त, 2026	सितंबर, 2026
पेट्रोल	47.18%	40.85%	41.27%
डीजल	17.76%	17.21%	17.74%
सीएनजी/एलपीजी	22.02%	25.28%	23.11%
हाइब्रिड	7.30%	9.04%	9.44%
इलेक्ट्रिक	5.74%	7.63%	8.45%

सोर्स: फाडा

रैंकिंग: मारुति टॉप, 6 अग्रणी कंपनियों में किआ अव्वल

रैंक	कंपनी	सितंबर में बिक्री	सालाना वृद्धि
1	मारुति सुजुकी	1,69,132	30.05%
2	महिंद्रा	57,343	38.93%
3	टाटा मोटर्स	57,254	28.66%
4	हुंडई	50,201	31.46%
5	टोयोटा	28,050	21.56%
6	किआ	26,663	45.91%

गांव-शहर: सालाना रफ्तार बराबर, लेकिन मासिक उछाल में शहर आगे

सितंबर में यात्री वाहनों यानी कारों की बिक्री शहरों में सालाना 32.11 फीसदी और गांवों में 32 फीसदी बढ़ोतरी हुई। लेकिन फाडा के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त के मुकाबले शहरों में कारों की बिक्री वृद्धि 7.96 फीसदी, जबकि ग्रामीण बाजारों में 3.47 फीसदी रही।

बाकी श्रेणियां: कमर्शियल वाहनों की बिक्री में सबसे तेज 38% उछाल

वाहन	बिक्री	वृद्धि
दोपहिया	17,90,188	33.08%
तिपहिया	1,32,570	22.25%
कमर्शियल	1,03,557	37.62%
ट्रैक्टर	76,906	13.75%

- कमर्शियल वाहनों की बिक्री में उछाल त्योहारों से पहले लॉजिस्टिक जरूरतों नतीजा हो सकता है।
- ट्रैक्टर की बिक्री में धीमी ग्रोथ को मानसून में सामान्य कम बारिश से जोड़कर देखा जा रहा है।

फेस्टिव सीजन: 63% डीलरों के पास बुकिंग बढ़ी, ईवी की वेटिंग लंबी

- **इस बार ज्यादा छूट:** फाडा अध्यक्ष साई गिरिधर के मुताबिक पिछले साल जीएसटी कटौती का लाभ और गाड़ियों की सीमित उपलब्धता के कारण छूट बेहद कम थी। इस बार कीमतों में हुई बढ़ोतरी का असर घटाने के लिए कंपनियां ज्यादा त्योहारी छूट और योजनाएं दे रही हैं।
- **बढ़ रही बुकिंग:** 63% डीलरों ने बुकिंग बढ़ने की जानकारी दी है। 76% को अक्टूबर में बिक्री बढ़ने की उम्मीद। श्राद्ध में टली खरीद अक्टूबर से डिलीवरी में बदलने की संभावना।
- **मांग ज्यादा, आपूर्ति कम:** फाडा अध्यक्ष साई गिरिधर के मुताबिक कई इलेक्ट्रिक कारों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आयातित बैटरियों और जहाजों की उपलब्धता में बाधाएं आपूर्ति प्रभावित कर रही हैं।
- **पसंदीदा तारीख पर कार चाहिए:** ऑटो विशेषज्ञों के मुताबिक शुभ दिन पर इलेक्ट्रिक कार नहीं मिलने से खरीदार पेट्रोल या सीएनजी मॉडल चुन सकते हैं। त्योहारी बिक्री में समय पर डिलीवरी अहम होगी।

ईवी: बैटरी बदलने में गाड़ी की आधी कीमत तक खर्च

ईवी खरीदते समय मरम्मत का खर्च भी ध्यान में रखना जरूरी है। पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के मुताबिक, इलेक्ट्रिक कारों में बीमा दावे की औसत रकम ₹41,543 है, जबकि पेट्रोल-डीजल जैसी कारों में ₹36,185 है। यह तुलना ₹10-15 लाख कीमत वाली, शुरुआती तीन साल की गाड़ियों पर आधारित है। पॉलिसीबाजार के मोटर बीमा प्रमुख पारस पसरीचा के मुताबिक, केवल प्रीमियम देखकर पॉलिसी न चुनें। बैटरी सुरक्षा सहित अतिरिक्त कवर और उनकी शर्तें भी देखें।

- **बैटरी सबसे बड़ा खर्च:** मॉडल के हिसाब से बैटरी बदलने की लागत कार की कुल कीमत का 40-50% तक हो सकती है। महंगे इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, आयातित उपकरण, सीमित मरम्मत सुविधाएं भी खर्च बढ़ाती हैं।
- **बारिश में ज्यादा नुकसान:** रिपोर्ट के मौसमी विश्लेषण में बारिश के दौरान औसत बीमा दावा करीब 65,000 रहा, जबकि बाकी समय 52,000। यानी 25% अधिक।

तनाव • टाटा संस की लिस्टिंग पर खींचतान बढ़ी

चैरिटी कमिश्नर ने ट्रस्ट से 12 अक्टूबर तक जवाब मांगा

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में टाटा संस को लिस्ट कराने के सवाल पर टाटा ट्रस्ट के भीतर चल रही खींचतान पर नियामक अब एक्शन के मूड में है। महाराष्ट्र के चैरिटी कमिश्नर ने ट्रस्ट से 12 अक्टूबर तक जवाब मांगा है। उधर, ट्रस्टियों का एक धड़ा दूसरे धड़े पर गंभीर आरोप लगा रहा है।

दरअसल सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) के वाइस चेयरमैन और ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन ने 24 सितंबर को एक शिकायत दर्ज कराकर ट्रस्ट के कामकाज की जांच की मांग उठाई थी। कमिश्नर ने इसी शिकायत पर जवाब तलब किया है।



सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट को इन सवालों के जवाब देने होंगे

1. ट्रस्टियों की नियुक्ति का तरीका और फैसले की प्रक्रिया क्या रही?
2. टाटा संस से जुड़े मामलों में एसडीटीटी की क्या भूमिका है?
3. नोएल टाटा स्थायी ट्रस्टी और टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन कैसे बने?
4. नोएल के बेटे नेविल को ट्रस्टी बनाने के फैसले में श्रीनिवासन को क्यों शामिल नहीं किया?

नोएल टाटा के समर्थक ट्रस्टियों ने लगाए ये आरोप...

नोएल टाटा, नेविल टाटा, भास्कर भट्ट और वकील दारियस खंबाटा ने श्रीनिवासन और विजय सिंह को चिट्ठी लिखकर ये आरोप लगाए हैं...

रुख पलटना: टाटा संस को अनलिस्टेड रखना ट्रस्ट्स की तय नीति रही है। 28 मई और 28 जुलाई, 2025 के प्रस्तावों में दोनों शामिल थे। अप्रैल, 2026 में उन्हें अचानक लिस्टिंग का 'ज्ञान' हुआ।

बैठकों में चुप रहना: अप्रैल के बाद एसडीटीटी की तीन बैठकों में दोनों ने आईपीओ का समर्थन नहीं किया, सीधे मीडिया में बोले।

फर्ज तोड़ना: चार ट्रस्टियों के मुताबिक, इससे ट्रस्ट के प्रस्ताव और आरबीआई में टाटा संस की अर्जी कमजोर हुई।

शिकायत छिपाना: कमिश्नर को दी गई शिकायतों की जानकारी ट्रस्ट को नहीं दी गई। प्रतियां 1 अक्टूबर को कमिश्नर कार्यालय से मिलीं।

चार ट्रस्टियों ने श्रीनिवासन के आरोप खारिज किए

चारों ट्रस्टियों ने इस आरोप को खारिज किया कि टाटा संस को वे चला रहे हैं। उनके मुताबिक, 17 सितंबर की बैठक में टाटा संस के बोर्ड ने ही ट्रस्ट से क्विकर्पो पर काम करने को कहा था। श्रीनिवासन उस बैठक में मौजूद थे। एसडीटीटी के पास टाटा संस में 27.98% हिस्सेदारी है।

सफर नहीं, स्टे: ब्रिटिश एयरवेज में विमान का केबिन होटल रूम में तब्दील







लंदन | ब्रिटिश एयरवेज अपने ए380 विमानों में होटल जैसी सुविधाएं देने जा रही है। नए 'फर्स्ट सुइट' में बीच की दो सीटों के बीच का डिवाइडर हटाकर साथ सफर करने वाले दो यात्री एक साझा लाउंज बना सकते हैं। इसके अलावा, मिनीबार, लग्जरी गद्दा और कॉटन रजाई भी मिलेगी। 1 अक्टूबर से सभी लंबी उड़ानों में 'फ्रॉम द ग्राउंड' के तहत रोस्ट लैंब रैक और ग्रिल्ड सैल्मन परोसे जाएंगे। वर्ल्ड ट्रैवलर और प्लस में बड़ी स्क्रीन, चौड़ी सीटें और बेहतर बेडिंग होगी। ऊपरी डेक पर 106 क्लब सुइट सीटें दुनिया का सबसे बड़ा बिजनेस क्लास केबिन बनाएंगी।

मेवे के दाम एक साल में 70% तक बढ़ गए

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

इस दिवाली मेवों के गिफ्ट पैक जेब पर भारी पड़ेंगे। जीएसटी 12% से घटकर 5% होने के बावजूद ज्यादातर मेवे रिकॉर्ड भाव पर हैं। नट्स एंड ड्राइफ्रूट्स काउंसिल (इंडिया) के आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ एक साल में इनके दाम 70% तक बढ़ चुके हैं। पिछली दिवाली से तुलना करें तो छिलके वाला पिस्ता 60-70% और बादाम किस्म के हिसाब से 20-40% महंगा है। मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले पेशावरी पिस्ता की कीमत 6 महीने में करीब 40% बढ़कर रिकॉर्ड 4,000 रुपए प्रति किलो हो गई है। काजू, खजूर और अंजीर भी 5-15% महंगे हो चुके हैं। असल में अमेरिका-ईरान जंग से ईरान और अफगानिस्तान से आपूर्ति घटी है, कैलिफोर्निया में बादाम की फसल कमजोर रहने की आशंका है, माल भाड़ा बढ़ा है और रुपया कमजोर हुआ है।

बिजनेस ब्रीफ

हाइफन फूड्स ₹2,000 करोड़ का इश्यू लाएगी

बेंगलुरु | मैकडॉनल्ड्स-केएफसी की सप्लायर हाइफन फूड्स 2028 तक 2,000 करोड़ तक का आईपीओ लाएगी। आईपीओ से जुटाई राशि क्षमता बढ़ाने और घरेलू कारोबार के विस्तार में लगेगी। कंपनी का कारोबार वित्त वर्ष 28 तक करीब 3,500 करोड़ होने का अनुमान है। अभी कुल कारोबार का 75% हिस्सा 40 से ज्यादा देशों को निर्यात से आता है।

UPI से अस्पताल-स्कूल में खर्च की निगरानी होगी

नई दिल्ली | यूपीआई पेमेंट अब खरीदारी नहीं, पढ़ाई और इलाज पर होने वाले खर्च का भी हिसाब देगा। सांख्यिकी मंत्रालय ने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, डॉक्टरों को किए भुगतान को मर्चेंट कैटेगरी कोड से छांटकर हर महीने खर्च का अंदाजा लगाने का प्रस्ताव रखा है। इन पेमेंट्स को महंगाई के हिसाब से एडजस्ट किया जाएगा। इससे सर्विसेज इंडेक्स का दायरा करीब 78.4% तक पहुंचेगा।

एआई रेडीनेस में भारत टॉप-10 देशों में शामिल

नई दिल्ली | भारत वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक एआई रेडीनेस में दुनिया के टॉप-10 उभरते देशों में शामिल हो गया है। देश में एआई प्राइवेट इन्वेस्टमेंट तीन गुना बढ़कर ₹39,536 करोड़ पहुंच गया है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स में कार्यरत प्रोफेशनल्स भी 19 लाख से बढ़कर 23.6 लाख हो गए हैं। मजबूत आईटी सेक्टर और डिजिटल इंफ्रा से भारत को विकास गति देने का बड़ा मौका मिला है।

वेदांता: डिविडेंड बैठक कल, शेयर 4% चढ़ा

मुंबई | वेदांता का शेयर 8 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड मीटिंग से पहले बीएसई पर मंगलवार को 4.53% उछलकर 266.55 पर बंद हुआ। इस बोर्ड बैठक में डीमर्जर के बाद पहली बार इंटरिम डिविडेंड को मंजूरी दी जाएगी। कंपनी ने इसके लिए 14 अक्टूबर 2026 रिकॉर्ड डेट तय की है। 1.04 लाख करोड़ मार्केट कैप वाली कंपनी का 52-वीक हाई 360.70 रुपए है।

पहली छमाही • 83 फीसदी निवेश सिर्फ इक्विटी में

प्रॉपर्टी पर भरोसे का संकेत, रियल एस्टेट में घरेलू पीई निवेश 6 गुना

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-सितंबर में रियल एस्टेट में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश 23% बढ़कर 2.7 अरब डॉलर (करीब 26,000 करोड़ रुपए) हो गया। यह वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के बाद सबसे ज्यादा है। इसकी सबसे बड़ी वजह घरेलू निवेशक रहे, जिनका निवेश करीब छह गुना बढ़ गया। यह प्रॉपर्टी निवेश में बढ़ते भरोसे का स्पष्ट संकेत है।

रियल एस्टेट कंसल्टेंट एनारॉक की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर में घरेलू निवेशकों ने 24 डील के जरिए 1.3 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपए) लगाए, जो पिछले साल की इसी अवधि के 22 करोड़ डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपए) था। कुल पीई निवेश में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी 48 फीसदी हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह सिर्फ 16 फीसदी थी। विदेशी निवेशकों ने छह सौदों में 1.4 अरब डॉलर (करीब 13,500 करोड़ रुपए) लगाए, जो 19 फीसदी ज्यादा है। यानी विदेशी निवेश के अलावा अब घरेलू पैसा भी देश के रियल एस्टेट बाजार को मजबूती दे रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पहली छमाही में कुल निवेश का 83 फीसदी हिस्सा इक्विटी में गया। इसमें डेटा सेंटर की हिस्सेदारी 4 फीसदी से बढ़कर 29 फीसदी हो गई।

एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल के मुताबिक, अब देखना यह है कि घरेलू निवेशक हर छमाही में एक अरब डॉलर (करीब 9,640 करोड़ रुपए) से ज्यादा आगामी महीनों में भी लगाते रहते हैं या नहीं। ऐसा हुआ तो वित्त वर्ष 2026-27 इस मामले में नया रिकॉर्ड साल साबित हो सकता है।

डेटा सेंटर्स, हॉस्पिटैलिटी में निवेश 29% तक बढ़ा

एसेट क्लास	FY26	FY27
ऑफिस	36%	35%
डेटा सेंटर	4%	29%
रेजिडेंशियल	17%	14%
हॉस्पिटैलिटी	0%	12%
लॉजिस्टिक्स	10%	6%
मिक्स्ड यूज	22%	4%
रिटेल	9%	0%

नोट: आंकड़े दोनों वित्त वर्षों की पहली छमाही के हैं, सोर्स: एनारॉक रिपोर्ट

नवी मुंबई शिफ्टिंग • अब 13 और 20 अक्टूबर को फिर होगी बैठक

अदाणी को झटका... मुंबई की 33% अंतरराष्ट्रीय उड़ानें नवी मुंबई भेजने की योजना पर रोक लगी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट की 33% अंतरराष्ट्रीय उड़ानें नवी मुंबई भेजने की योजना



एयरलाइंस के विरोध के बाद फिलहाल टल गई है। सरकार ने अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स से इसे कुछ हफ्ते रोककर एयरलाइंस की सहमति से नई योजना बनाने को कहा है। कंपनी ने 25 अक्टूबर तक ये उड़ानें नवी मुंबई स्थानांतरित करने या बंद करने को कहा था। एयरलाइंस ने इससे उड़ानों का शेड्यूल और यात्रियों की कनेक्टिविटी प्रभावित होने की चिंता जताई थी। मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के पुनर्निर्माण के लिए उड़ानें स्थानांतरित करने की योजना थी। इसकी संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड में अदाणी समूह की 74% हिस्सेदारी है। एएएचएल नवी मुंबई एयरपोर्ट भी संचालित करती है। दिल्ली में हुई बैठक में नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने बदलाव टालने और दोनों पक्षों से ठोस योजना बनाने को कहा। एएएचएल ने दावा किया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट सालाना 50 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने के लिए तैयार है।

अब आगे क्या...

13 अक्टूबर: मुंबई एयरपोर्ट पर बैठक होगी, मंगलवार के फैसलों पर फॉलो-अप होगा।

20 अक्टूबर: एएएचएल की पुरानी समयसीमा तुरंत लागू नहीं होगी।

करीब 90 मिनट की बैठक में एयरलाइंस, एएएचएल, फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस, आईएटीए और एएआई के प्रतिनिधि शामिल हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक चर्चा सकारात्मक रही।

एटीएफ पर टैक्स व पार्किंग शुल्क में छूट की मांग

विमान ईंधन 14% महंगा, त्योहारों में फ्लाइट घटा सकती हैं एयरलाइंस

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट से भारतीय एयरलाइंस का खर्च बढ़ गया है। माह-दर-माह विमान ईंधन (एटीएफ) 14% से ज्यादा महंगा होने से लागत बढ़ी है। कुल ऑपरेशनल खर्च में एटीएफ की हिस्सेदारी 30-40% से बढ़कर 55-60% हो गई है। इसे देखते हुए फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने सरकार से टैक्स और एयरपोर्ट शुल्कों में छूट की गुहार लगाई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि राहत न मिलने पर एयरलाइंस त्योहारों से ठीक पहले उड़ानें कम करने पर मजबूर हो सकती हैं।

इस बीच नागरिक विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार एयरलाइंस और तेल कंपनियों से चर्चा कर रही है। बहरहाल, इंडिगो ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है। एफआईए ने एटीएफ की प्राइसिंग अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की जगह लागत आधारित मॉडल अपनाने की मांग की है। संगठन ने क्रूड-रिफाइंड ईंधन के बीच अंतर 8-12 डॉलर से बढ़कर 60-61 डॉलर प्रति बैरल होने पर प्राइसिंग फॉर्मूले की समीक्षा की मांग की है।

जीसीसी भर्तियों में चेन्नई, हैदराबाद, पुणे सबसे आगे

फ्लेक्सी स्टाफिंग रोजगार 3 माह में 2.6% बढ़ा, जीसीसी-एआई अव्वल

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अप्रैल-जून में देश का फ्लेक्सी स्टाफिंग रोजगार 2.6% बढ़ा है। इसमें एक ही जगह अलग-अलग कंपनियों के कर्मचारी काम करते हैं। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल में 1.14 लाख नए औपचारिक रोजगार जुड़े। इससे कुल फॉर्मल वर्कफोर्स 7.5% बढ़कर 19.5 लाख गई। जीडीपी 7.8% बढ़ने से मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और कंज्यूमर सेक्टर्स में नई नौकरियों को सपोर्ट मिला है। हालांकि कुल आईटी भर्तियों में 3% गिरावट आई, लेकिन जीसीसी और एआई/एमएल जैसे टेक सेक्टरों में 25% तक उछाल भी आया। मई में जीसीसी भर्तियों में चेन्नई (25%), हैदराबाद (20%) और पुणे (16%) सबसे आगे रहे। फ्लेक्सी स्टाफिंग युवाओं के लिए पहली नौकरी का सुलभ जरिया है। ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों में 61% तक 18-25 वर्ष के हैं।

अलर्ट • मिठाई-घी-पनीर पर FSSAI की नजर

त्योहारों से पहले मिलावट पर सख्ती, मार्केट में ही तैनात होंगी जांच वैन

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

नवरात्र और दिवाली से पहले खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाने को कहा है। मिठाई, घी, पनीर, खाद्य तेल और नमकीन का निरीक्षण के साथ सैंपलिंग होगी। नियामक ने यह निर्देश सभी राज्यों के खाद्य आयुक्तों और अपने क्षेत्रीय निदेशकों को भेजा है और इसे 'सबसे जरूरी' श्रेणी में रखा है। त्योहारों में मिठाई, नमकीन, पापड़ पेय पदार्थ, तेल और दूध उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती है। इसी दौरान मिलावटी और नकली माल के बाजार में पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए संवेदनशील और हॉटस्पॉट इलाकों में जांच पर जोर रहेगा। राज्य अपने इलाके के खानपान के हिसाब से जांच की सूची बदल सकेंगे। प्रमुख बाजारों में 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' यानी चलती-फिरती जांच वैन तैनात होंगी। इससे मौके पर ही टेस्टिंग हो सकेगी।

बिजनेस एंकर शेयर बाजार में दौलत तेजी से बनने-बिगड़ने की सबसे बड़ी मिसाल बने टेस्ला के चेयरमैन

मस्क: जून में ट्रिलियनेयर बने, 12 दिन में ही बाहर; अब फिर दौलत 1 लाख करोड़ डॉलर पार, एक दिन में ₹6.26 लाख करोड़ बढ़ी संपत्ति

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

शेयर बाजार में दौलत कितनी तेजी से बनती-बिगड़ती है, इसकी सबसे बड़ी मिसाल टेस्ला के चेयरमैन इलॉन मस्क हैं। तीन महीने बाद वह दोबारा ट्रिलियन डॉलर क्लब (₹96.35 लाख करोड़) में लौट आए हैं। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, स्पेसएक्स और टेस्ला के शेयर चढ़ने से मस्क की संपत्ति एक ही दिन में ₹6.26 लाख करोड़ बढ़कर 1.04 ट्रिलियन डॉलर (₹100.2 लाख करोड़) हो गई। वे दुनिया के सबसे अमीर इंसान हैं।



स्पेसएक्स का शेयर अगस्त के निचले स्तर से अब तक 58% चढ़ चुका

मस्क की 98 फीसदी से ज्यादा संपत्ति स्पेसएक्स और टेस्ला के शेयरों में है, इसलिए इन दोनों के भाव की हर हलचल सीधे उनकी दौलत पर दिखती है। स्पेसएक्स का शेयर अगस्त के निचले स्तर से 58 फीसदी चढ़ चुका है। विश्लेषकों के मुताबिक, स्पेस (अंतरिक्ष) और एआई सेक्टर में निवेश का यह अपेक्षाकृत सस्ता जरिया है। इसी भरोसे ने गिरावट के बाद मस्क को फिर ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा दिया।

सोमवार को स्पेसएक्स का शेयर 7.6% और टेस्ला के शेयर 2.17% चढ़ गए। अक्टूबर की शुरुआत के मुकाबले स्पेसएक्स करीब 13% और टेस्ला 6.7% ऊपर है। अब स्पेसएक्स का मार्केट कैप ₹223.5 लाख करोड़ हो गया है, जबकि टेस्ला का ₹144.5 लाख करोड़। जून में आए आईपीओ के 135 डॉलर (करीब ₹13,007) के भाव की तुलना में अभी स्पेसएक्स करीब 24% ऊपर है। कहानी का असली मोड़ जून में आया। स्पेसएक्स नैस्डेक पर 135 डॉलर के भाव पर लिस्ट हुई और पहले ही दिन 19% चढ़कर 160.95 डॉलर (₹15,508) पर बंद हुई। कंपनी की बाजार वैल्यू ₹212 लाख करोड़ तक पहुंच गई और मस्क करीब ₹106 लाख करोड़ की दौलत के साथ दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए। लिस्टिंग के बाद उनकी दौलत करीब ₹125.3 लाख करोड़ हो गई। फिर निवेशकों को लगा कि कंपनी की वैल्यू बहुत तेजी से बढ़ रही है। इस धारणा के चलते शेयर गिरने लगे। लिस्टिंग के महज 12 दिन बाद, 24 जून तक मस्क की दौलत घटकर ₹92.2 लाख करोड़ रह गई और वे ट्रिलियन डॉलर के क्लब (एकमात्र मेंबर) से बाहर हो गए। जुलाई के आखिर तक उन्होंने ₹57.8 लाख करोड़ से ज्यादा गंवा दिए। अब हवा का रुख फिर बदल गया। जून से अब तक के आंकड़े बताते हैं कि नई लिस्टेड बड़ी कंपनी के शेयर शुरुआती जोश के बाद बीच में झूले और मस्क की दौलत उसी झूले पर सवार रही।

आईपीओ का 39% पैसा कर्ज चुकाने में खर्च हो रहा

भास्कर न्यूज | मुंबई

आईपीओ से कंपनियां जो पैसा जुटा रही हैं, उसका बड़ा हिस्सा कर्ज चुकाने में खप रहा है, नए कारोबार में कम। 2026 के पहले नौ महीनों में फ्रेश इश्यू (कंपनी में आने वाला नया पैसा) से ₹46,712 करोड़ जुटाए गए। इसमें से ₹18,068 करोड़ यानी 39% कर्ज चुकाने के लिए रखे गए। पिछले साल इसी अवधि में यह ₹12,662 करोड़ यानी 32% ही था। क्षमता बढ़ाने, नए प्रोजेक्ट और मशीनरी पर खर्च हुई रकम ₹8,857 करोड़ से बढ़कर ₹10,418 करोड़ हो गई। अधिग्रहण और रणनीतिक निवेश भी ₹534 करोड़ से बढ़कर ₹3,436 करोड़ हो गया। दूसरी तरफ पूंजी मजबूत करने और वर्किंग कैपिटल (रोजमर्रा के खर्चे) की रकम ₹7,534 करोड़ से घटकर ₹4,521 करोड़ रह गई। बांड और विज्ञापन पर खर्च भी ₹471 करोड़ से घटकर ₹341 करोड़ और रिसर्च व डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर ₹750 करोड़ से कम होकर सिर्फ ₹196 करोड़ रह गया।

टाइटन का घरेलू बिजनेस 22%, विदेशी 97% बढ़ा

भास्कर न्यूज | मुंबई

टाइटन के ग्राहक सोने से ज्यादा हीरे जड़े गहनों पर खर्च कर रहे हैं। सितंबर तिमाही में कंपनी का कंज्यूमर कारोबार सालाना 25% बढ़ा। घरेलू कारोबार 22% और विदेशी कारोबार 97% बढ़ा। विदेशी आंकड़ों में दमास ज्वेलरी भी शामिल है, जो जनवरी 2026 से टाइटन में जुड़ी है। ज्वेलरी कारोबार 21% बढ़ा। हीरे-रत्न जड़े गहनों की बिक्री 30% से ज्यादा, जबकि सादे सोने की 20% बढ़ी। घड़ियां 30%, आईकेयर 28% बढ़ा। कंपनी ने 3 महीनों में 78 स्टोर जोड़े। नेटवर्क 3,758 स्टोर का हो गया। बीएसई पर मंगलवार को शेयर1.30% गिरकर ₹4,540 पर बंद हुआ।